e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 04
गुरुवार
04.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जो कुछ भी तुम्हें कमजोर बनाता है – शारीरिक, बौद्धिक या मानसिक उसे जहर की तरह त्याग दो।

ताजा खबरों के लिए देखें

## अवैध खनन व मनी लॉन्ड्रिंग मामला: झारखंड, राजस्थान व पश्चिम बंगाल में ईडी ने दी दबिश

# सीएम के प्रेस सलाहकार, डीसी, डीएसपी सहित 10 ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**साहिबगंज डीसी के सरकारी आवास से 8 लाख रुपये व 9 एमएम पिस्टल की 14 राउंड गोलियां बरामद**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बुधवार की सुबह झारखंड की राजधानी रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव और विधायक पप्पू यादव के ठिकानों पर छापा मारा है। ईडी के अधिकारियों ने इन लोगों के करीब 10 ठिकानों पर दबिश दी। रांची में रातू रोड के शिवपुरी स्थित अभिषेक प्रसाद के घर पर बुधवार की सुबह दो गाड़ियों से पहुंची ईडी की टीम ने दस्तावेज खंगाला। ईडी विनोद सिंह और रौशन के रातू रोड के पिस्का मोड स्थित आवास पर भी छापा मारा है। सभी के घरों को सुरक्षाबलों ने घेर रखा था। बताया गया है कि झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल और राजस्थान में कुछ स्थानों पर ईडी ने दबिश दी। बताया गया है कि अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू (मीडिया सलाहकार, सीएम हेमंत सोरेन), आईएएस रामनिवास यादव (उपायुक्त, साहेबगंज व राजस्थान स्थित आवास), आर्किटेक्ट विनोद कुमार, खो?निया ब्रदर्स (साहेबगंज), पप्पू यादव (देवघर), डीएसपी राजेन्द्र दुबे (हजारीबाग और अन्य जगह) अभय सरावगी (कोलकाता) और अवधेश कुमार के यहां यह कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के केस से जुड़ी बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ईडी की छापेमारी में साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव के सरकारी आवास से आठ लाख रुपये के अलावा नौ एमएम पिस्टल की 14 राउंड गोलियां भी बरामद की गयी है. इसके अलावा कई कागजात भी मिले हैं.

## साहिबगंज : डीसी आवास पर भी छापेमारी

साहिबगंज : 1000 करोड़ से अधिक अवैध खनन मामले में उपायुक्त राम निवास यादव के सरकारी आवास पर ईडी की टीम बुधवार की सुबह 7:30 बजे पहुंची. उपायुक्त के राजस्थान स्थित पैतृक आवास पर भी ईडी की छापेमारी की. वहीं पत्थर व्यवसायी कन्हैया खुडानिया के चौक बाजार स्थित आवास पर छापेमारी की गई. ईडी दूसरी बार यहां पहुंची है. साहिबगंज सदर के एसडीपीओ राजेंद्र दुबे के पैतृक आवास हजारीबाग सहित अन्य जगहों पर भी छापेमारी की सूचना है. एक टीम मिर्जोचौकी स्थिति पतरू सिंह के यहां छापेमारी की. कुल मिलाकर जिले से जुड़े चार लोगों के कई ठिकानों पर छापेमारी की गई. मंगलवार को ईडी की गिरफ्त से फरार दाहू यादव का बेटा राहूल यादव ईडी कर्यालय में जाकर हाजिर हुआ, जहां से न्यायिक हिरासत में होटवार जेल भेज दिया गया. उपायुक्त रामनिवास यादव, डीएमओ विभूति कुमार, पंकज मिश्रा, दाहू यादव, सहित अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है.




**झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल और राजस्थान में कुछ स्थानों पर ईडी ने दबिश दी है।**

**ईडी विनोद सिंह और रौशन के रातू रोड के पिस्का मोड स्थित आवास पर भी छापा मारा गया है।**

**यह कार्रवाई अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के केस से जुड़ी बताई जा रही है।**

### हजारीबाग : डीएसपी के आवास पर इडी का छापा

हजारीबाग : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के बेहद करीबी माने जाने वाले साहिबगंज के डीएसपी राजेन्द्र दुबे के शिवपुरी स्थित आवास पर अहले सुबह साढ़े छह बजे ईडी की टीम उनके घर में दस्तक दी। 2 इनोवा गाड़ी से लगभग 15 सदस्यीय टीम छापेमारी करने पहुंची। राजेंद्र दुबे लगभग 3 वर्षों से डीएसपी के पद पर साहिबगंज खनन क्षेत्र में पदस्थापित है। प्रवर्तन निदेशालय पंकज मिश्रा के खनन मामले में डीएसपी राजेंद्र दुबे को पूछताछ के लिए रांची पहले भी बुला चुकी है। डीएसपी राजेंद्र दुबे 1994 बैच के एसआई हैं। राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित राजेंद्र दुबे बहुत ही कम समय प्रोन्नति प्राप्त कर डीएसपी बने। श्री दुबे मूल रूप से इचाक प्रखंड के तिलरा गांव के रहने वाले हैं। हजारीबाग के शिवपुरी के अलावे गांव में आलीशान मकान है, जबकि रांची में करोड़ों रुपये की जमीन भी है।

## सीएम हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सत्तारूढ़ दल की हुई बैठक, विधायकों ने कहा

# हेमंत सीएम हैं और रहेंगे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सत्तारूढ़ दल के मंत्री और विधायक गणों की अहम बैठक हुई। इस बैठक में राज्य के ताजा राजनीतिक हालात पर विशेष रूप से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने पूरे घटनाक्रम पर अपनी बात रखते हुए सभी को इससे अवगत कराया।

इस मौके पर सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री के प्रति अपना पूरा विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा उनके साथ हैं और आगे भी बने रहेंगे। किसी भी तरह की स्थिति में वे सभी पूरी तरह एकजुट हैं और मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के खिलाफ किसी भी तरह की साजिश को सफल नहीं होंगे। उन्होंने यह भी कहा की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास और जनहित में लगातार कार्य कर रही है और यह निरंतर जारी रहेगा। बैठक में कांग्रेस, राजद, झारखंड मुक्ति मोर्चा माले सहित सभी विधायक मौजूद थे।

कुछ विधायक नदारद भी रहे। जो अटकलें मीडिया के माध्यम से लगाई जा रही थी उन तमाम अटकलों को विधायकों ने खारिज किया। मुख्य रूप से जामताड़ा इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार बहुत अच्छी तरह से चल रही है। आगे भी चलेगी। जो लिफाफा खोला गया उसे लिफाफा से खिलता हुआ सरकार का चेहरा नजर आया। इसी खुशियों के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। वहीं विधायक बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि भाजपा अपने नाकामियों को छुपाने के लिए तरह-तरह के अफवाहें फैला रही है। ऐसा कुछ भी नहीं है। सरकार बेहतर चल रही है और आगे भी चलेगी। इसके अलावा राजेश कच्छप, विल्सन कोंगाड़ी, उमाशंकर अकेला, आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता सहित जेएमएम के भी लगभग कई विधायकगण इस बैठक में शामिल थे। बता दें कि झामुमो नेता सरफराज अहमद के गांडेय विधानसभा सीट से इस्तीफा देने और ईडी द्वारा सातवां समन भेजे जाने के बाद झारखंड की राजनीति में हलचल है।

दो दिनों तक कई तरह की चर्चाएं होती रहीं। सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन का भी नाम सीएम के रूप में उछलता रहा। इस मानले को लेकर विपक्ष भी सीएम को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। सताधारी दलों की बैठक के बाद स्पष्ट हो गया कि सीएम इस्तीफा नहीं देंगे।

अब इन चर्चाओं पर विराम लग गया। सबकी निगाहें अब ईडी के एक्शन पर है।

## क्विक न्यूज

### जाली नोट तस्करी का मास्टरमाइंड चढ़ा एसटीएफ के हत्थे

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने मालदा जिले में जाली नोट तस्करी के मास्टरमाइंड को धर दबोचा है। उसकी पहचान 42 साल के सबीरुद्दीन मोमिन के तौर पर हुई है। जिले के कालियाचक थाना अंतर्गत शेरशाही रानाचक के रहने वाले सबीरुद्दीन के बारे में 31 दिसंबर की रात गिरफ्तार किए गए मोहम्मद आजीरुद्दीन मोमिन (21) ने जानकारी दी थी। एसटीएफ के उपायुक्त आईपीएस वी सोलमन नेशा कुमार ने बुधवार को बताया कि आजीरूद्दीन की गिरफ्तारी के बाद उससे लगातार पूछताछ की जा रही थी। उसी ने मालदा जिले के मास्टरमाइंड सबीरुद्दीन के बारे में जानकारी दी जिसके बाद मंगलवार देर शाम उसके घर छापामारी की गई। मौके से 45 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए गए हैं। उसे भी गिरफ्तार कर उसके खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 120बी, 489 बी और 489 सी के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

### कूनो नेशनल पार्क में तीन नए शावकों का हुआ जन्म

**नई दिल्ली :** नए साल पर मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से खुशखबरी आई है. यहां मादा चीता आशा ने 3 शावकों को जन्म दिया है. इसे लेकर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने पोस्ट किया. उन्होंने कहा कि नामीबियाई चीता आशा ने मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कुनो नेशनल पार्क में तीन शावकों को जन्म दिया है. उन्होंने इस डवलपमेंट को प्रोजेक्ट टाइगर की बड़ी सफलता करार दिया. केंद्रीय मंत्री ने पोस्ट में कहा कि परियोजना में शामिल सभी विशेषज्ञों, कूनो वन्यजीव अधिकारियों और भारत भर के वन्यजीव प्रेमियों को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई. उन्होंने इसे पारिस्थितिकी संतुलन को बहाल करने के लिए पीएम मोदी द्वारा परिकल्पित प्रोजेक्ट चीता के लिए एक बड़ी सफलता करार दिया.

### श्री राजपूत करणी सेना के प्रमुख की हत्या का मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** जयपुर में श्री राजपूत करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की उनके घर पर की गई नृशंस हत्या के मामले में मुख्य संदिग्ध अशोक मेघवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है. इस केस में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. एंटी टेरर एजेंसी एनआईए की तीन टीमों ने राजस्थान के पिलानी के एक गांव में लगभग 10 घंटे तक छापेमारी की. राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से राजस्थान और हरियाणा में कुल मिलाकर 31 स्थानों पर छापे मारे गए.एनआईए की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि छापेमारी में बड़ी संख्या में पिस्तौल, गोला-बारूद, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और डीवीआर और अन्य डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ आर्थिक लेनदेन से जुड़े अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए.

### खूबसूरत मॉडल की गोली मारकर हत्या

**गुरुग्राम :** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक खूबसूरत मॉडल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मॉडल की पहचान दिव्या पाहुजा के रूप में हुई है। वह गैंगेस्टर संदीप गाडोली की गर्लफ्रेंड रह चुकी है। दिव्या पाहुजा की होटल में गोली मारकर हत्या कर दी गई और उनके शव को भी ठिकाने लगा दिया गया। आरोपी होटल से शव को निकालते हुए सीसीटीवी में कैद हो गए। जिसके बाद गुरुग्राम पुलिस ने होटल मालिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अभी तक शव को बरामद नहीं कर सकी है। मिली जानकारी के मुताबिक, मॉडल दिव्या पाहुजा होटल मालिक के साथ न्यू ईयर मनाने आई थी।

### देश के 11 राज्यों में पहुंचा कोरोना का नया वेरियंट जेएन.1, अबतक 511 मामलों की पुष्टि

**नई दिल्ली :** देश में जहां कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी हो रही है वहीं इसके नए वेरियंट जेएन.1 के 511 मामलों की पुष्टि की जा चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस नए वेरियंट जेएन.1 के मामले अबतक 11 राज्यों में मिले हैं। इनमें कर्नाटक से 199, केरल से 148, गोवा से 47, गुजरात से 36, महाराष्ट्र से 32, तमिलनाडु से 26, दिल्ली से 15, राजस्थान से 4, तेलंगाना से 2, ओडिशा से 1 और हरियाणा से 1 मामले की पुष्टि की गई है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जेएन.1 को इसके तेजी से वैश्विक प्रसार के बाद इसे निगरानी में रखे जाने वाले स्वरूप के रूप में वर्गीकृत किया है लेकिन साथ ही सीमित उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जेएन.1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कम आंका है। यह वेरियंट ऑफ इंटरेस्ट है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्यूनतम | 10° |

## हिंडनबर्ग मामले में अदाणी समूह की बड़ी जीत

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा : तीन महीने में जांच पूरी करे सेबी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों पर सेबी की जांच में दखल देने से इनकार किया है। तीन जजों की बेंच ने अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों से जुड़े मामले में फैसला सुनाया है। अदालत ने सेबी को 22 मामलों की जांच सौंपी थी जिसमें दो की जांच बाकी है।

न्यायालय ने सेबी को तीन महीने में लंबित जांच पूरी करने का निर्देश दिया है। अदाणी समूह को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह नियामकीय व्यवस्था के दायरे में नहीं आ सकता और हिंडनबर्ग की रिपोर्ट या ऐसी कोई भी चीज अलग से जांच के आदेश का आधार नहीं बन सकती। अदालत ने कहा कि सेबी आगे बढ़ेगा और कानून के अनुसार अपनी जांच जारी रखेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह साबित करने का कोई आधार नहीं है कि सेबी ने कदम उठाने में ढिलाई बरती। इसके अलावा, अदालत ने कहा कि वर्तमान में मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने का कोई आधार नहीं है।

फैसले में आगे कहा गया है कि सरकार और सेबी शॉर्ट-सेलिंग पर हिंडनबर्ग की ओर से लगाए गए कानून के उल्लंघन के आरोपों, यदि कोई हो, की जांच करेंगे और इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने केन्द्र सरकार और सेबी से नियामकीय ढांचे को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों पर विचार करने को कहा है। उच्चतम न्यायालय ने अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में विशेष जांच दल से जांच कराने से इंकार किया है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में दावा किया है कि अरबपति गौतम अदाणी ने कॉरपोरेट इतिहास में सबसे बड़ी धोखाधड़ी की है। पिछले महीने कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट में जो कुछ कहा गया है, उसे पूरी तरह से सही नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अदाणी समूह के चेयरमपर्सन गौतम अदाणी ने ट्वीट किया,सुप्रीम कोर्ट का फैसला दिखाता है कि- सच्चाई की जीत हुई है। मैं उन लोगों का आभारी हूं जो हमारे साथ खड़े रहे। भारत की विकास गाथा में हमारा विनम्र योगदान जारी रहेगा।

# पीएम मोदी ने लक्षद्वीप में 1,156 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप में 1,156 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. उन्होंने यहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक इस देश में जिनकी सरकारें रही हैं, उनकी प्राथमिकता अपने दल का विकास रहा है. हमारी सरकार ने समुद्री एरिया का विकास और बार्डर एरिया का विकास किया है.

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने हज यात्रियों की सहूलियत के लिए जो प्रयास किया है उसका भी लाभ लक्षद्वीप के लोगों को मिला है. हज यात्रियों के लिए वीजा नियमों को आसान बनाया गया है. हज से जुड़ी ज्यादातर कार्रवाई अब डिजिटल होती है. सरकार ने महिलाओं को बिना महरम हज जाने की भी छूट दी है. इन्हीं सब प्रयासों की वजह से उमराह के लिए जाने वाले भारतीयों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है. लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि लक्षद्वीप भले ही छोटा है, मगर इसका दिल बहुत बड़ा है. मैं यहां मिल रहे प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं. मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं. उन्होंने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक केंद्र में रही सरकारों की एकमात्र प्राथमिकता अपने-अपने राजनीतिक दलों का विकास करना था. पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने सीमावर्ती इलाकों और समुद्री इलाकों को अपनी प्राथमिकता बनाया है.प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप में इंटरनेट कनेक्टविटी को लेकर बात की. उन्होंने कहा कि 2020 में मैंने आपको गारंटी दी थी कि अगले 1000 दिनों के अंदर आपको तेज इंटरनेट की सुविधा मिलेगी. आज कोच्चि-लक्षद्वीप सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया है. अब लक्षद्वीप में 100 गुना ज्यादा स्पीड से इंटरनेट मिलेगा.

# ईरान में धमाका,103 की मौत



एजेंसी

**तेहरान :** ईरान के केरमन शहर में दो जोरदार धमाके हुए, जिसमें 103 लोगों की मौत हो गई. जबकि 170 घायल से अधिक लोग घायल हो गए. ये धमाके देश के पूर्व जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास हुए. ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया है कि सुलेमानी की हत्या की चौथी बरसी पर हो रहे कार्यक्रम के दौरान ये धमाके हुए. ईरान के उप गवर्नर ने इस घटना को आतंकवादी हमला करार दिया है. अमेरिका ने जनरल क़ासिम सुलेमानी को साल 2020 में एक ड्रोन हमले में मारा था. ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बाद सुलेमानी को देश के सबसे ताक़तवर लोगों में गिना जाता था. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियोज में सड़क पर कई शव दिखाई दे रहे हैं.

ईरानी राज्य मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में विस्फोट के बाद इलाके में बड़ी भीड़ भागती हुई दिखाई दे रही है. ऐसे में मृतकों की संख्या अभी बढ़ भी सकती है.ईरान के राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा संगठन के प्रवक्ता बाबाक येक्टा परास्ट ने कहा है कि विस्फोटों में मारे गए लोगों की संख्या और बढ़ने की संभावना है. अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने टेलीफोन पर सरकारी टेलीविजन को बताया कि हमें जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि कई घायल बहुत गंभीर हालत में हैं. उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवश्यकता पड़ती है तो आपातकालीन सेवा हेलीकॉप्टर मरीजों को करमान से राजधानी तेहरान के अस्पतालों में ले जाने के लिए तैयार हैं.

### असम : बस-ट्रक की टक्कर में 12 की मौत, 25 घायल

**नई दिल्ली (एजेंसी):** असम के गोलाघाट जिले में भीषण हादसा हुआ है. एक बस और ट्रक की टक्कर में करीब 12 लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हुए हैं.यह दुर्घटना गोलाघाट के डेरगांव के पास बलिजान इलाके में बुधवार की सुबह करीब 5 बजे हुई. यह जानकारी गोलाघाट एसपी राजेन सिंह ने दी है. जिला पुलिस ने बताया कि असम के गोलाघाट जिले के डेरगांव इलाके के पास बस एक ट्रक से टकरा गई, इस घटना में कई लोगों की मौत हो गई।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बालू की नीलामी संपन्न

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में बुधवार को अवैध खनन कर भंडारित किए गए जप्त बालू की नीलामी को लेकर उप विकास आयुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। 5 लाख 30 हजार में 30 हजार घन फुट बालू की नीलामी हुई। नीलामी के दौरान 15-15 हजार घनफुट के लिए अलग-अलग की बोली लगाई गई।नीलामी में भाग कई संवेदको ने लिया जिसमें अंबिका दुबे द्वारा 2 लाख 30 हजार एवं स्वर्णिम कंस्ट्रक्शन के द्वारा 3 लाख की अधिकतम बोली लगाकर 15-15 हजार बालू खरीदी गई। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी पूरी प्रक्रिया के तहत की गयी, संवेदक को नीलामी की राशि दस दिनों के अंदर विभाग मे जमा करवाना होगा मौके पर उपायुक्त द्वारा गठित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### आगामी लोकसभा आम चुनाव को लेकर विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर :** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित विषयों पर बुधवार को विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान, वूलनेरेबिलिटी मैपिंग, पोलिंग पार्टी एन्ड पोल डे अरेंजमेंट, पोलिंग स्टेशन, इलेक्ट्रोल रोल ईआरओ-नेट, स्वीप, आईटी एप्लीकेशन विषय पर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# 5 जनवरी से होगा स्वर्गीय अनिल चौरसिया फुटबॉल टूर्नामेंट

## मैच का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी करेंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मझिगावां पंचायत में स्वर्गीय अनिल चौरसिया की याद में राजस्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजन किया जा रहा हैं। डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने बताया कि दिनकर स्पोर्टिंग क्लब लोकया के तत्वाधान में पांच जनवरी से 11 जनवरी तक राजस्तारिय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। जिसका मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री



सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद विष्णुदयाल राम, भवनाथपुर विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही, पाटन छतरपुर विधायक पुस्पा देवी, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, पूर्व सांसद मनोज भुईयां है।साथ ही उन्होंने कहा कि लोकेया खेल मैदान में सभी कार्यकर्ता के साथ बैठक कर पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया के यादगार में निरंतर जिला स्तरीय व राजस्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होता रहें उनका विरासत लोगो के बीच यादगार बना रहा इसको लेकर बैठक किया गया। प्रत्येक हर वर्ष फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होता रहे इस पर मंथन किया गया।स्वर्गीय अनिल चौरसिया के यादगार में जिला एंव राजस्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में 5 जनवरी को बिहार व छत्तीसगढ़ की टीम खेलेगी, इसके बाद 6 जनवरी को भंडरिया एव बक्सर की टीम खेलेगी, 7 जनवरी को पलामू व सोनभद्र की टीम खेलेगी, 8 जनवरी को कोलकता व मुगलसराय की टीम खेलेगी, इन चार में दो टीम सेमी फाइनल मे 9 से 11 जनवरी तक खेलेगी। बैठक में जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य विकास चौरसिया, उप प्रमुख सुनील सिंह, भीष्म चौरसिया, अशेष चौरसिया, जय कुमार दुबे, र ागवेंद्र तिवारी, अमलेश चौरसिया, सुनील प्रसाद, ब्यास चौरसिया सहित बड़ी संख्या में शामिल थें।

## अबुआ आवास योजना को लेकर हुआ ग्राम सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती सलैया पंचायत सचिवालय में बुधवार को अबुआ आवास योजना के चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया, ग्राम सभा में पंचायत के सभी गांव के काफी संख्या में लाभुक पंचायत सचिवालय पहुंचे थे। मुखिया कमला देवी ने कहा की आवास योजना को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था, करीब सात सौ आवेदन आवास के लिए आया है, योग्य लाभुक छुटे नही इसके लिए पूरे पारदर्शिता के साथ चयन किया जा रहा है। मुखिया ने ग्राम सभा में आये सभी लाभुकों को आवास चयन के लिए किसी को भी पैसा नही देने की बात कही, साथही कोई भी बिचौलिया, कर्मी पैसा की मांग करता है तो सीधे मुखिया को सुचना देने का काम करे, वैसे लोगों को जेल भेजने का काम किया जाएगा। मौके पर पंचायत सेवक निरंजन सिंह, समाजसेवी सनोज गुप्ता सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इधर सरसोत पंचायत सचिवालय में मुखिया विनय कुमार सिंह के अध्यक्षता में अबुआ आवास योजना के चयन के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मुखिया ने बताया की सभी योग्य लाभुकों का चयन किया जा रहा है।

## प्रधानाध्यापक ने बच्चों को मिठाई खिलाकर मनाया अपना जन्म दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के ग्राम चोरदांडा में अवस्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय के प्रधानाध्यापक सह अध्यक्ष, रामगोविंद राम शिक्षक रविदास विकास समिति इकाई नौड़ीहा बाजार के अपने विधालय के अध्यनरत छात्र -छात्राओं के 56 वीं जन्म दिवस पुरा करने के उपलक्ष्य मे शिक्षण सामग्री का वितरण किया। साथ ही साथ सभी बच्चों के आलावा अभिभावक के अपने हाथों से मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। इस मौके पर शिक्षक लल्लू राम, समाजसेवी भोला राम, संजीत कुमार शिक्षक, संतोष कुमार शिक्षक, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, मुकुंद भारती समेत काफी संख्या मे मौजूद छात्र -छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया जन्म बधाई दिया।

## एसडीओ से मिला भाजपा का शिष्टमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भारतीय जनता पार्टी के एक सिस्ट मंडल पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य वरिष्ठ नेता राम प्रवेश सिंह जी के नेतृत्व में वर्तमान पदस्थापित एसडीओ हुसैनाबाद प्रशिक्षु आईएएस ऑफिसर श्री आशीष गंगवार से उनके कार्यालय पर सौजन्य मुलाकात किया इस दौरान हुसैनाबाद क्षेत्र में व्याप्त जनहित की कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराई गई जिस पर आईएएस ऑफिसर श्री गंगवार ने प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं को निराकरण करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह, उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान, मंडल उपाध्यक्ष ललन यादव जी, एवं अखिलेश कुमार सिंह ने सौजन्य मुलाकात किया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन आज से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी पंचायतों के लिये तिथि निर्धारित करते हुये विभागीय पदाधिकारियों को जानकारी दिया है। प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, अंचल पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, सहायक अभियंता पीएचडी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, बीटीएम जेएसएलपीएस, प्रखंड कोर्डिनेटर पंचायत राज, प्रखंड कॉर्डिनेटर प्रधानमंत्री आवास, इंडियन गैस एजेंसी नगर ऊंटारी को विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य एवं प्रचार प्रसार का कार्य करने हेतु पंचायत स्तरीय निर्धारित कार्यक्रमों में प्रमाण पत्र, पंजीयन, स्वास्थ्य जांच, केसीसी, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, ड्रोन से उर्वरक छिड़काव, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड योजनाओं का स्टाल लगाने के लिए विभागवार निर्देशित किया है.उक्त कार्यक्रम का डॉक्यूमेंट वीडियो फोटो तैयार कर विकसित भारत संकल्प यात्रा के पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करने हेतु सभी पंचायत सचिव को नोडल पदाधिकारी तथा एक से अधिक पंचायत का प्रभार होने की स्थिति में एक पंचायत में पंचायत सचिव एवं दूसरे पंचायत में संबंधित रोजगार सेवक कार्यक्रम हेतु नोडल पदाधिकारी होंगे। इसके साथ ही पंचायत सचिवालय में ही विकसित भारत अभियान के वाहन चालक को रहने एवं खाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। इस कार्यक्रम का आयोजन 4 जनवरी 24 को पंचायत सचिवालय कुम्बाखुर्द में, 5 जनवरी 24 को 11 बजे से पंचायत सचिवालय बिलासपुर में तथा 2 बजे से हलिवंता कला पंचायत में, 6 जनवरी 24 को पीपर डीह पंचायत सचिवालय में 11 बजे से तथा दो बजे से पंचायत सचिवालय हलिवंता कला में, 6 जनवरी 24 को पंचायत सचिवालय पिपरडीह में 11बजे से तथा 2 बजे से पंचायत सचिवालय चितबिश्राम में, 7 जनवरी 24 को पंचायत सचिवालय नरही में 11 बजे से तथा दो बजे से पंचायत सचिवालय को कुशदण्ड में, 8 जनवरी 24 को पंचायत सचिवालय हुलहुलाखुर्द में 11 बजे से, तथा दो बजे से पंचायत सचिवालय गरबाँध में, 9 जनवरी 24 को पंचायत सचिवालय भोजपुर में 11बजे से तथा दो बजे से पंचायत सचिवालय कधवन में, तथा 10 जनवरी को पंचायत सचिवालय कोलझिकि में 11 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

## त्रिवेणी एक्सप्रेस पुनः चलाने को लेकर पलामू संसद से जनता ने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** त्रिवेणी एक्सप्रेस जो पहले बरवाडी, गढ़वा रोड सिंगरौली होते हुए बरेली के लिए जाती थी, यह ट्रेन कोरोना काल से ही बंद हो गई है। यह ट्रेन का चार बोगी चोपन से कट कर, लिक के रूप में बरवाडी आई थी जो बंद हो जाने से पलामू की जनता को यात्रा करने में काफी कठिनाई हो रही है। यह ट्रेन से पलामू की जनता लखनऊ, विंध्याचल, इलाहाबाद, के लिए निकलते थे, ज्यादातर लोग इलाज हे तू लखनऊ पीजीआई के लिए ज्यादा संख्या में इस गाड़ी से यात्रा करते थे, इसे लेकर ग्रामीण जनता ने पलामू संसद विष्णु दयाल राम से इस गाड़ी को फिर से शुरुआत करने की मांग की है। मौके पर उपस्थित डॉक्टर नरेंद्र पांडे, सरयू प्रसाद पांडे, बगेंद्र पांडे थे।

# अबुआ आवास को लेकर किया गया ग्राम सभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अबुआ आवास के लिये सर्वे के बाद पंचायत सचिवालय भोजपुर में ग्राम सभा का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार की उपस्थिति में किया गया. कार्यक्रम के दौरान लगभग 750 प्राप्त आवेदन के आलोक में सर्वे के बाद लगभग 300 लोगो का नाम आवास के लिए चयनित किया गया.चयनितों के नाम को सुनने के बाद उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वे कर्ताओ पर बिना किसी के घर गये एक ही जगह पर बैठ कर सर्वे करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे ग्रामीणों का आरोप था कि वैसे लोगो को सूची में शामिल किया गया है जिनके पास पहले से ही पक्का आवास है.ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि भोजपुर में एक दर्जन से अधिक दिव्यांग तथा दर्ज़नो ग्रामीण ऐसे है जिन्हें आवास



मिलना चाहिये लेकिन उनमें से किसी का नाम चयनित सूची में नही है.सभी के आरोपो को सुनने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने ग्रामीणों से कहा की चयनित ग्रामीणों की सूची आपको सुना दिया गया है। आपको किसी के नाम से आपत्ति हो या फिर जो योग्य ग्रामीण है उनका नाम सूची में नही है तो ग्रामीण लिखित रूप से अपना आवेदन मुझे दे। उन्होंने कहा कि दिये गये सभी दावा आवेदन तथा आपत्ति आवेदनों की जांच मैं स्वयं करूँगा। ग्राम सभा मे प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह, गोपाल यादव, देवेंद्र कुमार यादव, अनिल पासवान, शांति देवी, मंजू देवी, सुदेश्वर विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, विनोद चंद्रवंशी, दिनेश शर्मा, चंदू पासवान, मनीष प्रसाद यादव, राजू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम महीपूरी निवासी परमेश्वरी साव ने उपायुक्त से अपने मृत दो पुत्रियों के एवज में सरकार द्वारा जारी की गयी मुआवजा राशि भुगतान करने की मांग किया। परमेश्वरी साव की दो पुत्रियों की मौत मध्यान भोजन के माड़ में झुलस जाने से हो गई थी। इसी तरह नीलाम्बर-पिताम्बरपुर



अंचल क्षेत्र के ग्राम हरतुआ निवासी रविन्द्र कुमार गिरी ने उपायुक्त से बज्रपात से गाय की मृत्यु हो जाने के एवज में मुआवजा राशि देने की गुहार लगाया। इसी तरह मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कौशल्या देवी और चैनपुर थाना क्षेत्र के रामप्रवेश सोनी ने उपायुक्त से वृद्धा पेंशन देने की गुहार लगाया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# अबुआ आवास में अधिकारियों की मनमानी नहीं चलेगी : जिला परिषद प्रमोद सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह ने कहा कि अबुआ आवास में बड़े पैमाने पर धांधली प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव बीडीओ की मिली भगत से मनमानी तरीके से ग्रामीणों का अबुआ आवास चयनित करने का काम किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा की बीडीओ ग्रामीण जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं।सभी पंचायत में ग्राम सभा किया जा चुका है लेकिन पंचायत सचिव व मुखिया द्वारा पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास में चयनित लोगो का नाम सूची बद कर लिस्ट इन लोगो के द्वारा लगाया नही गया है जिससे की ग्रामीण जनता सूची में अबुआ आवास में नाम है या नही हैं यह देख नही पा रहे है। जिसके कारण



ग्रामीण जनता अबुआ आवास का आपत्ति दर्ज़ कराने में गुमराह हो रहे हैं। जिला परिषद सदस्य फैयजाल अंसारी ने कहा कि योग्य लाभुक को बहुत पंचायत में नाम सूची में नहीं जा पाया हैं। आयोग्य लाभुक का जीरो स्कोर कर सबसे ऊपर सूची में उनका नाम दिया गया है जिससे पता चलता है कि अधिकारी मनमानी ढंग से अबुआ आवास में ग्रामीणों का चयन करने का काम किया जा रहा हैं,अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं जो मन में आ रहा हैं वही कर रहे है गरीब शोषित ग्रामीण जनता का किसी प्रकार का कोई काम उनका नही हो रहा हैं वैसे लोग ही अबुआ आवास से वंचित हो रहे हैं।प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि अधिकारी को जो मन में आ रहा है ओ काम कर रहे हैं। अबुआ आवास में हो रहे गड़बड़ी का जानकारी देने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा सुधार नहीं किया जा रहा हैं। उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि अधिकारी हो या जनप्रतिनिधि अगर गरीब जनता के साथ अबुआ आवास में हेरा फेरी करने का काम करेगा वैसे दोषी व्यक्ति को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। पूर्व जिला परिषद सदस्य विकास चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया ने कहा कि गरीब शोषित वंचित ग्रामीण को ही अबुआ आवास मिलना चाहिए अगर इसमें अधिकारी हो या जनप्रतिनिधि गड़बड़ी करने का काम कर रहा है तो वह निश्चित ही दोषी है। वैसे लोगो पर जांच कर कारवाई उच्च अधिकारियों को करने की जरूरत हैं।जिससे की गरीब व असहाय लोगो को अबुआ आवास का लाभ मिल सके।

# कर्नल कपः बैरांव को हराकर बभंडी पहुंचा कर्नल कप के फाइनल में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** अनुमंडल अंतर्गत कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में बुधवार को बैरांव का सामना बभंडी से हुआ। दोनों टीमों के बीच फाइनल में पहुंचने के लिए जोरदार टक्कर देखने को मिला। मध्यांतर तक बैरांव ने 1-0 की बढ़त बनाए रखा था। लेकिन मध्यांतर के बाद बभंडी ने आक्रामक खेल खेलते हुए गोल कर मुकाबले को और रोमांचक बना दिया। उसके बाद दोनों टीमों ने कई प्रयास किए परन्तु गोल करने में सफल नहीं हुई और फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। जिसमें बभंडी ने बैरांव को 3-1 से हराकर विजय हासिल की और फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। अब 7 जनवरी दिन रविवार को खिताबी मुकाबला



बभंडी बनाम चार जनवरी को खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता के बीच खेला जाएगा। मैच से पूर्व क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह बैरांव पंचायत के पंसस छोटु पाल महुअरी पंसस बद्रीनारायण सिंह रवि रंजन सिंह तथा धीरेन्द्र कुमार ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी के खेल से खुश होकर झारखंड के कई जिलों के गणमान्य लोग आप सभी का खेल देखने फाइनल मैच के दिन आ रहें हैं यह हुसैनाबाद के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। आप सभी भाग्यशाली हैं जिन्हें यह अवसर मिल रहा है। सात जनवरी हुसैनाबाद के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। आज मैच के दौरान क्लब के जमुआ के मुखिया ओमप्रकाश कुमार समाजसेवी संतोष सिंह, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राम, पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, जयकुश सिंह, विनय सिंह, सुभाष कुमार, वीर बहादुर सिंह, इसरार अहमद, धीरेंद्र सिंह, ताकि रिजवी, सगीर अहमद महेन्द्र वर्मा सहित हजारों संख्या में फुटबॉल प्रेमी उपस्थित थे। टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को पतरिया और सड़ेया की टीम एक दूसरे से भिड़ेंगी।

**संक्षिप्त खबरें**

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक में वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर मंथन

**रांची :** राजधानी रांची के कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में झारखंड कांग्रेस प्रभारी की उपस्थिति में कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुधवार को आयोजित हुई। बैठक में झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चिंतन-मंथन हुआ। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि कांग्रेस सांगठनिक एकजुटता के साथ आगामी चुनावों में पार्टी का जनाधार मजबूत करते हुए सशक्त भूमिका निभाए और पार्टी की जीत को अधिक से अधिक सीटों पर सुनिश्चित करे। बैठक के बाद झारखंड के कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पार्टी विस्तार और विधायकों के साथ एक-एक विषय पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री आवास में आहूत महा गठबंधन की बैठक पर उन्होंने कहा कि बैठक में हमारे विधायक भी शामिल होंगे, जो भी बातें होंगी और निर्णय होगा वह शाम को बता दिया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्रियों और विधायकों सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## इस्मा की टीम लुधियान के लिए हुई रवाना

**रांची :** आज, इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स (इस्मा) की तरफ से शारोन बेक एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल खेल के लिए लुधियाना,पंजाब को रवाना हुवी। खेलो झारखण्ड अंतर्गत हुवे खेलों में से कराटे खेल से चयनित शारोन बेक अंडर 19 में , - 45 किलोग्राम के वर्ग में झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करेगी । इससे पहले दिल्ली में हुवे एसजीएफआइ ,अंडर 14 में लक्की तिर्की और अंडर 17 में नेहा कुमारी तथा क्रिस्पिन लकड़ा ने झारखण्ड की ओर से प्रतिनिधित्व किए। खेलो झारखण्ड से खिलाड़ियों का मान बढ़ाने के इस कार्य को ,इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स (इस्मा) सराहना करती है तथा कराटे खेल को सुचालित करने के लिए आभार व्यक्त करती है ।

# मोटरसाइकिल लूट मामले में तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । सिटी एसपी राज कुमार ने बताया कि धुर्वा डैम अपना हंटर-350 सी.सी., रॉयल फील्ड मोटरसाईकिल जेएच ह्1एफ जेड 9132 को लेकर धुर्वा डैम घुमने गये थे। सभी खाना खाकर समय करीब 15.30 बजे धुर्वा डैम फाटक के पास से अपने दोस्तों को छोड़कर अपना हंटर-350 सी.सी., रॉयल फील्ड मोटरसाईकिल को लेकर सिठियों होकर हटिया रेलवे कॉलोनी घर जा रहे थे तो रास्ते में सिठियो मुक्ति धाम के पास उक्त मोटरसाईकिल को रोक कर टॉलेट करने लगें, उसी दौरान एक मोटरसाईकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर आया तथा व उक्त मोटरसाईकिल का चाबी लूट लिया। जब वादी डरकर अपने दोस्तों को फोन करने लगा तो उक्त अपराधियों द्वारा वादी का मोबाईल रंग नेभी ब्लू को भी लूट लिया और वादी का मोटरसाईकिल एवं मोबाईल को लूट कर रिंग रोड की ओर भाग गया।



अनुसंधान के क्रम में लूटे गये उक्त मोटरसाईकिल एवं मोबाईल तथा घटना में प्रयोग किये गये मोटरसाईकिल के साथ अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारीः सालिग्राम कुमार सिठियो, मनीष कुमार,पिंटू को गिरफ्तार किया गया है। बरामदगीः लूटी गई हंटर-350 सी.सी., रॉयल फील्ड मोटरसाईकिल जेएच ह्1एफ जेड 9132, लूटी गई रेडमी 11-1 कम्पनी का मोबाईल रंग नेमी ब्लू, घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल सं0 जेएच ह्11 9145, छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं बलः बिमल नन्दन सिन्हा, पुनि सह थाना प्रभारी, धुर्वा थाना, पुअनि अशोक कुमार राय, धुर्वा थाना, राँची (अनुसंधानकर्ता) आदि शामिल थे।

# मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को आंदोलनकारी दिवस घोषित करने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 3 जनवरी को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया गया तथा 3 जनवरी को राजकीय झारखंड आंदोलनकारी दिवस घोषित करने की मांग की गई। मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के अवसर पर भव्य संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । मौके पर मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा को समर्पित एक आंदोलन नमक स्मारिका का लोकार्पण पदम मुकुंद नायक, पुष्कर महतो, भुवनेश्वर केवट, इजहार राही, सरोजनी कच्छप, सी पी आई सचिव महेंद्र पाठक ने सयुक्त रूप से किए। यह कार्यक्रम झारखंड आंदोलनकारियों के जुलूस के शक्ल में व संस्कृति टोली के साथ रांची मेन रोड अल्बर्ट एक्का चौक के पास से आरंभ होकर मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम गाए व माल्या अर्पण करते हुए बेहतर झारखंड बनाने का संकल्प लिया गया। पदम मुकुंद नायक के अगुवाई में संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



झारखंड आंदोलनकारी को राजकीय मान सम्मान अलग पहचान नियोजन की गारंटी एवं सम्मान राशि 50-50 हजार रुपया प्रति माह देने का काम करें। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार मंत्रिमंडल की बैठक कर मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती 3 जनवरी को राजकीय आंदोलनकारी दिवस घोषित कर बड़ा सम्मान देने का काम करें। कार्यक्रम में कार्यक्रम में विशेष रूप से सी पी आई सचिव महेंद्र पाठक,अजय कुमार महतो,झारखंड आंदोलनकारी भुवनेश्वर केवट ,जितेंद्र सिंह, इज़हार राही, सरोजनी कच्छप, पुष्पा बरदेवा, अनीता कच्छप, सुबोध लकड़ा ,जबीउल्लाह अंसारी,पप्पू खान, नसीम भारती,किशोर खंडित, दिनेश राम, सिकंदर राम, मानव घोष दस्तीदार, दिनेश महतो,असफाक अंसारी, बलेश नायक, मोईनुद्दीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने मारंग गोमके को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# सभी की जुबान पर एक ही चर्चा, कौन है रौशन ?

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को ईडी की टीम ने मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद, साहेबगंज के डीसी रामनिवास यादव, विनोद कुमार, होटवार जेल के कर्मी अवधेश, अर्टीटेक विनोद सिंह के यहां छापे मारी की लेकिन सबसे ज्यादा चर्चित रहा रौशन कुमार के यहां दबिश देना। रौशन कौन है और अब तक लाइम लाइट से दूर रह कर चुपचाप काम करने वाला नाम है। लेकिन ईडी की रेड के बाद रौशन को लेकर शहर के लोगो में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है। लोग बताते हैं कि पिस्का मोड़ या फिर ओवरब्रिज आनंद पुर के पास रहने वाले रौशन झामुमो के नेता है, लेकिन सत्ता के संरक्षण में उसने रांची में पिछले कुछ वर्षो में अपना अलग साम्राज्य स्थापित कर लिया है। पूर्व उपायुक्त और लैंड स्कैम के आरोप में जेल में बंद छवि रंजन के कार्यकाल में जिला प्रशासन और रेवन्यू से जुड़े सभी अफसरों को रौशन का कहा मानना ही पड़ता था। रौशन की हनक का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि रांची के प्रमुख अंचल जैसे नामकुम, ओरमांझी, रातू, कांके, हेहल, अरगोड़ा और नगड़ी के अलावा एसी कार्यालय में वह बिना किसी रोक टोक के घुसता था। जिला प्रशासन के अधिकारी बताते हैं कि सत्ता के करीबी लोगों के नाम की धौंस देकर अपना काम कराने के लिए बाध्य करता है।

# कांग्रेस पार्टी एकजुटता के साथ संगठनात्मक रूप से काम करेगी : मीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में के झारखंड प्रभारी की मौजूदगी में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस के विधायक सहित प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर गहन चिंतन किया गया। वरीय प्रभारी व नताओं ने गंभीरता से इसपर मंथन किया। कांग्रेस प्रभारी गुलाम मीर ने कहा कि दो दिनों से सभी के साथ हमारी मीटिंग चल रही है। हमारे पास अनुभवी नेता हैं। युवा कार्यकर्ता है जो जमीनी स्तर से जुड़े हुए है। सभी ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस पार्टी एक जुटता के साथ



संगठनात्मक रूप से काम करेगी। वहीं आगामी चुनाव में अपनी पार्टी की विचारधारा के साथ जनाधार को मजबूत बनाएगी। नेताओं ने कहा कि सभी सदस्य अपनी सशक्त भूमिका निभाये एवं चुनाव में अपनी पार्टी की जीत को अधिक से अधिक सीटों पर सुनिश्चित करें। बैठक के बाद झारखंड के कांग्रेस प्रभारी और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि प्रभारी जी आए है। उनके नेतृत्व में हम राज्य में पार्टी को मजबूत करेंगे. वहीं उसकी परिणाम आने वाले चुनाव में देखने को मिलेगा।प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बैठक बुलाई है। गंठबंधन की सरकार है तो सभी लोग जाएंगे। फिलहाल सरकार के स्तर से नेतृत्व में बदलाव की कोई चर्चा नहीं है। बीजेपी के लोग गठबंधन सरकार के प्रवक्ता हो गए है। वो लोग कहते है कि कल्पना सोरेन सीएम होंगी। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा झारखंड में हमारी सरकार को अस्थिर करने की कई बार कोशिशें हुई। लेकिन हर बार कोशिश नाकाम हुई।

# मंदिरो में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने का दिया निमंत्रण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । श्री महावीर मंडल राँची के द्वारा श्री अयोध्या धाम से आए हुए पूजित अक्षत को देकर अपने अपने घरो एवं नजदीकी मंदिरो में दिप जलाकर दीपोत्सव मनाने का निमंत्रण राजधानी राँची के विभिन्न छेत्रो में सभी राम भक्तो दिया गया । अभियान में मुख्यरूप से श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा एव अध्यक्ष अशोक पुरोहित , श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह , हिन्दू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष सुजीत सिंह एवं श्री चैती दुर्गापूजा महासामिति के महामंत्री सह विश्व हिन्दू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक एव कोषाध्यक्ष संजय सिंह लल्लू उपस्थित थे । मिश्रा ने बताया अयोध्या से आये पूजित अक्षत को घर घर तक महावीर मंडल राँची के द्वारा पहुँचाने का कार्य किया जाएगा। अभियान के दौरान श्री महावीर मंडल राँची ने सभी सनातनी भाइयो एव बहनो से 22 जनवरी 2024 को श्री रामनवमी जन्मभूमि तीर्थ छेत्र में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर दिप जलाकर दीपोत्सव मनाने को कहा ।कार्यक्रम में प्रतापनगर कार्यक्रम संयोजक राजेश अग्रवाल , उपेन्द्र रजक , राम मनोज साहू , साहिल कुमार , सुमित साहू ,जैमिश तिग्गा ,दुर्गा साहू , संजीव सोनी , अमित सिंह , इंदर सिंह , रमेश केडिया , टिंकू महतो उपस्थित थे ।

# जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समारोह में 78 खिलाड़ी हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर उम्मीद फाउंडेशन ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, कोच और खेल को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं को पुरस्कृत किया।

बुधवार को सीएमपीडीआइ के मयूरी हॉल में आयोजित जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2023 समारोह में कुल 78 खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में सिंह मुंडा खेल रत्न, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरू सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरू द्रोणाचार्य पुरस्कार, भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा डॉ महुआ मांजी ने खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को अलग अलग कैटेगरी में उन्हें सम्मानित किया।

मौके पर उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को दिखलाया। खेल और राजनीति में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। सांसद ने कहा कि राज्य के खिलाड़यों अपनी प्रतिभा से झारखंड और देश का नाम रौशन कर रहे हैं।

उम्मीद फाउंडेशन उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ा रहा है। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि जयपाल सिंह मुंडा का खेल के क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय है। उम्मीद फाउंडेशन उनके जंयती पर खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को सम्मानित कर रही है। उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं, ताकि वे अपना बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड और देश का नाम रौशन करते रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक सचिव निरंजन भारती ने किया। धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय अध्यक्ष क्रीड़ा मोर्चा प्रदीप मिर्धा ने दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो, नंदलाल नायक, राम अवतार केरकेट्टा, मनोज कुमार यादव, सोमनाथ मुंडा, संगीता तिर्की, मुकेश भगत समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# आईएएस की पत्नी प्रीति कुमार नहीं पेश हुई ईडी के सामने, मांगा समय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार को आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुई। वह केरल में छुट्टी मना रही हैं। उन्होंने अगली तारीख मांगी है। ईडी ने बर्लिन अस्पताल से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए समन भेज कर तीन जनवरी को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पेश होने का निर्देश दिया था। ईडी ने फर्जी दस्तावेज की खरीद-फरोख्त की जांच के दौरान बड़गाई के राजस्व कर्मचारी के घर से जमीन के दस्तावेज जब्त किये थे। इसके बाद सरकार के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। ईडी ने इस प्राथमिकी के आधार पर कार्रवाई की।इसके बाद प्रीति कुमारी के नाम पर खरीदी गई जमीन की माप की गई। इसमें जमीन पर भवन निर्माण के दौरान सरकारी जमीन के अतिक्रमण का मामला सामने आया। इसके बाद ईडी ने 28 दिसंबर को प्रीति कुमार को समन भेज कर तीन जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था। मंगलवार रात ईडी के जांच पदाधिकारी को पत्र भेजकर प्रीति कुमार ने बताया है कि वह केरल में छुट्टियों पर गई हैं। इसलिए उन्हें कोई और तारीख दी जाए ।




# होटवार जेल में सिगरेट से लेकर मोबाइल तक की कीमत चुकानी पड़ती है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुधवार की सुबह जब ईडी की टीम बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में पहुंची तो हलचल मच गई। वहीं। कुछ लोग अपने परिचित से मिलने पहुंचे तो उन्होंने दबी जुबान यह भी चर्चा की कि यहां जेलर से अधिक पहुंच जमादार स्तर के कर्मी रखते हैं। यह जमादार और कोई नहीं अवधेश कुमार उर्फ अवधेश सिंह बताये जा रहे हैं। अवधेश कुमार के बिना जेल के अंदर कोई मोबाइल नहीं चला सकता है। बड़े से बड़े नक्सली, कुख्यात अपराधी को मोबाइल चलाने के लिए इनके शरण में जाना पड़ता है। जेल से बाहर निकले एक कैदी की मानें तो जेल के अंदर अवधेश कुमार की दुनिया है। बिना अवधेश कुमार के आदेश के पत्ता भी नहीं हिलता है। जेल के अंदर जैसा कैदी वैसा अवधेश कुमार का रेट होता है। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से निकले कैदी ने बताया कि जेल के अंदर जमादार अवधेश कुमार अपराधी को देख रेट तय करता है। जैसा अपराधी होता है, वैसा रेट वसूला जाता है। अवधेश कुमार को मोबाइल इस्तेमाल करने के लिए हजारों से लेकर लाखों तक पैसा देने को तैयार है।

**यहां एक माह का मोबाइल चार्जः** एंड्रायड मोबाइल का यदि इस्तेमाल किया गया तो करीब 1,50,000 से 1,00,000 तक, यदि वीडियो कॉल या व्हाट्सअप कॉल करते हैं तो करीब 1,50,000 से 2,00,000 तक और नॉर्मल मोबाइल से बातचीत करते हैं तो 10,000 से 25,000 तक चार्ज देने की बातें सामने आ रही है। यह भी बता दें कि यहां भोजन से लेकर सिगरेट तक की कीमत तय है। प्रभात मंत्र ने प्रमुखता से होटवार जेल की खबर छापी थी।

## आईएएस राजीव अरुण एक्का को अपर मुख्य सचिव रैंक में प्रोन्नति, तीन को प्रधान सचिव में प्रमोशन

**रांची :** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजीव अरुण एक्का को लेवल 17 में 2.25 लाख के वेतनमान पर प्रमोशन देते हुए अपर मुख्य सचिव बनाया है। अब वह पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव होंगे। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य सरकार ने इसके अलावा तीन आईएएस अफसर को प्रधान सचिव रैंक लेवल 15 में प्रमोशन दिया है। इन्हें अब 182200-224100 का वेतनमान मिलेगा।

# धूम धड़ाके के साथ हुआ कार्निवल का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । कार्निवल के अंतिम दिन भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही।कार्निवल के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और रांची के विधायक सी पी सिंह उपस्थित रहे। सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कार्निवल के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। रांची वासियों को स्वस्थ मनोरंजन का मौका मिलता है। उन्होंने कहा की मछली घर लोगों का पसंदीदा घूमने। के जगहों में एक है।उन्होंने आज के विजेताओं और वॉलिंटियर्स को सर्टिफिकेट और मोमेंटो भी प्रदान किया।




सबसे पहले स्टोरी टेलिंग कंपटीशन आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने जमकर हिस्सा लिया और स्टोरी सुनाई। मम्मी नू पसंद (मॉम विद किड्स फैशन शो) में महिलाएं अपने बच्चों के साथ शामिल हुई। खाई के पान (पान ईटिंग कंपटीशन) में काफी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और जमकर पान खाया।

लायर लायर कंपटीशन में पत्नियों के सामने खोली गई पतियों की पोल। लाई डिटेक्टर मशीन पर पतियों को बैठा कर उनसे पत्नियों के सामने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, पूर्व प्रेमिका और कई तरह के पूछे गए सवाल।झूठ बोलने पर मशीन से गाना बजता था-- झूठ बोले कौवा काटे गाना। दर्शक इस कार्यक्रम को देखकर लोटपोट हो गए। चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। मेरे हाथों में नौ-नौ चूड़ियां (बेस्ट बैंगल प्रतियोगिता) में बड़ी संख्या में महिलाओं ने रैंप पर चलकर अपनी चूड़ियां दिखाया।देर शाम स्टैंड अप कॉमेडी शो का आयोजन किया गया। लाइव रिपोर्टिंग कंपटीशन में बच्चों ने अपना रिपोर्टिंग का हुनर दिखाया।

# राज्य में पीडीएस डीलर्स की हड़ताल रहेगी जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल से राज्य में राशन का वितरण ठप पड़ा है।

मंगलवार को खाद्य आपूर्ति विभाग सचिव अमिताभ कौशल के साथ पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की बैठक थी लेकिन एसोसिएशन की मांगों पर विभाग की ओर संतोषजनक आश्वासन नहीं मिलने के कारण एसोसिएशन ने हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है। राज्य में 25400 पीडीएस डीलर हैं, जिनके माध्यम से सरकार राशन वितरण करती है।

पीडीएस डीलर्स की हड़ताल के कारण गरीबों को राशन नहीं मिल रहा है। राज्य में अंत्योदय राशन कार्ड की संख्या 892488 है, जिनमें परिवार के सदस्यों की संख्या 3449144 है। पीएचएच राशन कार्ड की संख्या 5211687 है, जिनमें परिवार के सदस्यों की संख्या 22976241 है। पीएचएच राशन कार्ड में चावल चार और एक किलो गेहूं प्रति सदस्य प्रति माह मिलता है जबकि ग्रीन राशन कार्ड में




484476 है, जिसमें परिवार की सदस्यों की संख्या 1509715 है। रांची जिला पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने 81 करोड़ जनता को पांच सालों तक पांच किलो अनाज बांटने की स्वीकृति दी है लेकिन डीलरों की सुविधाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है। कोरोना काल में लाभुकों को पांच किलो मुक्त अनाज वितरण प्रति कार्ड 13 माह तक किया गया था, जिसका कमीशन अब तक नहीं मिला है। विभाग के सचिव ने कमीशन देने की बात कही है लेकिन कब यह तय नहीं है। साथ ही कमीशन की दर पिछले 10 सालों से नहीं बढ़ायी गयी है।

# वार्ड सुपरवाइजर के निधन पर शोक सभा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । निगम परिवार के एक अहम सदस्य, वार्ड नंबर 32 के सुपरवाइजर स्व0 राजेश साहु (उम्र 47), का असामयिक निधन हो गया। जिसे लेकर आज राची नगर निगम सभागार में शोक सभा अयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर प्रशासक, सहायक प्रशासक, जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर के साथ-साथ निगम के अन्य कर्मियों के द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया और मृतक के आत्मा की शांति की कामना की गई। पिछले कई वर्षो से स्व0 राजेश साहु के द्वारा स्वच्छता के प्रति एक अहम भूमिका निभाई गई तथा उनके कार्यो में एक अलग निष्ठा दिखती थी। उनके नेतृत्व में वार्ड 32 के सभी कर्मचारियो के द्वारा हमेशा उनके वार्ड को एक स्वच्छ एवं बेहतरीन वार्ड बनाने का प्रयास किया गया है। मौके पर प्रशासक ने कहा कि वार्ड 32 के सुपरवाइजर स्व0 राजेश साहु का असामयिक निधन से मन व्यथित है। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि निगम के एक टीम के सदस्य का निधन निगम परिवार के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। परमात्मा दितंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार जनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।साथ ही आज सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की के द्वारा स्व0 राजेश साहु के परजिनों से मिलकर तत्कालिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

# मोमिन कॉन्फ्रेंस का प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस प्रभारी से मिला,कहा
## झारखंड में आबादी के अनुपात मुसलमानों को राजनीति में नहीं मिल रही है भागीदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मोमिन कॉन्फ्रेंस के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व कर रहे कांग्रेस अल्पसंख्यक कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष सह मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव सगीर अंसारी ने झारखण्ड में अल्पसंख्यकों के जवलंत मुद्दों को प्रभारी का सामने रखते हुए कहा कि झारखंड में आबादी के अनुपात मुसलमानों को राजनीति में भागीदारी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड-निगम सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं में पिछड़ों को हमेशा नज़रंदाज़ किया जाता रहा है। झारखण्ड गठन के 23 साल पूरा हो गया लेकिन अब तक यहां न तो उर्दू अकादमी का गठन हुआ और न ही मदरसा शिक्षा बोर्ड बनी। जबकि महागठबंधन सरकार में उक्त सभी मुद्दे घोषणापत्र में शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल में शामिल राँची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आज़ाद ने कहा कि राज्य में बुनकरों की स्थिति दयनीय है। राज्य में बुनकर आयोग के गठन से संबंधित माँग पत्र राज्य के मंत्रियों सहित मुख्यमंत्री को भी दिया गया है लेकिन इस दिशा में अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। राज्य के महागठबंधन सरकार उर्दू को अधिकार दिलाने में भी संजीदा दिखाई नहीं दे रही है। प्राथमिक से लेकर +2 विद्यालयों तक में उर्दू की शिक्षकों की बहाली नहीं होने से उर्दू के छात्रों एवं उर्दू उम्मीदवारों में सरकार के प्रति सख्त नाराज़गी है। इस मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक के बोकारो जिला सचिव सह मोमिन कॉन्फ्रेंस के महासचिव ए के सुल्तान भी मौजूद थे।



## तमाड़ महिलाओं के बीच कबड्डी व फुटबॉल मैच संपन्न

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड के तमाड़ आजिविका महिला संकुल संगठन के द्वारा फुटबॉल और कबड्डी मैच का आयोजन बुधवार को लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के उपलक्ष्य में अमलेशा मैदान में किया गया। कबड्डी मैच आमलेशा बनाम सारजमड़ीह और तमाड़ बनाम आगरा की टीम के बीच खेला गया।वहीं फाइनल तमाड़ और अमलेशा के बीच खेला गया जिसमें 8-4 प्वाइंट से अमलेशा की टीम विजयी हुआ। फुटबॉल मैच बरलांगा और अमलेशा के बीच खेला गया जिसमें बरलांगा टीम 1- 0 से विजयी रही।मुख्य अतिथि के रूप में तमाड़ विधान सभा के विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, जिला परिषद् सदस्य दिलीप सेठ, भवानी सिंह मुंडा , उपप्रमुख शकुंतला देवी, बी पी एम रामकृष्णा महतो, एफटीसी शशिभूषण महतो, रानी प्रवीण, रेफरी करम मुंडा, प्रेमचंद पूर्ति, सालू कुमारी, पार्वती देवी, सरिता देवी, ज्योति कुमारी, गंगा देवी, रिंकी कुमारी और सैकड़ों सखी मंडल की दीदी उपस्थित हुई।



## देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनी

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में देश की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सेविका सावित्रीबाई फुले जी की जयंती महिला मुक्ति दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्प अर्पित तथा माल्यार्पण कर किया गया। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया और कहा सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं जबकि उसे दौर में महिलाओं को स्कूल जाना तो दूर उन्हें घर से बाहर भी नहीं निकलने दिया जाता था ।उनको महिलाओं और दलित जातियों का शिक्षित करने के प्रयासों के लिए जाना जाता है। उन्होंनेअपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना।उनके संघर्ष ने महिलाओं को आत्मविश्वास, स्वावलंबन और समानता की भावना से परिपूर्ण किया।



## खलारी अंचल ने दिया सड़क अतिक्रमणकारियों को चेतावनी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी अंचल प्रशासन की ओर से सड़क अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए जल्द से जल्द सड़क के अगल बगल से स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण हटा लेने की चेतवानी दी गई. इसी क्रम में बुकबुका मौजा स्थित खलारी पहाड़ी मंदिर जाने के सड़क के अगल बगल जमीन का अतिक्रमण करने वालों तथा खलारी मौजा में बैंक चौक से खलारी पोस्टआफिस तक सड़क किनारे खूंटा डंडा गाड़कर जमीन अतिक्रमण करने वालों को अतिक्रमण हटा लेने कहा गया. खलारी सीओ एसपी आर्य ने कहा है कि केडी रोड में नाली व मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाया जाएगा. आदेश नहीं मामने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा सड़क का अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले अन्य लोगों का स्थायी निर्माण भी हटाया जाएगा. इस अभियान में अंचल की ओर से अंचल राजस्व कर्मचारी, अंचल अमीन व अन्य अंचलकर्मी शामिल थे.



## एचएमएस के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए पिपरवार और मगध के लोग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रमिक संगठन जनता मजदूर संघ के पिपरवार और मगध संघमित्रा क्षेत्र से कई कार्यकर्ता ऑल इंडिया एचएमएस के द्वारा नागपुर में आयोजित 34वां राष्ट्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम में शामिल हुए।जनता मजदूर संघ के सीसीएल सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह के नेतृत्व में पिपरवार और मगध क्षेत्र के कार्यकर्ता इस महाधिवेशन में शामिल हुए।इस दौरान रविंद्रनाथ सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने ऑल इंडिया एचएमएस के जेनरल सेक्रेटरी हरभजन सिंह सिध्दु से मुलाकात किया और नववर्ष की बधाई देते हुए उन्हे कई समस्याओ से अवगत कराया।इस संबंध में यूनियन के सचिव रविंद्रनाथ सिंह ने बताया कि पिपरवार और मगध संघमित्रा में व्याप्त समस्याओं के बारे में उन्हें जानकारी दी गई,साथ ही यूनियन की मजबूती सहित कार्यकर्ताओं के समस्याओ के समाधान पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने इस पर साकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया,साथ ही कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया।अधिवेशन में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से रविंद्रनाथ सिंह,विकास कुमार,आशीष कुमार दुबे, निर्मल सिंह सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## बचरा मे हुई वाहन चालको की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में स्थानीय वाहन चालकों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता और संचालन आजसु पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह उर्फ विधायक ने किया।इस बैठक में सीसीएल के पिपरवार, मगध संघमित्रा और आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया के वाहन चालक मौजूद थे।बैठक में केंद्र सरकार के द्वारा लाये गए हिट एंड रन कानून के खिलाफ पुरजोर विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।साथ ही इस कानून को वापस लेने की मांग की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार का यह कानून चालकों के लिए काला कानून साबित होगा।वर्तमान समय में वाहन चालक कम वेतन में काम कर अपने और अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है।इस पर किसी का ध्यान नहीं है,लेकिन केंद्र सरकार इस कानून को लागू कर वाहन चालकों पर अतिरिक्त बोझ डालना चाह रही है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## 8 जनवरी खलारी बैंक चौक में मनाया जाएगा शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस मनाने को लेकर एनके एरिया के वीआईपी गेस्ट हाउस में एक बैठक हुई. बैठक में आगामी 8 जनवरी सोमवार को खलारी बैंक चौक मोहर्रम मेला टांड़ में शहादत दिवस कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया गया. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया. जिसमें संयोजक- इकबाल हुसैन, अब्दुल्ला अंसारी, जफरूद्दीन अंसारी, फैयाजुद्दीन अहमद सिद्दीकी, इस्माइल अंसारी, आसिफ अंसारी, अबुजहर अंसारी, राजनसिंह राजा, बिगनसिंह भोगता, धीरेन्द्र प्रसाद, इस्माइल अंसारी, नागेश्वर महतो, राजा खान, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, जीतेन्द्र पांडेय, मो. बशीर अंसारी, सुल्तान अंसारी, शेखवकील अहमद, विक्की सिंह, भूषण यादव, अनिल पासवान, रूबी यादव, भोला यादव, रमेश चौहान, विनय खलखो, नरेश गंझू, लखन गंझू, साबिर अंसारी, राजेशसिंह मिंटू, जालिम सिंह, जेपी महाराज, इंदिरा देवी, गुंजन सिंह, तेजी किस्पोट्टा, पारसनाथ उरांव, मो. ताज, मो. मुस्ताक, सोनी तिग्गा, कलाम रिजवी, मजीद आलम, रतनलाल, अध्यक्ष- सलामत अंसारी, उपाध्यक्ष- अजमुल अंसारी, हुसैन अंसारी (राय), मोख्तार अहमद, अकबर अंसारी, परवेज अंसारी, रिजवान आलम, अयूब अंसारी, जावेद अख्तर, आशिफ रजा, सलीम खान, इरफान, शमशाद आलम, प्रिंस खान, गुलजार अंसारी, जुबैर अंसारी, शमशाद अंसारी, ताज मोहम्मद, संरक्षक- तनवीर आलम, मो. सुल्तान अंसारी, इम्तियाज अंसारी तथा कोषाध्यक्ष- तौहीद अंसारी को बनाया गया है.

# जेएसएफ क्लब बरतुआ के तत्वाधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** बुधवार को शिव शिष्य परिवार के सौजन्य से जेएसएफ क्लब बरतुआ गणेशपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय जय सरना फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन पंचायत खेल मैदान बरतुआ में आयोजन किया जा रहा है। मैच के तीसरे दिन का पहला मैच नायक ब्रोदर्स गेतलसूद बनाम ब्लू स्टार अनगड़ा के बीच खेला गया । जिसमें गेतलसूद ने अनगड़ा को 1-0 से पराजित किया। मुंडा ब्रदर्स चंदवे बनाम मिलन स्पोर्टिंग क्लब घुटुवा के बीच खेला गया। जिसमें चंदवे ने घुटुवा को 3-0 से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल मैच नायक ब्रदर्स गेतलसूद बनाम मुंडा ब्रदर्स चंदवे के बीच खेला गया। जिसमें गेतलसूद ने चंदवे को 3-0 से पराजित कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा के अमरनाथ चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्धाटन किया। विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के प्रकाश लकडा दुसरा मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अवसर पर सतदेव मुंडा , विनोद सिंह , अलखनाथ महतो , जितेंद्र सिंह , अध्यक्ष प्रवेश भोगता (पंचायत समिति सदस्य, जयडिहा), सचिव बिनोद बेदिया (पुर्व मुखिया जयडिहा) संरक्षक शंकर करमाली ग्राम प्रधान बरतुआ, उपाध्यक्ष मोहित करमाली, कोषाध्यक्ष रामराज महतो, मिडिया प्रभारी संतोष , परमेश्वर गंझू, बालकिशोर मुंडा, अमरनाथ भोगता, विपत करमाली ,शिवनारायण महतो , कामेश्वर बेदिया, आदि हजारों दर्शक मुख्य रूप से उपस्थित थे। पहला सेमी फाइनल मैच आज 11 बजे से टोबो स्पोर्टिंग क्लब केदल बनाम ब्रांड जंगल एफ सी ओरमांझी , दुसरा मैच 12 बजे से जेएसएफ क्लब बरतुआ बनाम नायक ब्रदर्स गेतलसूद के बीच खेला जाएगा। वहीं फाइनल मैच 2 बजे से खेला जाएगा। आज के सेमी फाइनल मैच में मुख्य अतिथि शिव शिष्य परिवार के अध्यक्ष आर्चित आनंद मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।



## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने किया बैठक

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखड़ के करांजी गांव स्थित जलाशय में बुधवार चुनाव आयोग के निर्देश पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- अंचल अधिकारी ने प्रखंड के सभी बी.एल.ओ और पर्यवेक्षक के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक किया गया। बैठक में प्रपत्र -7 का सुपर चेकिंग किया। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- अंचल अधिकारी प्रताप मिंज के द्वारा प्रखंड के सभी बी.एल.ओ. / बी.एल.ओ. पर्यवेक्षक एवं अंचल व प्रखंड कार्यालय कर्मी एवं जनप्रतिनिधि के साथ कराँजी डेम में निर्वाचन से संबंधित कार्य जिसमें प्रपत्र -7 का सुपर चेकिंग किया गया। छुटे हुए मतदातों को जोड़ने एवं मृत मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने का निदेश भी दिया गया। जिसमें निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 66 माण्डर (अ.ज.जा) -सह- विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी राँची प्रदीप भगत ने भी भाग लिया। बैठक में मुखिया, पंसस,बीएलओ सुपरवाइजर सहित अंचल व प्रखंड के कई लोग मौजूद थे।



# विधायक ने किया शिलान्यास

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखण्ड के दो महत्वपूर्ण योजना की शिलान्यास खिजरी विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप के करकमलों से विधि विधान से सम्पन्न हुआ। जिसमें पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल के अन्तर्गत कुटियातु चौक से मालटी- रिंग रोड अरविंद मिल के नजदीक (कुल लम्बाई 4.070 कि.मी.) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य एवं ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत स्वीकृत पथ रिंग रोड सरवल से एन.एच. 33 नकटीघाट भाया चरनाबेड़ा- जामुन टोली तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई 5.170कि.मी.) है। जिसकी कुल लागत लगभग 13 करोड़ से बनेगी। उक्त दोनों पथ ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग थी। विधान सभा चुनाव में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने वादा किया था कि अगर चुनाव में विजय होते हैं तो उक्त पथ को प्राथमिकता पथ निर्माण कराया जायेगा।



# नए हिट एंड रन कानून के विरोध में हड़ताल में गए ऑटो यूनियन हड़ताल समाप्त कर आए वापस

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो नए हिट एंड रन कानून के विरोध में झारखंड ऑटो यूनियनों के द्वारा एक दिवसीय ऑटो हड़ताल के समर्थन में चान्हो प्रखंड में हुई ऑटो ड्राइवरों ने मोटर व्हीकल एक्ट 2023 का विरोध किया वही तीन दिनों से जारी हड़ताल देर रात केंद्र सरकार के द्वारा यूनियनों से वार्ता के बाद कानून को लागू नहीं करने की बात कही जिसके बाद जारी हड़ताल समाप्त कर दी गई है। ऑटो ड्राइवरों का कहना है कि इस कानून के आ जाने से ड्राइवर में दहशत का माहौल रहेगा और ड्राइवर छोटी तनख्वाह या गरीबी की जिंदगी के बीच अपनी रोजी-रोटी के लिए ड्राइवरी करता है जिसको परिवार चलाने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।



# कृषि विभाग की ओर से बड़ी एलईडी लगाकर पंचायतों में किया गया प्रचार प्रसार

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को बड़ी एलईडी के द्वारा मांडर प्रखंड में किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि विभाग की ओर से बिरसा किसान रथ का प्रखंड के कई पंचायतों में भ्रमण कर कराया प्रचार प्रसार। बुधवार को मुड़मा ,मांडर ,कंजिया,बंझिला के साथ ही पांच अन्य पंचायत में रथ का भ्रमण कराया गया। रथ को कृषि सूचना तकनीकी केंद्र से बीटीएम गोपाल महतो ने हरि झंडी दिखा कर रवाना किया। श्री महतो ने बताया की रथ के माध्यम से केसीसी ऋण माफी,अनुदान पर कृषि यंत्र, किसान पाठशाला, बिरसा किसान, मिट्टी जांच, के साथ ही सहकारिता और पशुपालन विभाग के योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। मौके पर किसान मित्र सुरजीत सिंह,साबिर अंसारी, सबीर अंसारी,मनोज गोप, इस्लाम अन्सारी के अलावे सैकड़ो की सांख्य में किसान भी मौजूद थे। किसानों ने इसे विभाग की अच्छी पहल बतलाया।



# केसीबी कॉलेज के डा राकेश कुमार के निधन पर शोक सभा

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष सह बर्सर के पद पर कार्यरत डा. राकेश कुमार का निधन के बाद कॉलेज परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकों व कर्मचारियों ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया है। वहीं मौके पर प्राचार्य डॉ विंध्याचल राम, डॉ डेलोमय हंसदा, डॉ अब्दुल अयूब,प्रो नितेश पासवान, प्रो रितेश कुमार सिंह , डॉ अरूण नाथ देवघरिया, प्रो ब्रम्हानंद साहु, प्रो पूनम कुमारी व सुकुल महतो सहित शिक्षक व कॉलेज कर्मी मौजूद थे।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**

**E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)**

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 15वें वित्तमद | | | | |
| 1 | 17 | UDD/NPB/02/2023-24 (2nd Call) | Renovation of Badka Pond in ward no. 17 | 2465300 | 49306 | 5000 | 90 day |
| 2 | 11 | UDD/NPB/03/2023-24 (2nd Call) | Renovation of Gangajala Pond in ward no. 11 | 2465900 | 49318 | 5000 | 90 day |
| 3 | 12 | UDD/NPB/04/2023-24 (2nd Call) | Renovation of Dakhi Pond in ward no. 12 | 2465200 | 49304 | 5000 | 90 day |
| 4 | 03 | UDD/NPB/09/2023-24 (2nd Call) | Installtion of Paver Block from B.More to CharmuhanUntari Road in Ward no. 03 | 677222 | 13544 | 5000 | 60 Day |
| 5 | 05,08 09 | UDD/NPB/10/2023-24 (2nd Call) | Installation of Paver Block & Grill from Madrsha Road to House of Sunil Pandey on the East Side of NH75 in the Ward no. 05,08,& 09 | 2499851 | 49997 | 5000 | 60 Day |
| 6 | 05,08,09 | UDD/NPB/11/2023-24 (2nd Call) | Installation of Paver Block & Grill from Madarsha Road to ChhaliaNala near MahabirMandir on the West Side of NH75 in the Ward no. 05,08,& 09 | 2185420 | 43710 | 5000 | 60 Day |
| 7 | 16 | UDD/NPB/12/2023-24 | Installation of Paver Block from Police station Bishrampur to Bhelwa River in ward no. 16 | 689494 | 13789 | 5000 | 60 Day |
| 8 | 16 | UDD/NPB/13/2023-24 | Installation of Paver Block from PanchmukhiMandir to RCIT Collage gate via Police Station Bishrampur in ward no. 16 | 1773241 | 35464 | 5000 | 60 Day |
| | | | शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | |
| 9 | 5 | UDD/NPB/14/2023-24 | Construction of P.C.C Road on kaccha Road from J.B Company to sanatan teacher's training collage gate no 1 via house of ajaydubey. | 253047 | 5060 | 1000 | 60 Day |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | Date Of Publication Of Tender On Website | 03.01.2024 02:00 PM |
| 6 | Date Start Of Online Submission Of Bids | 03.01.2024 02:00 PM |
| 7 | Last Date/Time Of Online Submission Of Bids | 15.01.2024 05:00 PM |
| 8 | Date Of Bid Opening | 16.01.2024 05:00 PM |
| 9 | Name & Address Of Office Inviting Tender | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR |
| 10 | Contact No. Of Procurement Officer | 9525633383 |
| 11 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | |

NOTE: - Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in. NOTE 2- Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् विश्रामपुर

PR 315036 (District)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांकः– दिनांक–

**ई–निविदा संख्याः–15/2023-24/RWD /EE/RANCHI**

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 25/ STPKG/20/ 2023-24 | ककरिया बेड़ो पथ से टिगरा तक पथ का सुदृढ़कीकरण कार्य। (ल0–0.999 कि0मी0)<br>ककरिया बेड़ो पथ से तेतरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–1.202 कि0मी0)<br>सरसा लतरातु पथ से बलान्दु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–2.645 कि0मी0)<br>लरयाटोली मोड़ से रायटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–1.650 कि0मी0)<br>कातिंगकेला से दानेकेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.850 कि0मी0)<br>कारूम मोड़ से अकमरोमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–2.020 कि0मी0)<br>मलगो बिरमकेल पथ से कोयसारा भाया झींकी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.900 कि0मी0)<br>दोलैचा से कुसुमटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–1.540 कि0मी0)<br>ककरिया से कुरकुरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.885 कि0मी0)<br>लोधमा से गारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.173 कि0मी0)<br>सपुकेरा से बरगॉय तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.990 कि0मी0) | 12,01,54,400.00 | बारह करोड़ एक लाख चौवन हजार चार सौ रूपय | 9 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/RANCHI/ 26/ STPKG/19/ 2023-24 | लापुंग चाल्हा मोड़ से तपकारा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–5.834 कि0मी0)<br>टांगरकेला मोड़ से भुरनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.498 कि0मी0)<br>जरिया से जमाकेल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–0.980 कि0मी0)<br>सोहागी मोड़ से सोहागी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.025 कि0मी0)<br>लेटे से पबिरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–4.641 कि0मी0)<br>बोकरोंदा से बड़काहुरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.811 कि0मी0)<br>ककरिया फतेहपुर पथ से दरमी टोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–4.650 कि0मी0)<br>पोटका से सेमलटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.530 कि0मी0)<br>पोटका से मुरूप तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.853 कि0मी0) | 11,80,36,300.00 | ग्यारह करोड़ अस्सी लाख छत्तीस हजार तीन सौ रूपय | 9 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–08.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–23.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–25.01.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 314978 REO(23-24)D

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## भाजपा का वनभोज सह मिलन समारोह सम्पन्न



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भाजपा प्रखंड पुर्वी व पश्चिम मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में बुधवार को जादूगोड़ा रंकनी मंदिर के समीप वमभोज सह मिलन समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर भाजपा नेता गणेश महाली जिला अध्यक्ष विजय महतो,राजनगर पुर्वी प्रभारी ललन सिंह समेत भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए। इस दौरान पार्टी ने आगामी 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति तैयार की। इस मौके पर दोनों मंडल के अध्यक्ष खिरोद महतो,नारायण महतो, जिला मंत्री कुबेर कांत षाड़ंगी, जामिनि महाकुड़, भुवनेश्वर महतो,सोमनाथ सोरेन,विनोद ज्योतिषी,उज्वल मोदक,पवित्र महाकुड़, शक्तिपद महतो,कृष्णा सरदार, अजित मंडल,महावीर महतो,अर्जुन महतो,रंजीत सतपती, लालचंद महतो,अमरजीत महतो,अमरनाथ गोप,शंकर सरदार,दुलाल हांसदा, समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## परसुडीह थाना के समक्ष प्रेमी जोड़े बंधे विवाह के बंधन में



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: परसुडीह थाना परिसर के बाहर एक प्रेमी जोड़े शादी के बंधन में बंध गए। इसके गवाह पंचायत प्रतिनिधि और गांव समाज के लोग बने. बताया जाता है कि परसुडीह थाना अंतर्गत सालगाझुरी के रहने वाले राजेश सांडिल और पूर्वी कीताडीह पंचायत की रहने वाली सोनम (बदला हुआ नाम) के बीच करीब दो वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिनों पहले लड़की के घरवालों ने दोनों को अपने घर पर आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया था। इसके बाद बैठक हुई और वहां युवक ने शादी करने बात स्वीकार की. लेकिन युवक के परिवार वाले शादी से मुकर गये. इस मामले को लेकर मुखिया जोबा मार्डी, मुखिया मायावती टुडू एवं पंचायत समिति सदस्य द्रौपदी मुंडा के सहयोग से युवती के परिजनों ने परसुडीह थाना में युवक के खिलाफ लिखित शिकायत की। इसके बाद मंगलवार को थाना में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई. पुलिस ने मध्यस्ता करते हुए दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया. दोनों परिवार के लोग शादी के लिए राजी हो गए. इसके बाद समाज के लोग व पंचायत प्रतिनिधियों ने युवक-युवती की शादी परसुडीह थाना के गेट सामने करा दी. इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को माला पहनाया और सिंदूर लगा कर शादी की रश्म अदायगी की. उपस्थित सभी लोगों ने प्रेमी युगल को जीवन भर खुश रहने का आशीर्वाद दिया।

## जमशेदपुर अंचल सह प्रखंड कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर लहरायेगा 66 फीट का तिरंगा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जमशेदपुर अंचल सह प्रखंड कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर 66 फीट का तिरंगा लहरायेगा। राज्य का यह पहला पंचायत सह अंचल कार्यालय होगा जहां 66 फीट का तिरंगा फहराया जायेगा। इसके गवाह बनेंगे 55 मुखिया व पंचायत समिति सदस्य। मध्य हलुदबनी के पंचायत समिति सदस्य सह संचार अध्यक्ष रैना पूर्ति की अनुशंसा पर 15 वित्त आयोग के फंड से झंडा की खरीद की जा रही है। जमशेदपुर बीडीओ सचिदानंद महतो ने बताया कि 66 फीट का तिरंगा फहराने वाला जमशेदपुर पहला प्रखंड होगा. पंसस रैना पूर्ति ने बताया कि यह गौरव की बात है. वर्ष 2022-23 में पंसस निधि से राष्ट्रीय ध्वज खरीद की पहल की गयी थी जो अब धरातल पर उतरने वाली है।

## उलीडीह में घरेलू विवाद में युवक ने लगाई फांसी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मानगो के उलीडीह थाना अंतर्गत डिमना रोड के रहने वाले विशाल शांडिल (37) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के सदस्यों ने उसे रस्सी के सहारे पंखे से लटका पाया। इसके बाद फंदे से उतार कर सीधे एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। छोटे भाई करण शांडिल ने बताया कि उसके भाई की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी. वह अक्सर किसी से भी झगड़ा कर लेता था. मंगलवार को काम से वापस आने के बाद उसकी पत्नी के साथ उसका कुछ विवाद हो गया, जिसके बाद दूसरे कमरे में जाकर उसने फांसी लगा ली. घर पर विशाल अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। दूसरी ओर सूचना मिलते ही बुधवार सुबह उलीडीह थाना प्रभारी अस्पताल पहुंचे और कागजी कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## बहुलिया में एक साल से जलमीनार खराब, लोग परेशान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पेयजल संकट बरसोल क्षेत्र के बहुलिया गांव की सोलर जलमीनार एक साल से खराब है. लोगों को पेयजल के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. दूर-दराज के चापाकल से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीण बेनुराम सिंह, गौरांग सिंह, रॉबिन सिंह, दमन सिंह, आशुतोष दलाई, दिलीप दलाई, निवारण सांड, सुकुमार सांड, रवींद्र सांड, पिंटू सांड, माणिक देहुरी, सत्यजीत दास, संतोष दास आदि ने कहा कि जलमीनार खराब होने की सूचना जल एवं स्वच्छता विभाग को कई बार दी. अबतक कोई पहल नहीं हुई. गांव में दो जलमीनार है, उसमें एक खराब है. एक जलमीनार में इतने परिवार का पानी लाना संभव नहीं हो पा रहा है. इससे ग्रामीणों में आक्रोश है. जलमीनार ठीक थी, तो दिन में दो बार जलापूर्ति होती थी. ग्रामीणों ने जल्द जलमीनार को दुरुस्त करने की मांग की है।

# बोड़ाम में जंगली हाथियों ने डाला डेरा, लोग दहशत में

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत के दुबला व कुईयानी पंचायत के बाघरा डूंगरी में मंगलवार की रात से ही दो गुटों में बंटे 3 बच्चे समेत 12 की संख्या में हाथियों डेरा डाल दिया है। जिससे आसपास गांव के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने बताया कि मंगलवार की देर रात 38 की संख्या में हाथियों की झुंड से बिछड़ कर 6 हाथी पहाड़पुर के दुबला डूंगरी में और कुईयानी के बाघरा डूंगरी में 6 हाथी शरण लिए हुए है। झुंड में तीन बच्चे भी शामिल है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने बीती रात खदेड़कर हाथियों को कोयरा, जोजराडीह, टोलकोडीह, चामटा, सोमाडीह होते हुए पहाड़पुर जंगल (दुबला डूंगरी) तक पहुंचाया। इस दौरान हाथियों ने किसी तरह की नुकसान पहुंचाने नही सके है। डांगरडीह के किसान प्रकाश कुंभकार ने बताया कि जंगल में हाथी आने की सूचना पर लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। क्योंकि हाथी रात के अंधेरे में किधर निकलेगा बता पाना मुश्किल है। क्षेत्र में हाथी आने की सूचना पर शाम होने के बाद लोग सड़कों में आना जाना भी बंद कर दे रहे है। ग्रामीणों ने वनविभाग को सूचित कर दिया है।

# गोलमुरी डॉक्टर अपहरण मामले में दो गए जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मंगलवार की रात गोलमुरी थाना क्षेत्र के गोलमुरी चौक के पास से बदमाशों ने डॉक्टर आर प्रधान उर्फ़ बिमरजीत प्रधान के अपहरण का प्रयास किया था। इस मामले में स्थानीय लोगों ने दौड़ा कर दोनों अपराधियों को दबोच लिया था और पुलिस को सौंप दिया था। एसएसपी किशोर कौशल ने साकची में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना का खुलासा किया और दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बेगूसराय का रहने वाला अशोक सिंह और रवि शंकर सिंह हैं। दोनों ममेरे भाई हैं। जमशेदपुर में यह लोग सोनारी के खूंटाडीह में रहते हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और दो गोली बरामद की है। दोनों 27 दिसंबर को जमशेदपुर आए थे। पूछताछ में दोनों ने बताया कि डॉक्टर आर प्रधान की जानकारी उन्होंने गूगल से सर्च कर निकाली थी और उसके बाद उनके अपहरण की योजना बनाई थी। एसएसपी ने बताया कि अशोक परसूडीह थाना से अवैध शराब बेचने के मामले में और रविशंकर मोकामा से डकैती के मामले में पहले भी जेल भेजा जा चुका है।

## घाटशिला में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**घाटशिला :** घाटशिला प्रखंड अंतर्गत काशीदा पंचायत एवं उत्तरी मऊभंडार पंचायत भवन में बुधवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू शामिल हुए। श्री टुडू ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य उस व्यक्ति तक पहुंचना है, जो भारत सरकार की योजनाओं से वंचित रह गए है। लक्ष्मण टुडू ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे जानकारी दी। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती, जिला पार्षद देवयानी मुर्मू, मुखिया तारामणि मुंडा, मुखिया हीरा मुर्मू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रंगलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि सत्यनारायण पुष्टि, जिला मंत्री संजय तिवारी, सपन मुंडा, हीरा सिंह, सुरेश माहली, पोल्टु सरदार, काल्टू मन्ना उपस्थित थे।

## घाटशिला में घर-घर वितरण किया गया अक्षत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**घाटशिला :** अयोध्या के राम मंदिर से लाए गए 'अक्षत' एवं नवनिर्मित राम मंदिर की तस्वीर का विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विजय सिंह के द्वारा उपलब्ध कराया गया। घाटशिला के दाहिगोड़ा में बुधवार को साहिल आनंद के नेतृत्व में घर-घर में वितरण किया गया। अक्षत वितरण कर 22 जनवरी को अपने-अपने घर पर दीप जलाकर दीपावली मनाने का आग्रह किया गया। इस मौके पर साहिल आनंद ने कहा की मंदिर में 22 जनवरी को दाहिगोड़ा हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अनुष्ठान आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मौके पर ईश्वर प्रसाद, अभिषेक शुक्ला, हर्ष राय, रणवीर सिंह (हैप्पी), अजय शाह, रोशन शर्मा, पियूष पॉल, राजा पटनायक, प्रियांशु साहू, प्रियांशु चौधरी, अभिषेक सिंह समेत काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

## एमवे आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन विटामिन सी प्लस एचए 3 डेली सीरम लांच

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** एमवे इंडिया, आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन विटामिन सी प्लस एचए 3 डेली सीरम के साथ अपनी आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन रेंज को मजबूत करता है। 'हीरो सीरम' उज्जवल, दीप्तिमान त्वचा और स्पष्ट रूप से स्वस्थ, युवा चमक के लिए बेहतर जलयोजन प्रदान करता है। सभी प्रकार की त्वचा के लिए सार्वभौमिक रूप से सुरक्षित, आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन विटामिन सी प्लस एचए3 डेली सीरम आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन रेंज को मूल रूप से पूरक करता है, जिसमें आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन एंटी-एजिंग और बैलेंसिंग और हाइड्रेटिंग रेंज शामिल हैं। एमवे इंडिया के सीईओ अजय खन्ना ने कहा कि एमवे इंडिया में हम अपने उपभोक्ताओं की गतिशील जरूरतों से प्रेरित होकर निरंतर विकास की स्थिति में हैं। हम त्वचा की देखभाल में आवश्यकता-आधारित सिफारिशें प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं के साथ सहजता से मेल खाती हैं।

# ग्राम प्रधानों का मानदेय लटका, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर हड़ताल पर जाने की धमकी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जादूगोड़ा :** पोटका प्रखंड के 10 गांव के ग्राम प्रधानों ने मंगल पान की अगुवाई में लंबित मानदेय भुगतान की मांग की लेकर मुख्यमंत्री के नाम पोटका अंचलाधिकारी निकिता बाला को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में आगामी 14 जनवरी तक मई महीने का बकाया एक हजार की राशि की पूरी किस्त नही मिली तो पोटका के सभी 34 पंचायत के ग्राम प्रधान अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने की घोषणा की है। मंगल पान ने कहा कि बीते मई महीने से ग्राम प्रधान को मिलने वाली ग्राम प्रधान सम्मान राशि का भुगतान लंबित है। सात महीने गुजर गए लेकिन न तो राशि मिल रही है व न ही ग्राम प्रधानों को मोटर सायकिल देने की मुख्यमंत्री की घोषणा पर कोई अमल हुआ है। ज्ञापन सौंपने गए ग्राम प्रधानों में टांगराइन, तुड़ी, केरकेटा, हेसड़ा, नेचोसाई, शिलिंग, पुतलुपुंग समेत 10 गांव से आए ग्राम प्रधान शामिल थे।

## टाटा स्टील ने अपने कर्मचारियों के लिए लॉन्च किया वेलनेस पोर्टल और ऐप

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज एक व्यापक वेलनेस पोर्टल और वेलनेस ऐप्स के लॉन्च के साथ कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।टाटा स्टील के सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनिबिलिटी के उपाध्यक्ष राजीव मंगल, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, टाटा स्टील शेयर्ड सर्विसेज के उपाध्यक्ष प्रबल घोष, टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों और टाटा स्टील में वेलनेस कमेटी के उपस्थिति में लॉन्च किया गया।इस अवसर पर टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन और टाटा स्टील के उपाध्यक्ष, एचआरएम अत्रेयी सान्याल के संदेश भी सभी कर्मचारियों के साथ साझा किए गए।वेलनेस फॉर लाइफ पोर्टल टाटा स्टील के भीतर वेलनेस को बढ़ावा देने के प्रयासों को मजबूत करने के प्रारंभिक चरण का प्रतिनिधित्व करता है। इस पहल में पोर्टल के माध्यम से सुलभ दो ऐप, वेलस्प्रिंग और द वेलनेस कॉर्नर की शुरूआत शामिल है। ये ऐप कर्मचारियों के लिए उनके स्वास्थ्य का आकलन, निगरानी और सुधार करने के लिए एक व्यापक मंच के रूप में काम करते हैं। लॉन्च के दौरान राजीव मंगल ने स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए समग्र कल्याण के महत्व पर जोर दिया। टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने भी कल्याण के महत्व के बारे में बात की।

# जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सरायकेला :** सरायकेला बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति समक्ष मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाई गई। सरायकेला खरसावां के आदिवासी हो समाज महासभा, हो युवा महासभा, मानकी मुंडा परिषद, सेवानिवृत संगठन सैनिक परिषद एवं झारखंड आंदोलनकारी मंच द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम किया गया। सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बारी बारी जयपाल सिंह मुंडा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज को शिक्षित एवं विकसित करने का जयपाल सिंह मुंडा का निरंतर प्रयास था। आदिवासी हो समाज महासभा के जिला अध्यक्ष गणेश गगराई के नेतृत्व में आयोजित उक्त कार्यक्रम में विशु वानरा, कोल झारखंड बोदरा, गुड्डु, सेंगल सिंह, पूर्णचंद्र बंकिरा सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

*शहीद रतिलाल महतो की 75वीं जयंती समारोह में शामिल हुए मंत्री चंपई सोरेन, बोले*

# ड्राइवरों का भी निवाला छीनना चाहती है मोदी सरकार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गम्हरिया :** रतिलाल महतो की कुर्बानी को सदियों तक भुला पाना मुश्किल होगा। उनके संघर्ष और बलिदान की गाथाएं आने वाली पीढ़ी भी याद रखेगी। सही मायने में वे मजदूरों के मशीहा थे। उनके बताए रास्ते पर चलकर गरीब मज़दूरों और असहाय लोगों की सेवा व मदद करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शहीद रतिलाल महतो की 75वीं जयंती समारोह के अवसर पर गम्हरिया के ऊपरबेड़ा मैदान में उनके समाधि स्थल पर आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने उपरोक्त बातें कही। इससे पूर्व उन्होंने स्व रतिलाल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अन्नदाताओं को पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनाना चाहती है। इसी प्रकार वाहन चालकों के लिए भी काला कानून लाकर उनके निवाले को छीनना चाहती है। शहीद रतिलाल महतो स्मृति रक्षा समिति की ओर से आयोजित उक्त कार्यक्रम के मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, जिला उपाध्यक्ष अमृत महतो, प्रखंड अध्यक्ष जगदीश महतो, अविनाश सोरेन, वासुदेव महतो, महावीर मुर्मू, डब्बा सोरेन, सरोज मुखर्जी, समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र महतो, शत्रुघ्न महतो समेत काफी संख्या में झामुमो नेता, समिति के सदस्य व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अभिनंदन समारोह में शामिल हुए धर्मेंद्र सोनकर व बब्लू झा

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** अपने पहले झारखंड दौरा पर पहुंचे झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर का भव्य स्वागत कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अध्यक्षता में आयोजित हुआ।जमशेदपुर से पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी ज़िला नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के नेतृत्व में स्वगत अभिनंदन नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर का किया गया।वही बब्लू झा ज़िला उपाध्यक्ष ने शॉल एवं पुष्प गुच्छ देकर नवनियुक्त प्रभारी से मुलाकात किया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने ऊर्जा के साथ परिचय करवाया। आगामी लोकसभा चुनाव पर धर्मेंद्र सोनकर ने बड़ी ही बारीकी एवम मजबूती से जमीनी स्तर कार्यकर्ताओं की आवाज़ को प्रभारी तक पहुंचाया जिसे प्रभारी मीर ने गम्भीरता से सुना एवम आश्वस्त किया। झारखंड प्रभारी ने1अपने सम्बोधन में बड़ी सादगी से कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और अपने अपने बूथ को मज़बूत करने पर ज़ोर दिया।स्वागत समारोह में शामिल होने वाले पूर्वी सिंहभूम जिला से पूर्व ज़िला अध्यक्ष विजय खां, बब्लू झा, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी,शशी भूषण प्रसाद, अजितेश उज्जैन, अमित दुबे संजय घोष समीम गद्दी मनीष ,विजय, करण सोनकर एवं जिला पदाधिकारी के द्वारा शॉल प्रदान कर अभिनंदन किया। राष्ट्रीय मिडिया कॉर्डिनेटर प्रणब झा, मंत्री बन्ना गुप्ता, रामेश्वर उरॉव, बादल पत्रलेख प्रदीप यादव, सुखदेव भगत,प्रदीप बालमुचू, संजय पांडेय सहित विधायकगणों ने भी स्वागत किया।

## परसुडीह के लोको मोड़ के पास ट्रक पेड़ से टकराया, बड़ा हादसा टला

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** परसुडीह थाना अंतर्गत लोको मोड़ के निकट टाटा-हाता रोड में एक तेज रफ्तार ट्रक बीच सड़क पर लगे एक पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना मंगलवार रात लगभग 2 से 2.30 बजे के बीच की है। ट्रक में आयरन और लोड था। बुधवार की सुबह जानकारी मिलने पर ओडिशा में रहने वाले ट्रक के ऑनर घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रक को हटवाने की प्रक्रिया में जुट गए। हालांकि बुधवार दोपहर 1 बजे तक पुलिस द्वारा ट्रक को बीच सड़क से हटाने की कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई थी। इस कारण से वहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस को सूचना देने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई पहल नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी दिखाई दी। इस संबंध में जानकारी लेने पर ट्रक के ऑनर ने कुछ भी बोलने से साफ इंकार कर दिया।

# समान नागरिक संहिता पर बहस फिर शुरू

लोकसभा चुनाव करीब आते ही एक बार फिर यूनिफॉर्म सिविल कोड या समान नागरिक संहिता को लेकर देश में बहस छिड़ गई है. एक देश में एक समान कानून की मांग को पूरा करने पर जोर देते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे लागू करने के संकेत दिए हैं.यूनिफॉर्म सिविल कोड में देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक सामान, एक बराबर कानून बनाने की वकालत की गई है. आसान भाषा में बताया जाए तो इस कानून का मतलब है कि देश में सभी धर्मों, समुदाओं के लिए कानून एक समान होगा. मजहब और धर्म के आधार पर मौजूदा अलग-अलग कानून एक तरह से निष्प्रभावी हो जाएंगे.यूनिफॉर्म सिविल कोड संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत आती है. इसमें कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे. इसी अनुच्छेद के तहत इस यूनिफॉर्म सिविल कोड को देश में लागू करने की मांग की जा रही है. इसके पीछे जनसंख्या की को बिगड़ने से रोकना और जनसांख्यिकी को नियंत्रित करने की तर्क दी जाती है. यह मुद्दा एक सदी से भी ज्यादा समय से राजनीतिक नरेटिव और बहस के केंद्र बना हुआ है. बीजेपी ने हमेशा इसे अपने प्राइमरी एजेंडे में शामिल किया है. बीजेपी 2014 में सरकार बनने से ही यूसीसी को संसद में कानून बनाने पर जोर दे रही है. 2024 चुनाव आने से पहले इस मुद्दे ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है. बीजेपी सत्ता में आने पर यूसीसी को लागू करने का वादा करने वाली पहली पार्टी थी और यह मुद्दा उसके चुनाव घोषणापत्र का हिस्सा था. दरअसल, इस कानून के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए प्रताड़ित गैर मुस्लिमों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) को भारत की नागरिकता दी जाएगी. बता दें कि दिसंबर 2019 में संसद से सीएए पारित किया गया था. कानून पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे.हाल ही में 27 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सीएए के कार्यान्वयन को कोई नहीं रोक सकता. यह देश का कानून है. उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर इस मुद्दे को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप भी लगाया था. कोलकाता में पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा था कि सीएए को लागू करना भाजपा की प्रतिबद्धता है. दरअसल, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सीएए का विरोध कर रही है. गृह मंत्रालय की 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 1 अप्रैल 2021 से 31 दिसंबर 2021 तक पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के इन गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदायों के कुल 1,414 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई है. जिन 9 राज्यों में पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को नागरिकता दी गई है, वे गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र हैं. इस संबंध में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि %नागरिकता संशोधन कानून 2019% के नियमों को लोकसभा चुनाव से काफी पहले नोटिफाई कर लिया जाएगा. बताया कि जल्द ही सरकार सीएए के नियम जारी करने जा रही है. एक बार नियम जारी होने के बाद कानून लागू किया जा सकता है, जिससे पात्र लोगों को भारतीय नागरिकता दी जा सके. चार साल से ज्यादा की देरी के बाद अब सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम जरूरी हैं. यह मुद्दा एक सदी से भी ज्यादा समय से राजनीतिक नरेटिव और बहस के केंद्र बना हुआ है. बीजेपी ने हमेशा इसे अपने प्राइमरी एजेंडे में शामिल किया है. बीजेपी 2014 में सरकार बनने से ही ष्ट्ट को संसद में कानून बनाने पर जोर दे रही है. 2024 चुनाव आने से पहले इस मुद्दे ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है. बीजेपी सत्ता में आने पर यूसीसी को लागू करने का वादा करने वाली पहली पार्टी थी और यह मुद्दा उसके 2019 के लोकसभा चुनाव घोषणापत्र का हिस्सा था. यूनिफॉर्म सिविल कोड विवाह, तलाक, गोद लेने और संपत्ति में सभी के लिए एक नियम है. यह परिवार के सदस्यों के आपसी संबंध और अधिकारों में समानता देता है. जाति, धर्म या परंपरा के आधार पर नियमों में कोई रियायत नहीं है. इसमें किसी भी धर्म विशेष के लिए अलग से कोई नियम नहीं है.यूसीसी।के तहत शादी, तलाक, संपत्ति, गोद लेने जैसे मामले हैं. हर धर्म में शादी, तलाक के लिए एक ही कानून होगा. जो कानून हिंदुओं के लिए,वहीं दूसरों के लिए भी. बिना तलाक के एक से ज्यादा शादी नहीं कर पाएंगे. शरीयत के मुताबिक जायदाद का बंटवारा नहीं होगा. यूसीसी लागू होने से धार्मिक मान्यताओं पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा. धार्मिक रीति-रिवाज पर असर नहीं होगा. ऐसा नहीं है कि शादी पंडित या मौलवी नहीं कराएंगे. खान-पान, पूजा-इबादत, वेश-भूषा पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### तीनों राज्यों के लिए मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का चयन किया

# भारतीय राजनीति में एक नया प्रयोग

कुलदीप चंद अग्निहोत्री




> अब भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति में एक नई रीत चला दी है। ऐसे-ऐसे लोग राजनीति में आगे आ रहे हैं जिनके बारे में जानने के लिए मीडिया वालों को गांवों में जाकर धक्के खाने पड़ रहे हैं। कौन हैं भजन लाल शर्मा? पिता जी क्या करते हैं? गांव में सडक़ भी है या नहीं? ऐसी कितनी जानकारियां जमा करनी पड़ रही हैं ताकि एक उम्दा सा लेख लिखा जा सके।

भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत प्राप्त कर ली है। यह अपने आप में अब कोई बडी खबर नहीं है। लेकिन बड़ी खबर तब बनी जब पार्टी ने इन तीनों राज्यों के लिए मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का चयन किया। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री बनाए गए। कहा जा रहा है कि जब राजनाथ सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री और हाल ही तक मुख्यमंत्री पद की सशक्त दावेदार वसुंधरा राजे के हाथ में एक पर्ची देते हुए कहा कि इसे पढ़ कर सुना दो ताकि पर्ची वाले को मुख्यमंत्री घोषित कर दिया जाए। पर्ची पढ़ते समय शायद वसुंधरा राजे को भी विश्वास नहीं हो रहा था कि भजन लाल शर्मा को पार्टी मुख्यमंत्री बना रही है। उनके चेहरे की रंगत से ऐसा ही आभास होता था। मुख्यमंत्री बने ये तीनों शख्स मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में शामिल भी नहीं थे। इस काम के लिए बुलाई गई बैठकों में भी वे पीछे की सफों में बैठे दिखाई दे रहे थे। राजस्थान में दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री का जिम्मा दिया गया। यह ठीक है कि दीया कुमारी का नाम मीडिया में मुख्यमंत्री के तौर पर चर्चा में रहा था, जिसका एक कारण उनका राज परिवार से ताल्लुक रखना भी था। लेकिन उसे उपमुख्यमंत्री होने का संतोष करना पड़ा। अलबत्ता प्रेम चंद किसी रेस में दूर दूर तक नहीं थे। राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा मध्य प्रदेश में उप मुख्यमंत्री बने। छत्तीसगढ़ में अरुण साव और विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री चुने गए। ये सब लोग कौन हैं और इससे भारत की राजनीति में परिवर्तन की दिशा कैसे दिखाई दे रही है? पिछले पचहत्तर साल से लोकतांत्रिक व्यवस्था के भीतर ही देश की राजनीति का अंक पैट्रन विकसित हो गया था। राजनीति में धीरे धीरे एक अभिजात्य वर्ग उभर आया था जो देश की राजसत्ता के शिखर पर बैठ गया था। इस प्रक्रिया ने स्वाभाविक ही वंशवाद को जन्म दिया था। इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह जवाहर लाल नेहरु की बेटी थीं। ध्यान रहे वह लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में महज राज्यमंत्री थीं। लेकिन राजीव गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह इंदिरा गांधी के बेटे थे। प्रधानमंत्री बनने तक देश की राजनीति में उनका कोई स्थान नहीं था। वह एक पायलट थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद प्रधानमंत्री कौन बने? गांधी-नेहरु राजपरिवार में उस समय कोई नहीं था। राजीव गांधी के बच्चे अभी छोटे थे। सोनिया गांधी बन नहीं सकती थीं। नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री तो बने, लेकिन पूरी कांग्रेस इस अप्रत्याशित घटना से भौंचक्की थी। संकट काल में मनमोहन सिंह को गद्दी पर बिठा कर कामचलाऊ व्यवस्था जरूर कर ली गई थी, लेकिन पूरी पार्टी इस बीच असहज ही रही। राहुल गांधी ने दो कैबिनेट द्वारा पारित एक अध्यादेश को सार्वजनिक रूप से फाड़ कर मनमोहन सिंह की वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट कर दिया था। कांग्रेस में सहज स्थिति तब आई जब राजीव गांधी के दोनों बच्चे बड़े हो गए। तब स्वाभाविक ही उन्होंने गियर सम्भाल लिया। कहा जाता है, मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में यह सुझाव भी दिया गया था कि राहुल गांधी को मंत्रिपरिषद में लेकर शासन का कुछ अनुभव प्राप्त कर लेना चाहिए। लेकिन इसे भी राज परिवार में तौहीन की तरह ही देखा गया। वह भविष्य के प्रधानमंत्री हैं, किसी के अधीन मंत्री कैसे बन सकते हैं? भारतीय राजनीति की यह फेहरिस्त केवल नेहरु-गांधी राज परिवार तक ही सीमित नहीं है। राजनीति की यह आकाश बेल सब जगह दिखाई दे रही है। अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री क्यों बनना चाहिए? इसके उत्तर में अखिलेश की योग्यता या अयोग्यता की चर्चा नहीं होती। केवल एक ही योग्यता यह पद सम्भालने के लिए पर्याप्त है कि वह मुलायम सिंह जी के सुपुत्र हैं। फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के स्थायी मुख्यमंत्री का दावा किस आधार पर ठोंकते हैं? उनका एकमात्र आधार शेख मोहम्मद अब्दुल्ला के पुत्र-पौत्र होने का है। ममता बनर्जी ने सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी है कि उनका उत्तराधिकारी उनका भतीजा अभिषेक बनर्जी ही होगा। यही काम मायावती ने सार्वजनिक रूप से किया है। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। लालू यादव ने तो संकट काल में अपनी पत्नी राबड़ी देवी को ही मुख्यमंत्री बना दिया था जिसका राजनीति से कुछ लेना-देना नहीं था। जब किसी ने आपत्ति की तो लालू ने सहज भाव से ही जवाब दिया था कि अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री न बनाता तो भला किसकी पत्नी को बनाता? अब बच्चे सयाने हो गए हैं तो पारिवारिक परम्परा के अनुसार सभी को पुश्तैनी सम्पत्ति बांट कर खाली समय में आनंद के कनकौए उड़ा रहे हैं। बिटिया को उपहार में सांसदी दे दी है। दोनों बेटों को, जिनका पढने इत्यादि में मन नहीं लगता था, उन्हें उप मुख्यमंत्री बना दिया है। अपना कमाएं और खाएं। उधर झारखंड में शिबू सोरेन ने अपने बेटे हेमंत सोरेन को ताज पहना दिया है। सेहत थोड़ा गड़बड़ रहती है। पानी का बुलबुला है। जीते जी बेटे को कुंजी थमा दी है। यह करना बहुत जरूरी है। बुजुर्गवार ऐसे ही तो नहीं कह गए थे कि अपने जीते जी अपना राजपाट बेटे-बिटियों को बांट-बूंट दो, नहीं तो पीछे से नाहक लड़ेंगे और वंश की बदनामी होगी। मुम्बई वाले बाला साहिब ठाकरे यही धोखा खा गए थे। इससे कितनी जगहंसाई और किरकिरी हुई? बेटा उद्धव ठाकरे कह रहा है कि मैं उनका उत्तराधिकारी हूं, उधर भतीजा राज ठाकरे कह रहा है चाचा जी मुझे उत्तराधिकारी बना कर गए थे। घर की लड़ाई बाहर गली-मुहल्ले में सुनाई दे रही है। मायावती और ममता बनर्जी ने शायद इसी से सीख ली हो। तमिलनाडु में करुणानिधि के बच्चों वगैरह की फेहरिस्त को कौन देखे, इतना निश्चित है कि बेटे स्टालिन ने उसे किसी तरह सुलझा कर या फिर दूसरे दावेदारों को किसी तरह किनारे पर पहुंचा कर गद्दी पर कब्जा कर लिया है। लेकिन अब भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति में एक नई रीत चला दी है। ऐसे-ऐसे लोग राजनीति में आगे आ रहे हैं जिनके बारे में जानने के लिए मीडिया वालों को गांवों में जाकर धक्के खाने पड़ रहे हैं। कौन हैं भजन लाल शर्मा? पिता जी क्या करते हैं? गांव में सडक़ भी है या नहीं? ऐसी कितनी जानकारियां जमा करनी पड़ रही हैं ताकि एक उम्दा सा लेख लिखा जा सके। सम्पादक ने मांगा है तो धुर देहात में जाकर धक्के तो खाने पड़ेंगे। पहला जमाना भला था। फारूक अब्दुल्ला कौन है? गूगल में जाएं और अब्दुल्ला पर दो किताबों की सामग्री मिल जाएगी। लेकिन लगता है अब भारत में राजनीति की नई पारी शुरू हुई है जिसमें राजवंश लडख़ड़ाने लगे हैं और आम आदमी जमने लगा है।

दृष्टि कोण

# पार्वती-कालीसिंधु-चंबल नदियों को जोड़ अटल बिहारी वाजयेपी का एक और सपना पूरा करेगी भाजपा

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का एक और सपना पूरा होने के करीब पहुंच गया है। वर्ष 2004 से पहले अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश में नदियों को जोड़ने की परिकल्पना की थी। उन्होंने 31 रिवर इंटरलिंक्स चिन्हित किए थे, लेकिन अटल सरकार लोकसभा चुनाव हार गई। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार आने से यह प्रोजेक्ट दस साल तक ठंडे बस्ते में रहा और यह सपना अधूरा रह गया। वर्ष 2014 में दिल्ली में नरेंद्र मोदी सरकार बनने के बाद एक बार फिर नदी जोड़ो परियोजना की फाइलों को निकाला गया। नदियों को जोड़ने की उम्मीद जागी। केन और बेतवा नदियों को लेकर जोड़ने को लेकर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार में सहमति बन गई है और काम शुरू हो चुका है। अब मध्य प्रदेश और राजस्थान भी पार्वती-कालीसिंधु-चंबल (पीकेसी) नदियों को जोड़ने के लिए सहमति बनाने के लिए आगे बढ़ गए हैं। इस प्रोजेक्ट से पूर्वी राजस्थान में नई हरित क्रांति की शुरुआत हो सकती है। नए पीकेसी लिंक से पानी के लिए तरस रहे



पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, अजमेर, करौली, दौसा, टोंक, सवाईमाधोपुर, कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां में न केवल अगले 30 साल तक पीने का पानी सुचारू रूप से मिलता रहेगा, बल्कि 7 लाख हेक्टेयर नई भूमि सिंचित भी होगी। मध्य प्रदेश में मालवा और चंबल क्षेत्र में 2.8 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई हो सकेगी। इस नए लिंक को राजस्थान में ईस्टर्न राजस्थान कैनल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) के साथ जोड़ा जाएगा। इसको नया नाम ईआरसीपी-पीकेसी लिंक प्रोजेक्ट दिया गया है। दरअसल, ईआरसीपी की कवायद वर्ष 2016 में राजस्थान की भाजपा नेतृत्व वाली वसुंधरा राजे सरकार ने शुरू की थी। उन्होंने एक डीपीआर भी तैयार करा ली थी, लेकिन डीपीआर में खामी के चलते प्रोजेक्ट में विलंब हुआ। डीपीआर में सुधार होता, उससे पहले वर्ष 2018 में राजस्थान में सरकार बदल गई। अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनी तो उसने खामी वाली डीपीआर को ही आगे बढ़ाने का प्रयास किया। उस समय मध्यप्रदेश में भी कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की ही सरकार थी, लेकिन उन्होंने राजस्थान के साथ सहमति नहीं बनाई। फिर यह एक राजनीतिक मुद्दा बनकर रह गया। केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य में अशोक गहलोत सरकार आपस में पानी को लेकर राजनीति में फंसते चले गए। कांग्रेस ने पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में इस मुद्दे को काफी जोर-शोर से उठाया। बजट में कुछ धन भी ईआरसीपी के नाम पर रखा, लेकिन राज्य अपने संसाधनों से इसे पूरा नहीं कर सकता था, यह बात अशोक गहलोत भलीभांति जानते थे। पहले से माना जा रहा था कि यदि राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार आती है तो ईआरसीपी-पीकेसी लिंक प्रोजेक्ट को एक बार फिर गति मिल सकती है। ऐसा हुआ भी। जैसे ही दोनों राज्यों में भाजपा नेतृत्व की सरकार बनी, केंद्र में जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, जो पहले से इस लिंक प्रोजेक्ट को पूरा करने का वादा करते आ रहे थे, सक्रिय हो गए। अभी राजस्थान में मंत्रिमंडल का गठन नहीं हुआ है, लेकिन शेखावत ने राजस्थान और मध्य प्रदेश के अधिकारियों को दिल्ली बुलाकर इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करा दिया है। लोकसभा चुनाव से पहले दोनों राज्यों और केंद्र सरकार के बीच सहमति बनाकर बजट स्वीकृत किया जा सकता है। भाजपा इस प्रोजेक्ट के माध्यम से राजस्थान के 13 जिलों के वोटर्स को साधना चाहती है। यह प्रोजेक्ट नौ लोकसभा सीटों जयपुर, जयपुर ग्रामीण, अजमेर, कोटा, दौसा, भरतपुर, धौलपुर-करौली, टोंक-सवाईमाधोपुर, बारां-झालावाड़ पर भाजपा को लाभ पहुंचाएगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 50,000 करोड़ रुपए का खर्च आएगा, जिसमें 90 प्रतिशत राशी यानी 45,000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार वहन करेगी।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## ऐपवा ने भारत की प्रथम महिला शिक्षका सावित्रीबाई फुले का 193वीं जयंती दिवस मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर में सावित्रीबाई फुले का 193वीं जयंती दिवस रामगढ़ में अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला ससोसिएशन (ऐपवा) रामगढ़ जिला सचिव- नीता बेदिया, उपाध्यक्ष-कांति देवी, सदस्यों में झूमा घोषाल,पंचमी देवी, भावना देवी,मंजू देवी,मीला देवी,मगनी देवी,चरकी देवी, संजोती देवी, शांति देवी,पुरनी देवी,सतिया देवी,रिझनी देवी,उपासी देवी अन्य महिलाएं शामिल होकर मनाई।सर्वप्रथम उपस्थित सभी महिलाओं ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पाजंलि अर्पित की गई और नारेबाजी की गई। लड़कियों एवं महिलाओं के प्रति शिक्षा का अलख जगाने वाली सावित्रीबाई फुले अमर रहे। फासीवादी मिटाओ, लोकतंत्र बचाओ,देश बचाओ। क्रांतिकारी शहीदों के सपनों का भारत बनाओ। स्वभिमान से जीने के लिए पढ़ाई करो, पाठशाला ही इंसानों का सच्चा गहना है। देश की प्रथम महिला शिक्षका,नारी मुक्ति के प्रणेता महान समाज सेविका, क्रांति की ज्योत जलाने वाला सावित्री बाई फुले की जयंती पर उन्हें कोटी कोटी नमन करते हैं। नीता बेदिया द्वारा सावित्रीबाई फुले की जीवनी का पाठ किया गया। देश में महिला शिक्षा और आधुनिकता की अलख जगाने वाली सावित्री बाई फुले की आज जयंती है. 3 जनवरी 1831 को पुणे से 50 किलोमीटर दूर नईगांव में उनका जन्म हुआ था। सोचिए तो धर्म कैसी खतरनाक है,जो कैसी-कैसी चीजों से खतरे में आ जाता हैं। सावित्री बाई द्वारा धर्म की निर्धारित चौहद्दी के बाहर शिक्षा को ले जाने की कोशिशों को धर्म के विरुद्ध और धर्म के लिए खतरा करार दिया। नतीजा सावित्री बाई का प्रचंड विरोध हुआ। वे स्कूल जाती तो रास्ते में उन पर पत्थर,गोबर आदि गंदगी फेंकी जाती. लड़कियों और दबे कुचलों को शिक्षा देने की फुले दंपति की कोशिशों के विरोध ने ज्योतिबा के पिता को तक भयभीत कर दिया. फलतः दोनों पति-पत्नी को 1849 में घर से निकाल दिया गया. लेकिन इतने विरोध के बावजूद शिक्षा को लेकर इस दंपति के कदम डगमगाये नहीं। महिला शिक्षा और समाज में उपेक्षित,वंचित तबकों के लिए जीवन पर्यंत प्रतिबद्ध रहने वाली सावित्रीबाई फुले की मृत्यु भी समाज सेवा करते हुए. 1897 में प्लेग के मरीजों की सेवा करते हुए,वे स्वयं भी प्लेग की चपेट में आ गयी और 10 मार्च 1897 को इस दुनिया से रुखसत हो गयी। भारत में पहली महिला शिक्षक और पहली महिला प्रधान अध्यापक तथा महिलाओं,वंचित उपेक्षितों के लिए आजीवन संघर्षरत रही। आज के दौर में महिलाओं पर घरेलू हिसा, अत्याचार,रेप छेड़खानी तेजी से बढ़ रहा है। महिलाओं को आज भी समाज और सरकार ने अधिकारों से वंचित किया हैं। शैक्षणिक , राजनीतिक,सामाजिक, आर्थिक बराबरी के के लिए सावित्रीबाई फुले से प्रेणना लेते हुए लड़ाई तेज करने का संकल्प लेना चाहिए।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई विभिन्न परियोजनाओं में भू अर्जन संबंधित बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न परियोजनाओं में भू अर्जन संबंधित कार्यो को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने भारतमाला परियोजना के तहत भू अर्जन कार्यो को लेकर पैकेजवार अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया वहीं उपयुक्त ने विभिन्न मामलों में मुआवजे के भुगतान में आ रही समस्याओं के मद्देनजर न्यायालय में इंटरप्लेडर शूट फाइल करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारियों को एनएचएआई के अधिकारियों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभा आयोजित कर मुआवजे भुगतान में वंशावली



सहित अन्य समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पथ निर्माण विभाग द्वारा रामगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ललकी घाटी से मारंगमर्चा एवं ललकी घाटी से छत्तरमांडू तक बनाए जाने वाले सड़क संबंधित कार्यों में अब तक पूर्ण की गई प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता श्री रॉबिन टोप्पो को कार्यों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने एनएचएआई सहित विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों व प्रतिनिधियों को कार्यों में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल रूप से इसकी सूचना जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने बरलांगा कसमार सड़क निर्माण के तहत अब तक हुए कार्यों, विभिन्न परियोजनाओं में एफ आर ए, एनएच 33 चौड़ीकरण परियोजना में भू अर्जन आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों/ प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## ज़ोया परवीन ने कल्याण पदाधिकारी से की मुलाक़ात, योजनाओं की जानकारी ली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक वि के ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने बुधवार को समरणालय पहुँच कर रामगढ़ ज़िला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी से मुलाक़ात कर योजनाओं से संबंधित वार्ता की साथ ही ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने कहा की क्षेत्र में लभूकों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे यह सुनिश्चित करें एवं नए लाभूकों को जल्द से जल्द योजनाओं से जोड़ते हुए लाभ पहुँचाया जाय ताकी कोई छूटे नहीं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुँचे। इस दौरान ज़िला कमिटी के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भारत सरकार से वार्ता के बाद देश भर के ड्राइवरो ने हड़ताल वापस लिया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में अधिकारियों के चलाने वाले बोलेरो ड्राइवरो ने भी केन्द्र सरकार के बनाए गए कानून का विरोध कर तीन दिवसीय हड़ताल का समर्थन किया था।वहीं मंगलवार शाम में भारत सरकार गृह मंत्रालय के सचिव के साथ ट्रांसपोर्टरो व ड्राइवरों संघ की सफल वार्ता के बाद ड्राइवरों ने अपनी हड़ताल को वापस ले लिया है।इसी आलोक में बुधवार को बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष ड्राइवरो ने हड़ताल को समाप्त करते हुए अपने अपने क्षेत्र के कार्यो में निकल गये। वहीं इस मौके पर सुरेन्द्र भगत,सचिन कुमार, पंकज कुमार, राजेन्द्र भगत, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार,चमन मुंडा, शेखर मुंडा,बिजय पासवान,अनुज कुमार,प्रदीप कुमार,धीरज कुमार, सुरेश करमाली,शशी कुमार,पुरंजय प्रजापति पलामू,दीपक हांसदा, मनोज कुमार,काजू, रंजीत ठाकुर, अशोक कुमार, धनंजय, किशोर पासवान, सिकंदर हेम्ब्रोम, अनिल बेसरा, सुधीर कुमार,माखन, प्रकाश कुमार आदि लोग मौजूद थे।



## अरगड्डा पवार हाउस का जला ट्रांसफर्मर, 21 घंटे बाद दूसरे दिन बिजली बहाल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा का कांलोनी क्षेत्र 21 घंटों से अंधकार में डुबा रहा। दूसरे दिन बुधवार को दोपहर तीन बजे मजदूर कांलोनी में बिजली बहाल हो पाई। बताया गया कि बिजली गुल बीते मंगलवार संध्या पांच बजे से अरगड्डा पावर हाउस के दो केवी ट्रांसफर्मर जल जाने के कारण हुआ। बिजली कर्मियों व ईएंडएम कामगारों के द्वारा किरान से उठाकर खराब ट्रांसफर्मर को सिरका परियोजना कार्यालय परिसर में रखने के दौरान ट्रांसफर्मर की रस्सी फिसला। इससे दुर्घटना की आशंका कुछ क्षण के लिए उत्पन्न हुई। बिजली कटने से अरगड्डा बाजार, रोलर चौक, नीचे धौड़ा, सुभाषनगर कांलोनी क्षेत्र प्रभावित हुए। इससे छोटे बच्चों, बुजुर्गों, बिमारो को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



## संक्षिप्त खबरें

### समाजसेवी ने स्वास्थ्य मंत्री से सदर अस्पताल में सर्जन डॉक्टर की मांग



**लातेहार :** समाजसेवी मुरली प्रसाद ने सदर अस्पताल में कहा की इतने बड़े अस्पताल में सर्जन डॉक्टर के नहीं रहने से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए उन्होंने सूबे के स्वास्थ्य मंत्री और जिले के उपायुक्त से सर्जन डॉक्टर सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त करने की मांग की है।उन्होंने कहा की लातेहार जिला मुख्यालय होने के वावजूद भी सर्जन डॉक्टर का सदर अस्पताल मे अभाव है। यहां बताते चलें की अस्पताल में प्रतिदिन काफी संख्या मे सुदूर क्षेत्रों से मरीज अपना इलाज कराने पहुंचते है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत कंबल व उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नारियल तोड़ एवं फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया बेबी देवी ने किया। अतिथि के रूप में विधायक किशन कुमार दास प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो व अन्य शामिल थे। संचालन प्रखंड भाजपा अध्यक्ष कपिल कुमार ने किया। जहां सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी लखन दांगी पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा उप प्रमुख प्रीतम यादव महेंद्र राम उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के तहत गरीबी या सहाय लोगों को कंबल एवं उज्वला योजना के पांच लोगों को गैस चूल्हा व टंकी वितरण किया गया। और केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी लोगों के बीच बताई गई। इसके बाद लोगों ने शपथ भी लिया। तथा आंगनबाड़ी के दीदी के द्वारा गोद भराई एवं मुंह झूठी का रसम किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बबलू कुमार साव प्रसादी पासवान जेएसएलपीएस से अभिषेक कुमार सीसी दिलीप कुमार विजय रजक आंगनबाड़ी सेविका दीदी समेत महिलाएं व सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहें। इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार भी जताया।

## चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक जांगी गांव में हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक सदर प्रखंड के जांगी गांव में बुधवार को संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मदेव पांडेय ने किया। संचालन जिला सचिव राजन पांडेय ने किया तथा उनके साथ गौतम पांडेय ने दिया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक जिला अध्यक्ष संजय पांडेय जिला संरक्षण कृष्णदेव पांडेय अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सतीश मिश्रा उपस्थित हुए। बैठक को संबोधन करते हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चतरा जिला ब्राह्मण समाज सबसे आगे है एवं प्रदेश में चर्चा का काबिल है।आगे बोले कि समर्पण सेवा भाव से ही समाज का कल्याण होगा।इसलिए हर एक ब्राह्मण दूसरे ब्राह्मण की मदद करें। आगे इन्होंने कहा कि जांगी गांव ब्राह्मण समाज से जुड़े यहां के अनेकों ब्राह्मणों का नाम चर्चित रहा है। इसमें पूर्व में रह चुके जिला सचिव स्व सुरेंद्र पांडेय स्व हीरामन पांडेय स्व भुनेश्वर पांडेय का नाम शामिल है। तथा इन लोगों के प्रति नमन भी किया। जिला अध्यक्ष ने कहा समाज की सभी कार्य धीरे-धीरे पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। आप लोगों का साथ मिलता रहा तो बहुत जल्द समाज शिक्षित होगा। आगे बोले की कुछ ब्राह्मण बंधु बिखरे हुए हैं।जिसके लिए हम लोगों का प्रयास जारी है।और वह बहुत जल्द हम सभी के साथ हो जाएंगे। बैठक में उपस्थित जिला का अधिकारी सदस्य यदुनंदन पांडेय शंभू पांडेय मनोज पांडेय आदित्य पांडेय विनोद पांडेय नागेश्वर पांडेय दर्जनों पांडेय समाज के लोग बैठक में शामिल थे।

## निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का डीसी अबू इमरान ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का आज निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत प्रशिक्षण एवं जागरूकता हेतु भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस खोला गया तथा राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों द्वारा चिन्हित ईवीएम - वीवीपैट को वेयर हाउस से निकाल कर अलग वेयर हाउस में रखने हेतु आदेश दिया। वहीं उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख रखाव समेत अन्य का जायजा लिया। सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि एवं अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

## झारखंड राज्य के धरोहर है जयपाल सिंह मुंडा : अलीहसन अंसारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बुधवार को झारखंड अलग राज्य निर्माण की पटकथा लिखने वाले आंदोलनकारी महानायक जयपाल सिंह मुंडा की जयंती आंदोलनकारी दिवस के रूप में बरवाडीह ब्लॉक परिसर में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जहां कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय सचिव अलीहसन अंसारी के नेतृत्व में नगाड़े और मांदर की थाप पर झांकी के रूप में विवेकानंद चौक से की गई। झांकी सैंकड़ों लोगों के साथ रेलवे क्लोनी होते बाजार से बस स्टैंड स्थित अंबेडकर चौक पर बाबा अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ब्लॉक परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश, बीससूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि शशिशेखर सिंह की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित करके पहले आंदोलनकारी जयपाल सिंह मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान अलीहसन अंसारी ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा की जयंती समारोह आंदोलनकारी दिवस के रूप भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। कहा कि झारखंड आंदोलनकारी के महानायक मुंडा जी झारखंड की संस्कृति जल जंगल जमीन को बचाने और झारखंड अलग राज्य का निर्माण के लिए सबसे पहले आवाज को बुलंद किया, आंदोलनकारी जयपाल सिंह मुंडा झारखंड राज्य के धरोहर हैं। वहीं इस मौके पर बीडीओ, बीससूत्री अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि आंदोलनकारी दीनानाथ राम समेत अन्य लोगों ने अपने अपने विचार रखे। मौके पर ऋषि मुनि अलाउद्दीन खां चंद्रभान सिंह, ग्यासुद्दीन अंसारी, राजकिशोर सिंह, अशोक उरांव, महबूब खां, मोहन सिंह, अशोक कोरवा, गुलाब हुसैन जोहन कंडोलना समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## तकनीकी कार्य वाली योजनाओं के गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्व प्रथम उपस्थित सभी कार्यकारी एजेंसी से योजनाओं के वर्तमान स्थित की बिंदुवार जानकारी ली गई। उन्होंने कहा वैसी तकनीकी योजनाएं जो किसी भी कारण से लंबित है उसे संबंधित विभाग के साथ आपस में समन्वय स्थापित कर पूर्ण कराएं। अनाबद्ध निधि मद, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद, सीएसआर, विशेष केंद्रीय सहायता मद से संचालित सभी योजनाओं को भौतिक और वित्तीय रूप से जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला योजना पदाधिकारी को लगातार कार्य स्थल पर भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। कहा तकनीकी कार्य में गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित समेत संबंधित पदाधिकारी एवं कार्यकारी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

# लातेहार की खबरें

## बिनेसर सिंह की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया उद्भेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के मोंगर पंचायत के गोवा ग्राम निवासी बिनेसर सिंह, पे स्व गोबरधन सिंह की बीते मंगलवार की सुबह तेज धारदार हथियार से हत्या की गई थी, जिसका उद्भेदन लातेहार पुलिस के द्वारा 24 घंटा के अंदर ही कर लिया गया।पुलिस ने हत्या के दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है वहीं इस संबंध में लातेहार सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि गोवा ग्राम निवासी बिनेसर सिंह की धारदार हथियार से हत्या कर देने की सूचना मिली थी। इस संबंध में गंगोत्री देवी, पति अनुप सिंह, सा0 गोवा, थाना व जिला लातेहार के फर्दबयान के आधार पर लातेहार थाना काण्ड सं0 01/2024, एवं भा0द0वि0 302/201/120क्ष अंकित कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। अनुसंधान के क्रम में काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त 01. बिजुल कुमार सिंह, उम्र करीब 21 वर्ष, पे0 श्रवण सिंह 02. मुनिका कुंवर, उम्र करीब 21 वर्ष, पति स्व0 सोमनाथ सिंह दोनों सा0 गोवा, थाना व जिला लातेहार को विधिवत गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान में यह बात प्रकाश में आया कि मृतक बिनेसर सिंह की बहु मुनिका कुंवर एवं गाँव के ही बिजुल कुमार सिंह का प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच मृतक दिनांक 31/12/2023 को रात्रि में मुनिका कुंवर एवं बिजुल कुमार सिंह को आपत्तीजनक हालत में अपने ही घर में देखा। अगली सुबह मृतक ने रात्रि की घटना को पुरे गाँव में बता दिया। जिससे पुरे गाँव में मुनिका कुंवर एवं बिजुल कुमार सिंह की बदनामी होने लगी। इससे आक्रोशित होकर मुनिका कुंवर एवं बिजुल कुमार सिंह ने बिनेसर सिंह की हत्या करने का योजना बनाया। बीते मंगलवार की सुबह में मृतक हर रोज की भांति शौच के लिए घर से निकले जिसकी सूचना मुनिका कुंवर ने मोबाईल के माध्यम से बिजुल कुमार सिंह को दी। सूचना मिलते ही बिजुल कुमार सिंह घर से अपने साथ टाँगी लेकर खेत की ओर निकल पड़ा । बिनेसर सिंह को शौच कर वापस आते देख टाँगी से सिर, गाल एवं कान पर हमला कर हत्या कर दिया।

## जीवन अस्पताल बेहतर सेवा देने को तत्पर : डॉ. आलोक कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** अंबेडकर चौक करीब राजेंद्र कम्प्लेक्स में संचालित जीवन अस्पताल का तीन वर्ष पुरा होने के उपलक्ष्य में तीसरा स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी की उपस्थिति रही। वहीं इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा संयुक्त रूप से केक काटा गया बाद इसके अस्पताल में इलाजरत मरीज के बीच अतिथि और अस्पताल प्रबंधन के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। मौके पर डॉ सिंह ने कहा कि जीवन अस्पताल प्रबंधन ने अपने स्वच्छ कार्यों की बदौलत प्रखंड क्षेत्र में बेहतर सेवा देने का प्रयास लगातार हो रही है, प्रबंधन ज्यादातर गरीब मजबूर तबके के लोगों को कम खर्च में बेहतर सुविधाओं के साथ सेवा के लिए तत्पर है। वहीं गरीब मजबूर लोगों को बेहतर इलाज और ऑपरेशन के लिए किसी अन्य शहरों के अस्पतालों में जाना न पड़े इसके लिए जीवन अस्पताल प्रबंधन का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में सरकार के माध्यम से शिविर आयोजित कर मोतियाबिंद और बंध्याकरण का लाभ भी ग्रामीणों को दिया गया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्वास्थ्य कर्मी और स्वास्थ्य सहिया को अस्पताल प्रबंधन के द्वारा सम्मानित भी किया गया। मौके पर विपिन प्रसाद, सर्जरी असिस्टेंट डॉक्टर अरविंद कुमार, अहमद रजा, आलोक कुमार रजक, दलकेश्वर राम, दिलकश रजा, जाकीर हुसैन, डॉक्टर बबलू, लालमुनी देवी, संगीता देवी, फगुनी देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू का हुआ भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के थाना चौक में बुधवार को तेली साहू के जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद के नेतृत्व में समाज के प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर प्रमंडलीय अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि आगामी 12 जनवरी को लातेहार जिले के बालूमाथ में तेली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें चतरा संसदीय क्षेत्र के समाज के लोग शामिल होंगे। जिसमें चतरा संसदीय क्षेत्र से 10 हजार से अधिक लोग जुटेगे. उन्होंने कहा कि मिलन समारोह के दौरान चिंतन मनन और राजनीतिक पर भी चर्चा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र में तेली समाज की बहुलता है। मौके पर भोला प्रसाद, रंजीत प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, बबलू कुमार, राजू प्रसाद, विनोद प्रसाद व मनु प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 12 जनवरी को साहू समाज का प्रमंडलीय महासम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ भामाशाह नगर में बुधवार को तैलिक साहू समाज के प्रखंड अध्यक्ष आदित्य नारायण साहू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमे मुख्य अतिथि प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू उपस्थित हुए। सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि बालूमाथ में आगामी 12 जनवरी को तैलिक साहू समाज के प्रमंडलीय बैठक आयोजित की जाएगी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए तैलिक साहू समाज के प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने कहा कि समाज के सभी लोगों को एकजुट होने की आवश्यकता है ताकि जनसंख्या के आधार पर हमारे समाज को भी हर जगह उचित स्थान मिले। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज में शिक्षा की कमी के कारण कई तरह की कृतियां फैली हुई है जिसे दूर करने के लिए समाज को एकत्रित होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम संगठित रहेंगे तभी सभी राजनीतिक दल के लोग हमारा उचित हिस्सेदारी देगा वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के कई लोगों को जिम्मेवारी दी गई है। इस बैठक में बबलू गुप्ता, महेश्वर साहू, अरुण साहू, रविंद्र कुमारगुप्ता, देवनंदन साहु, अर्जुन कुमार साहू, मुंशी साहू, राजन कुमार, संतु प्रसाद गुप्ता समेत कई लोग शामिल थे। वही कार्यक्रम का संचालन रंजीत गुप्ता ने किया।

## बालूमाथ में हाई स्कूल का चारदीवारी अज्ञात बदमाशों ने तोड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थिथ राजकीय कृत उच्च विद्यालय में अज्ञात बदमाशों द्वारा स्कूल का चारदीवारी तोड़ दिया गया। जिससे बाद विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी बानो ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि मंगलवार की रात्रि में अज्ञात बदमाशों द्वारा विद्यालय का चारदिवारी तोड़ दिया गया। जिससे विद्यालय परिसर में बाहरी लोगों का आना-जाना शुरू हो गया है। और शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। फिलहाल स्कूल मद से क्षतिग्रस्त चारदिवारी को बनवा दिया गया। लेकिन बदमाशों द्वारा पुनः क्षतिग्रस्त किया जा सकता है। प्रधानाचार्य ने बालूमाथ थाना प्रभारी से दोषियों पर कार्रवाई करते हुए विद्यालय परिसर में सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। वही बालूमाथ पुलिस दिए गए आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

## जंगली हाथियों के झुंड ने फसल को रौंदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डाढ़ा पंचायत के डाढ़ा ग्राम में जंगली हाथियों के झुंड ने बीते मंगलवार के मध्य रात्रि उत्पात मचा कर खलिहान में रखी लगभग बीस क्वीनटल धान चट कर गए। एवं लगभग एवं एव आस पास खेत पर लगे गेहुं के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। जंगली हाथियों के इस उत्पात मे डाढा ग्राम के नावाटोला निवासी मजदूर किसान तिलक यादव पिता स्वर्गीय दुखन यादव।के खलिहान मे बोरी मे भर कर रखे लगभग बीस कवीन्टल धान को चट कर गये। वही लगभग ढाई एकड़ भूमि पर लगे गेहु के फसल को रोंदकर बर्बाद कर दिया। मजदूर किसान तिलक यादव ने बताया की मै मजदूर किसान हूँ मै अपनी जमीन के अलावे गाँव के ही राजेश्वर सिंह पिता जयनारायण सिंह के खेत को बटाय मे लेकर खेती करता हूँ। इस वर्ष हमारी धान की फसल अच्छी हुई थी। मंगलवार दिनभर धान को मैसवाकर बोरियों मे भर कर रख दिए थे। साम को देर होने के कारण सभी धान खलिहान मे छोड़ दिए थे। जिसे जंगली हाथियों ने चट कर दिया साथ ही लगभग ढाई एकड़ भूमि पर लगे गेहुं के फसल को भी रौंद कर बर्बाद कर दिया। मैं मजदूर किसान खेती बाड़ी कर अपने परिवार और बच्चों को पालन पोषण करता हूँ। अब मेरे पास वर्ष भर खाने हेतु अनाज का किलत रहेगा। पीड़ित किसान ने संबंधित विभाग से आज के समय मे फसल क्षतिग्रस्त का आंकलन कर मुआवजा की मांग किया है। ज्ञात हो की बालूमाथ बारियातू व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र मे बीते पांच वर्षो से हाथियों की उत्पात जारी है. खेती की मौसम मे कई किसानों का फसल नस्ट कर दिया जाता है. वहीं कई किसान हाथों के डर से फसल भी नहीं लगाये। क्योंकि हाथीयों द्वारा क्षति होने पर उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है और वन विभाग का चक्कर लगाना पड़ता है। इस संबध में दर्जनों ग्रामीण किसानों ने लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन से उचित मुआवजा दिलाने के साथ साथ इस क्षेत्र में एक्सपर्ट टीम बुला कर जंगली हाथियों को अविलम्ब भगाने की मांग भी किया है.

## संक्षिप्त खबरें

### श्री राम जन्मभूमि पूजित अक्षत हर घर वितरण में जुटे रामसेवक

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की पावन भूमि अयोध्या से श्री राम मंदिर से पूजित अक्षत आज चेडरा पंचायत में बजरंगदल जिला सह संयोजक वरुण कुमार तथा विहिप एवं बजरंगदल कार्यकर्ताओं के साथ वितरण का शुभारंभ किया गया। पूजित अक्षत वितरण का सेवानिवृत्त शिक्षक उपाध्याय सर के आवास से प्रारंभ की गई।पूजित अक्षत हर घर वितरण 1 जनवरी से 15 जनवरी तक पूरे देश में चलेगा।श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024 को होने जा रही है,इसी निमित प्रखंड के हर घर तक विहिप एवं बजरंगदल कार्यकर्ताओं द्वारा पूजित अक्षत निमंत्रण दिया जाना है। वरुण कुमार ने कहा कि बहुत हम सब बहुत सौभाग्यसाली है,कि प्रभु श्री राम जी के कार्य में गिलहरी के रूप में कार्य करने का सौभाग्य मिला है । इस पुण्य अक्षत वितरण कार्यक्रम में मातृ शक्ति प्रमुख कंचन देवी, समसरता प्रमुख नरेश रवानी, शिवम पांडेय उपस्तिथि थे ।

### टाटीझरिया जीप सदस्य ने किया कंबल वितरण

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के झरपो पंचायत में गरीब वृद्ध विधवा विकलांग लाभुको के बीच टाटीझरिया जीप सदस्य रामप्रसाद ने लगभग 45 कंबल का वितरण किया और कंबल वितरण के दौरान जीप सदस्य ने लाभुको से कहा कि बढ़ते हुए ठंड में बेवजह बाहर नहीं निकले । लाभुको में मो.अनिता,सोहरी मो.रामलाल सिंह, मो.देवनती देवी,कबूतरी देवी, रूनवा देवी,फुलेश्वरी मो.गोविंद भुइंया,नागेश्वर राम,लखन पांडेय, जाटों महतो,सूरज भुइंया,यशोदा मो.सुधा देवी,सीता देवी,पार्वती देवी, पनवा मो. , उगनी देवी, समेत अन्य कई लोग मौजूद थे। लाभुको में कंबल पाकर बहुत खुशी देखा जा रहा था।

### 24 जनवरी को झारखंडी महापंचायत में उमड़ेगी लाखों की भीड़

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगवां टोल प्लाजा स्थित हवाई अड्डा मैदान में आगामी 24 जनवरी को झारखंडी महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत में हजारीबाग, चतरा, रामगढ़, कोडरमा, ,बोकारो, धनबाद, राँची, गिरिडीह जिले समेत अन्य हिस्सों से लगभग एक लाख लोगों का जनसैलाब देखने को मिलेगा। विशेषकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही, हजारीबाग सदर, बड़कागांव, मांडु और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के आम जनमानस की सहभागिता होगी। कार्यक्रम झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) हजारीबाग इकाई द्वारा किया जा रहा है। महापंचायत के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को हवाई अड्डा मैदान में बैठक किया गया। बैठक में आयोजन समिति एवं जेबीकेएसएस के केंद्रीय पदाधिकारी सहित कई नौजवान, समर्थक सम्मिलित हुए एवं रणनीति बनाई। इस दौरान कई विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

**क्या है इस महापंचायत का उद्देश्य :** दरअसल जिन स्थानीय, नियोजन, पुनर्वास के मुद्दों पर नौजवान झारखंड में यह लड़ाई लड़ रहे हैं उन मुद्दों का नीतिगत समाधान चाहते हैं। हालांकि इस बीच इन नौजवानों ने नेतृत्व में हकमारी को भी एक मुद्दा बनाया है। नौजवानों का कहना है कि झारखण्ड यदि अलग राज्य बना है तो यहाँ सांसद - विधायक बनने का पहला हक झारखंडियों का है। लेकिन राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के छल के कारण झारखंड के लोग नेतृत्व में हक पाने से वंचित हो जा रहे हैं। ऐसे में झारखंड की जनता में राजनीतिक चेतना लाना बेहद जरूरी है। झारखंड की जनता अपना वोट झारखंडी माटी के बेटा - बेटी को दे।

**किया जायेगा जन जागरूकता अभियान :** सभा से पूर्व हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र एवं अन्य हिस्सों के हर पंचायत एवं गाँव में जन जागरूकता अभियान चलेगा। जिसमें लोगों से हज़ारीबाग चलने का आह्वान किया जाएगा। इसके लिए बूथ एवं पंचायत स्तर तक की कमिटी को सक्रिय किया गया है।

**स्थानीय मुद्दों पर होगी आवाज बुलंद, दिया जायेगा बदलाव का संदेश :** महापंचायत में मुख्य तौर पर स्थानीय हक अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे झारखंडी योद्धा जयराम महतो एवं संजय मेहता सहित झारखंड के अन्य वक्ता अपनी राय रखेंगे। वैसे सीट जहाँ पर झारखंडी माटी के सांसद - विधायक नहीं हैं। वहाँ पर जेबीकेएसएस जनजागरूकता लाने का कार्य कर रहा है। इस सभा के माध्यम से हज़ारीबाग लोकसभा में बदलाव का संदेश दिया जाएगा। आम लोगों से झारखंड के लोगों को सांसद - विधायक चुनने का आह्वान किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर स्थानीयता, नियोजन, निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नौकरी, ओबीसी आरक्षण, सामाजिक न्याय एवं अन्य बिंदुओं को लेकर गाँव - गाँव जागरण अभियान चलाया जाएगा।

**संजय मेहता ने किया अपील :** महापंचायत को लेकर राज्य के युवा नेतृत्वकर्ता एवं जेबीकेएसएस के संस्थापक सदस्य संजय मेहता ने अपील किया है । उन्होंने कहा है कि इस महाजुटान में भारी संख्या में उपस्थित होकर एक बड़ा संदेश दें। बदलाव के शंखनाद में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

**अब तक कई बड़ी सभाएं में उमड़ी है लाखों की भीड़ :** स्थानीयता एवं झारखंडी मुद्दों पर जारी आंदोलन ने अब व्यापक स्वरूप धारण कर लिया है। नौजवानों की टोली ने पिछले दो साल में झारखंड के भीतर राजनीतिक खलबली मचा दी है।

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले जयराम महतो एवं संजय मेहता के नेतृत्व में पूरे राज्य के भीतर बड़ा आंदोलन छेड़ दिया गया है। लगातार बड़ी - बड़ी सभाएं की जा रही है। बदलाव संकल्प सभा के माध्यम से संजय मेहता एवं जयराम महतो ने सैकड़ों सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान लाखों की भीड़ उमड़ी।

# अबुआ आवास का ग्राम सभा चरही पंचायत भवन सभागार में किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** बुधवार को चरही पंचायत भवन सभागार में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुखिया संझली मुर्मू ने किया वही संचालन उप मुखिया अभिजीत सिंह ने किया ग्राम सभा में अबुआ आवास के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दिया गया वही मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य निरंजन महतो आशा राय मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह पंचायत सेवक अशोक कुमार, रोजगार सेवक जुबेर आलम वार्ड सदस्य बबली महतो, अलाउद्दीन अंसारी, गब्बर सिंह , सितामुनि टुडु ,प्रकाश टुडू, ललिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि महादेव सोरेन , राजू रविदास , मोहन ठाकुर, गोबिंद भोगता, घनश्याम , दिनेश भुईया, मुमताज़ अंसारी, नेजाम अंसारी, इस्तियाक अंसारी,चरही पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालक पंकज कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित है ।

# मध्य विद्यालय झरपो में मनाया गया सावित्रीबाई फुले जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के मध्य विद्यालय झरपो परिसर में सावित्री बाई फुले जयंती समारोह मनाया गया। मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार दीपक ने कहा कि 3 जनवरी 1831 को हुवा था। उनके पिता का नाम खांदो जी नौवेसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई था सावित्री बाई फुले का विवाह 1841में ज्योति राव फुले के साथ हुआ।सावित्री बाई फुले भारत के प्रथम कन्या बालिका विद्यालय की प्रधानाध्यापिका थी । और उन्होंने ही सर्व प्रथम किसान प्रशिक्षण विद्यालय की स्थापना किया था। जिसके उपलक्ष्य पर विद्यालय परिसर में सावित्री बाई फुले के तस्वीर पर छात्र छात्राओं शिक्षक ,शिक्षकाए संग मुख्य अतिथि के रूप में आए भाजपा के नेता बटेश्वर मेहता सुनील मेहता ने पुष्प अर्पित कर जयंती समारोह मनाया । और बच्चो को उनके ही मार्ग पर चलने को लेकर प्रेरणा देते हुए उज्वल भविष्य की कामनाएं किया। मौके पर महेंद्र इंदिवार,पिंटू रविदास,केदार प्रसाद, टेको राम, मोहन साव,प्रदीप कुमार, राजकुमार प्रसाद,विमला देवी ,पंकज कुमार,घनश्याम राम,उषा कुशवाहा समेत कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# विष्णुगढ़ खरना में अबुआ आवास लाभुकों के चयन के लिए ग्राम सभा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के चयन के अंतिम चरण में विष्णुगढ़ प्रखण्ड के खरना पंचायत में अबुआ आवास को लेकर पंचायत भवन मे ग्रामसभा की गई।जिसकी अध्यक्षता मुखिया निर्मला देवी ने किया। आहूत ग्रामसभा में भौतिक सत्यापन के पश्चात योग्य और अयोग्य अबुआ आवास लाभुको का चयन किया गया।

ग्रामसभा में मुख्य रूप से उपमुखिया बसंती देवी,वार्ड सदस्य राजेंद्र प्रसाद,लालचंद महतो,पार्वती बेसरा,पंसस प्रतिनिधि शिबू सोरेन,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जगदीश महतो,पूर्व वार्ड सदस्य संजय प्रसाद,प्रीतम महतो समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# अयोध्या से आए पूजित अक्षत का शिवपुर गांव में किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के ग्राम शिवपुर में अयोध्या सें आये पूजित अक्षत व आमंत्रण का वितरण शुरू किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भगवती मंदिर सें किया गया, जहाँ अयोध्या के निर्माणधीन मंदिर का चित्र देकर निमंत्रण दिया। कार्यक्रम में बरही प्रखंड के संयोजक चंदन कुमार केसरी के नेतृत्व में श्री राम पूजीत अक्षत का वितरण आरम्भ किया गया। स्थानीय मुखिया मनोज कुमार के देखरेख में पूजित अक्षत का वितरण सयुक्त रूप से सभी घरों में किया गया। मुखिया मनोज कुमार ने कहा की हर सनातन धर्म को मानने वालों के लिए भगवान श्री राम पूजनीय है। उन्होंने ग्रामीणों से आगामी 22 जनवरी को अपने घरों में भगवा ध्वज लहराने की अपील की। कार्यक्रम में पूजित अक्षत कों विधि विधान के साथ पूजन कर जय श्री राम का उदघोष एवं गीत के साथ श्री राम मंदिर का चित्र तथा पूजित अक्षत वितरण किया गया। वहीं मोहन प्रजापति ने राम भक्तो से अनुरोध किया कि अयोध्या पूजित अक्षत सह निमंत्रण एवं पत्रक आप अपने पूजा घर में रखे और 22 जनवरी को अपने नजदीकी मंदिर और अपने घर को दीपावली की तरह सजाएं और दीपक जलाएं। 22 जनवरी को अपने नजदीक के मंदिर में पूजा पाठ, भजन कीर्तन, आरती करना और श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टीवी के माध्यम से मंदिर में एकत्रित होकर देखना है। साथ ही साथ प्रखंड पूजित अक्षत संयोजक चंदन कुमार केशरी ने कहा की जनवरी को कैलेंडर बदलें कोई एतराज नहीं पर हमारे संस्कार और संस्कृति नहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय प्रजापति, पुरन राम, मोहन प्रजापति, लालन राणा, नारायण प्रजापति, रामधनी साव, अनुज साव, उदय यादव, विजय यादव, पवन राणा, विजय प्रजापति, विनय कुमार, सचिन यादव, राहुल यादव, धर्मेंद्र प्रजापति, राम जी साव, नरेश प्रजापति, तुलसी राम, सरिता देवी, यशोदा देवी सहित सैकड़ों माताएं बहनें राम भक्त के रूप में शामिल थे।

# वर्षो से लंबित वेतन की मिली पहली किस्त खिल उठें ओल्ड एज होम के कर्मचारियों के चेहरे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के एसपी कोठी के समीप स्थित ओल्ड ऐज होम में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन कई वर्षों से लंबित था।बुधवार को कर्मचारियों को पहली किस्त का चेक प्रदान किया गया। हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय के विशेष सहयोग से कर्मचारियों को वेतन की पहली किस्त का चेक मिलने से उनके चेहरे खिल उठे। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह एवं ओल्ड एज होम के प्रभारी नीरज कुमार के द्वारा कर्मचारियों को चेक प्रदान किया गया।कर्मचारियों को वेतन दिलाने में दोनों की अहम भूमिका है कर्मचारियों ने दोनों का आभार प्रकट किया है।

# जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य ने हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य जानिसार आलम ने हजारीबाग के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से औपचारिक मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने बड़कागांव में आए दिन होने वाले सड़क जाम की समस्या से अवगत कराया। जाम के कारण लोग घंटो तक जाम में फंसे रहते हैं। बड़कागांव में बस स्टैंड की सुविधा न होना, बड़कागांव में 6 बैंक हैं किसी भी बैंक में पार्किंग की व्यवस्था न होना, स्थानीय दुकानदारों द्वारा पक्की सड़क तक अतिक्रमण कर दुकान लगाना मुख्य कारण है।

मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जल्द ही जाम के समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

# बरही डीलर संघ का नौ सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आल इंडिया फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के केन्द्रीय कमेटी के नेतृत्व में केन्द्र एवं राज्य सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन बरही के संचालित जन वितरण प्रणाली दुकानदार एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा बीते एक जनवरी से देश व्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का तीसरा दिन भी जारी रहा। हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को भी बरही प्रखंड परिसर के व्यापार मंडल समक्ष एसोसिएशन के लोग डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पांडेय की अध्यक्षता धरना दिया। जिसका संचालन सचिव केदार यादव ने किया। उपस्थित सदस्यों ने हड़ताल को सफल बनाने को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किया। वहीं एकता का परिचय देते हुए केन्द्रीय कमेटी के दिशा निर्देश आने तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया। धरना को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डोमन पाण्डेय ने कहा कि 4 वर्षों से डीलर संघ लगातार राज्य एवं केन्द्र सरकार को नौ सूत्री मांग लिखित रूप से दिया जा रहा है, पर सरकार द्वारा हम विक्रेताओं को सिर्फ अश्वासन पर अश्वासन मिल रहा है। हमारी मांगों पर गंभीरता पूर्वक कभी भी विचार नहीं किया है। हम डीलरों सरकार द्वारा संचालित सभी तरह के जनकल्याणकारी योजनाओं का नियम संगत पालन करते आ रहे हैं। बावजूद सरकार डीलरों को उचित मेहताना नहीं दे रही है। वहीं सचिव केदार यादव ने कहा कि हम सभी विक्रेता अपनी मांगों को लेकर केन्द्रीय नेतृत्व के साथ रहना है और उनके दिशा निर्देश के अनुसार काम करना है। बैठक में कोषाध्यक्ष सुखदेव साव, मिडिया प्रभारी कमल शंकर पंडित, किशोर ठाकुर, उपाध्यक्ष रानी खातुन, नंदकिशोर कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, बालेशवर यादव, चंद्रदेव रविदास, लखन राम, लखन राम, छोटेलाल राम, दिलावर हुसैन, महेश ठाकुर, छोटी ठाकुर, देवधारी यादव, गणेश साव, किशोरी प्रसाद, परमेश्वर यादव, सुरेश राणा, राम-लखन यादव, मनोज यादव, वरूण साव, मनुलाल प्रसाद, विद्या देवी, मुकेश राणा, दशरथ रजक, दिनेश्वरी देवी, सहोदरी देवी, रेखा देवी, यशोदा देवी, गीता देवी, कबिलास देवी, नीलम देवी, सलेहा खातुन, इंदु देवी, सहित कई डीलर मौजूद हुए।

# जदयू प्रतिनिधिमंडल ने नए एसपी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बुधवार को जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल नव पद स्थापित आरक्षी अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से मुलाकात की एवं उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी,साथ ही उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया इसी कड़ी में जिला अध्यक्ष एवं बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता ने जिले की चरमराती ट्रैफिक व्यवस्था अस्पताल एवं शिक्षण संस्थानो में व्याप्त अव्यवस्था से उन्हें अवगत कराया।साथ ही नशे के काले कारोबार से भी उन्हे अवगत कराया।पुलिस अधीक्षक ने उन्हे हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मंडल में जिला प्रभारी अभय कुमार महतो,प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, नगर अध्यक्ष यासीन अंसारी, जिला सचिव भीम मेहता, वार्ड 16 के वार्ड अध्यक्ष मोहम्मद लाल खान,वार्ड 31 के अध्यक्ष तबारक हुसैन शामिल थे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ सबका विकास चरितार्थ किया : ललिता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पाँचवे दिन विष्णुगढ़ पंचायत एवं चेडरा पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार तथा संचालन नोडल पदाधिकारी रामचंद्र दांगी एवं जेएसएलपीएस के रामगिरी प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा,चेडरा में माण्डू विधायक की धर्मपत्नी ललीता देवी बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई।विष्णुगढ़ पंचायत में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए,बीडीओ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतवासियों को विभिन्न योजनाओं द्वारा जो लाभ दिए जा रहे है,उसके बारे में जानकारी दी विशेष तौर पर प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के बारे में माताओ एवं बहनों को जानकारी देते हुए कहा कि मैं जितने भी प्रखंडों में कार्यरत रहा सड़को पर इस तरह की गंदगी नही देखी आप सबो से अपील है,कि घरो का गंदा पानी सड़को पर ना बहाये। अपने आस-पास स्वच्छ रखे। चेडरा में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ललिता देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्पूर्ण भारत वासी को अपना एक परिवार मानते है,और सबो की चिंता करते है। उनकी चिंता का ही प्रतिफल है कि किसान,युवा महिला सभी का ख्याल रखते है,और उनकी सुविधा बके अनुसार योजनाएं बनाते है। महिलाओं का ख्याल रखते हुए शौचालय, उज्वला योजना,किसानों के लिए किसान समृद्धि योजना के तहत सालाना 6000 रुपये देकर मदद करना,आवासविहीनो को आवास उपलब्ध कराना,आयुष्मान योजना से लोगो का मुफ्त इलाज,सनातन संस्कृति को उन्नत करते हुए भारत को विकसित बनाना लक्ष्य।

### नए पुलिस कप्तान से मिला फेडरेशन चेंबर का डेलिगेशन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को जिले के नए पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह से फेडरेशन चेंबर के एक प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की।उन्हे नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया।फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल और सचिव राकेश ठाकुर ने जिले की कुछ गंभीर समस्याओं से उन्हें अवगत कराया, जिसमें शहर की लगातार गिरती विधि व्यवस्था एवं सुबह से शाम तक जाम रहने से नागरिकों की परेशानी के विषय में बताया गया। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल,सह सचिव तारिक अहमद, तनवीर सिंह,मीडिया प्रभारी नीरज अग्रवाल ,एवं रितेश खंडेलवाल शामिल थे।पुलिसअधीक्षक ने सभी बातों को ध्यान से सुना और उन्हे हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### रेन्बो स्कूल में छात्र के असामयिक निधन पर शोक सभा का हुआ आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेन्बो स्कूल बरही के छात्र प्रिंस कुमार के आकस्मिक निधन पर बुधवार को स्कूल परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर उसकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। स्कूल के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि स्कूल में एक होनहार छात्र को खो दिया है। छात्र के निधन से पूरा विद्यालय परिवार दुखी है। ज्ञात हो कि प्रिंस कुमार वर्ग 1 का छात्र था। 29 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में उसका निधन हो गया। शोक सभा में प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, अंशु कुमारी, शिवानी कुमारी सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के चेपा कला पंचायत अंतर्गत ग्राम जुगरा आंबेडकर आश्रम में शिक्षाविद महानायिका सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। जयंती समारोह की अध्यक्षता रविदास समाज के अध्यक्ष बाजो राम तथा संचालन कोषाध्यक्ष सुरेंद्र राम ने किया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगो ने सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया तथा दीप प्रज्ज्वलित कर शिक्षा को आगे बढ़ाने पर शपथ लिया गया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कई विद्यार्थी शामिल हुए। मौके पर जुगेश्वर राम के द्वारा सावित्री बाई फुले के जीवनी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां लोगों को दिया गया। अतिथियों के द्वारा क्विज प्रतियोगिता में शामिल व बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पाठ्य सामग्री देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा चेपाकला पंसस व प्रखंड रविदास महासभा के महासचिव कृष्णा राम के द्वारा सभी सामाजिक कार्यकर्ता को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा सावित्रीबाई फुले ने अपने पति महात्मा ज्योतिबा राव फूले के साथ मिलकर जीवन की शिक्षा का दीप जलाई। आजीवन इन्होंने शिक्षा से वंचित महिलाओं को शिक्षा देने के लिए अनेकों विद्यालय खोलने का काम की थी। हमें ऐसे महान लोगों को हमेशा याद करने की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से राजेश राम, बादल रंजन, सुबोध कुमार, हीरामन रविदास, मुकेश, बाबू राम, शिबू, कामेवशर, दीपक, पुतल दास प्रदीप राम, सुरेश रविदास, अरुण कुमार, प्रकाश कुमार, चालीतर कुमार, विजय रविदास, दिलीप, संजय दास, कामदेव दास, राजेंद्र कुमार, भुनेश्वर प्रजापति, दिलेश्वर राम, समुंद्री देवी, फुलबासो देवी, सीमा देवी, फुलकुमारी देवी, पीहू कुमारी दास के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, मुआवजा राशि, रोजगार, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## कटिया के ग्रामीणों को मिला अयोध्या जाने का निमंत्रण



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** प्रखंड अंतर्गत कटिया पंचायत के ग्रामीणों को अयोध्या जाने के लिये डोर टू डोर घूमकर अयोध्या से आये हुए पुजित कलश में अक्षत, श्री राम मंदिर का फोटो और एक पत्रांक देकर निमंत्रण दिया गया है। यह निमंत्रण न्यू मार्केट शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष बाबू चौरसिया राहुल कुमार सिंह मुखिया किशोर कुमार महतो तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक उमाशंकर अग्रवाल आदि ने डोर टू डोर घूम- घूम कर दिए है। वहीं राम भक्तों ने कहा कि यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि सैकड़ों वर्षो के लंबे इंतजार के बाद श्री राम मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसलिए, राम मंदिर उद्घाटन का निमंत्रण घर-घर जाकर अक्षत, एक राम मंदिर का फोटो व एक पत्रांक के माध्यम से लोगों को निमंत्रण दे रहे है। ताकि वे अपने पूरे परिवार के साथ अयोध्या जाएं और 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर के उद्घाटन का एक ऐतिहासिक पल में शामिल हो पाये। इस निमंत्रण में कोई घर छूट नहीं जाए। इसका भी ध्यान राम भक्तों के द्वारा दिया जा रहा है। यानी कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक यह निमंत्रण को ले जाना है। मौके पर निर्मल जैन सतीश सिंह महावीर अग्रवाल उमाशंकर अग्रवाल तेरूष देवी सुनीता देवी सुरेश झा मंटू सिंह अरुण शर्मा गोविंद सोनी उत्तम सिंह कांति सिंह विजय रजक मनीष अग्रवाल दीपक कुमार भारत अग्रवाल रामेश्वर लाल महेश अग्रवाल इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

## पुलिस निरीक्षक ने की मासिक अपराध गोष्टी



**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** पुलिस निरीक्षक महेशपुर प्रभाग प्रभु सहाय एक्का ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी की। मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस निरीक्षक ने बारी-बारी से थानों के लंबित कांडों, यूडी से संबंधित लंबित कांडों, पूर्व से तथा विगत माह तक के सभी प्रकार के लंबित व प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा करने के पश्चात उसके त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस निरीक्षक ने पाकुड़िया थाना प्रभारी को अपने थाना क्षेत्र में आयोजित होने वाले गर्म पानी मेला पर विशेष रुप से ध्यान रखने का निर्देश दिया। मासिक अपराध गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को पुलिस निरीक्षक ने अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में अवैध खनिज, बालू, बोल्डर तथा कोयले के अवैध उत्खनन व परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही अंतर्राज्यीय अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का सख्त निर्देश दिया। गोष्ठी में फिरारियों की सूची तैयार कर सत्यापन करने, वारंटियों की गिरफ्तारी करने, नियमित रूप से दिवा, संध्या और रात्रि गश्ती करने तथा आए दिन हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटना पर रोक लगाने का निर्देश दिया।साथ ही पुलिस निरीक्षक ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। साथ ही अपने-अपने थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। जेल से मुक्त हुए अपराधियों जिनमें आर्म्स एक्ट, लूट, डकैती वाले अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश निर्देश दिया। तथा अपने-अपने संबंधित थाना क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। मासिक अपराध गोष्ठी में महेशपुर थाना प्रभारी आनंद पंडित, पाकुड़िया थाना प्रभारी अभिषेक राय, रद्दीपुर ओपी प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

## एसपी ने थाना व चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बुधवार शाम को महेशपुर थाना, अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट सोनारपाड़ा तथा रद्दीपुर ओपी का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने सर्वप्रथम महेशपुर थाना परिसर में बन रहे नए भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मौजूद कंस्ट्रक्शन कंपनी के व्यक्ति को थाना भवन निर्माण कार्य गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए प्राक्कलन के अनुरूप पुरा करने का निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस निरीक्षक महेशपुर प्रभाग प्रभू सहाय एक्का, थाना प्रभारी आनंद पंडित से थाना क्षेत्र के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। एसपी ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट सोनारपाड़ा का निरीक्षण किया।उपस्थित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही चेक पोस्ट पर रखे रजिस्टर का अवलोकन किया। वहां से एसपी रद्दीपुर ओपी पहुंचे। प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता से ओपी क्षेत्र के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि जिले में विगत मंगलवार को एसपी के रुप में योगदान किया है।

# विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने उरीमारी कांटाघर के समीप बैठक कर प्रबंधन से रोजगार की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** उरीमारी के कांटाघर के समीप बुधवार को विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी-पोटंगा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कानू मरांडी एवं संचालन महादेव बेसरा ने किया। वहीं इस बैठक में विस्थापित गांव टोला के मूलभूत सुविधाओं के साथ रोजी रोजगार पर चर्चा किया गया। जिसमें लोकल सेल में ज्यादा से ज्यादा गाड़ी लगाने एवं पर्याप्त मात्रा में कोयला आपूर्ति करने की बात कही गई। इसदौरान विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी/ पोटंगा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने निंदा करते हुए कहा कि विस्थापित संघर्ष मोर्चा विस्थापित क्षेत्र के बेरोजगार लोगों के लिए रोजगार दिलाने की मांग बिते दिनों की थी जिसका अगले ही दिन विस्थापित समिति ने विरोध जताया था। विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने एक स्वर? में कहा कि पिछले दिनों जो सेल संचालन समिति उरीमारी पर विस्थापित समिति उरीमारी ने आरोप लगाया है। वह बेबुनियाद है, बल्कि विस्थापित संघर्ष मोर्चा की ओर से रोजगार की मांग करते हुए नॉर्थ उरीमारी रेलवे साइडिंग में प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन में विस्थापित टोला हेसाबेड़ा, पिंडरा, रोहनगोड़ा, उरीमारी, गंधौनिया, भुरकुंडवा और तिलैया के बेरोजगार लोग शामिल थे। विस्थापित संघर्ष मोर्चा विस्थापित बेरोजगार लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रबंधन से मांग करती रहेंगी। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, महादेव बेसरा, कानू मरांडी, दशाराम हेम्ब्रोम, तालो बेसरा, सिगू हेम्ब्रोम, जतरू बेसरा, वासुदेव सोरेन, सुखदेव सोरेन, मन्नाराम हांसदा, सीतामुनी देवी, फूलमति देवी, फुलमनि देवी, तेतरी देवी, शांति देवी, किशन किस्कू, सनोज हेम्ब्रोम, मनोज हेम्ब्रोम, नरेश सोरेन, मनीष हेम्ब्रोम, देवा हेम्ब्रोम, अर्पण हेम्ब्रोम, दीपक हेम्ब्रोम, मुकेश बेसरा, राजेश बेसरा, अर्जुन बेसरा, प्रकाश बेसरा, चंद्र बेसरा, सूरज बेसरा, रविंद्र बेसरा, सुशांत बेसरा, प्रशांत, राजेश सोरेन, सोनू सोरेन, आकाश मरांडी, अजय बास्के, राजू किस्कू, संजय कुमार, चरका करमाली इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बिरसा कृषि रथ से किसानों को पशुपालन एवं उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी मिलेगी : सुधीर मंगलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड होन्हे पंचायत परिसर से बिरसा कृषि रथ का झंडी दिखाकर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश व होन्हे पंचायत के मुखिया राजीव मेहता ने रवाना किया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बताया कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से रवाना किया गया बिरसा कृषि रथ बुधवार को होन्हे पंचायत परिसर परिसर पहुंचा.यहां रथ के माध्यम से ग्रामीणों को कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गयी। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि प्रखंड के किसानों को पशुपालन एवं उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी मिलेगी। मौके पर एटीएम आफताब अंसारी मिनहाज अंसारी आरिफ़ मनोज कुमार शेखर कुमार व कई लोग मौजूद थे।

# मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय में अबुआ अवास को लेकर के आम सभा का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय में मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी के अध्यक्षता में अबुआ अवास को लेकर के आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें योग और आयोग लोगों को प्रकाशित किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मांडू चट्टी पंचायत सचिव मांडू चट्टी उप मुखिया मांडू चट्टी के सभी वार्ड सदस्य उपस्थित हुए और मांडू चट्टी के ग्रामीण समाजसेवी छोटेलाल जुगेश्वर महतो मोहम्मद मिस्टर आलम मोहम्मद साजिद मोहम्मद सद्दाम मुंशी महतो भोला गंजू धनेश्वर हसदा सुरेंद्र कुमार एवंम मुखिया अनीता देवी द्वारा एवं पंचायत सचिव द्वारा योग और आयोग लाभुकों को चयनित करना है योग और आयोग सभी के घर जाकर के निरीक्षण करना है उसके बाद अबुआ आवास का लाभ मिलेगा। इसी बीच हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा का आगमन मांडू चट्टी पंचायत भवन में हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया जिसमें हमारे सांसद महोदय ग्रामीणों के बीच बहुत सारी जानकारियां दिए और मांडू चट्टी के मुखिया अनीता देवी का भी सराहना किया।

# कर्मा मंदिर अखाड़ा समीप सोलिंग के बाद ढलाई का कार्य शुरू, ग्रामीणों में खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के हेसाबेडा स्थित कर्मा मंदिर अखाड़ा के समीप इट सोलिंग कार्य के बाद बुधवार से ढलाइ का कार्य शुरू किया गया। वहीं इस ढलाइ कार्य का शुभारंभ उरीमारी पंचायत मुखिया कमला देवी, गांव के मांझी हडाम सीताराम किस्कू, मांझी बुढ़ी ममता देवी, विस्थापित समिति के दशई मांझी,विसमो सचिव महादेव बेसरा,पंसस गीता देवी ने नारियल फोड़कर व मिठाई बांट कर किया। ढलाई का कार्य शुरू होने पर ग्रामीण व आदिवासी समाज के लोगों ने खुशी जताई। वहीं इस मौके पर डॉ जीआर भगत, कानू मरांडी,सिगू मांझी, मुनिष मांझी, जतरू बेसरा, सनिचर्वा मांझी, मनु टुडू, सुबितराम किस्कू, विकास किस्कू, आनंद टुडू, मोहन हेम्ब्रोम, अजय किस्कू, पुरण मांझी, बिनोद सोरेन, बिंदु किस्कू, मिनी किस्कू, रीना देवी, पिढली देवी, सबनम देवी, गीता देवी, फुलमुनी देवी, फूलमती देवी, तेतरी देवी, शांति देवी, शिमा देवी, फुलकुमाली देवी आदि लोग मौजूद थे।

## नेशनल लेवल गेम्स एंड स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए प्राचार्य ने किया बच्चों को रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** डीएवी स्कूल रजरप्पा प्राचार्य बी पी राय ने 2 जनवरी 2024 को नेशनल लेवल गेम्स एंड स्पोर्ट्स खेलने के लिए फुटबॉल और बास्केटबॉल टीम की खिलाड़ियों को रवाना किया। ज्ञात हो कि डीएवी संस्था द्वारा आयोजित क्लस्टर और स्टेट लेवल खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित बच्चे भिन्न-भिन्न खेलों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं। क्लस्टर और स्टेट लेवल पर आयोजित खेलों में शानदार प्रदर्शन करने के कारण डीएवी रजरप्पा के 107 बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए चुना गया। नेशनल लेवल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली,नोएडा मेरठ, पानीपत, सोनीपत, साई बाबा आदि स्थानों में किया गया है। 4 से 5 जनवरी 2024 को फुटबॉल मैच मेरठ में तथा बास्केटबॉल साई बाबा (नोएडा) में खेला जाएगा। 2 जनवरी को प्राचार्य ने अंडर 14 वर्ष बालिका वर्ग की फुटबॉल के लिए 14 बालिकाओं को, अंडर 17 वर्ष बालिका वर्ग बास्केटबॉल के लिए 12 बालिकाओं को तथा ऐथलीटीक के लिए एक बालक को उनके उत्तम स्वास्थ्य , सुरक्षित यात्रा और जीत की शुभकामनाओं के साथ विदा किया। ये सभी खिलाड़ी और उनके एस्कॉर्ट्स झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस मुरी से दिल्ली के लिए रवाना हुए ।उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासित होकर खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। हार- जीत तो खेल के दो पहलू हैंद्य लेकिन अनुशासित होकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना अच्छे खिलाड़ी की पहचान है। इन बालिका खिलाड़ियों की देखरेख के लिए चार शिक्षिका और एक शिक्षक जा रहे हैं। साथ जाने वालों में संगीता पांडा, मधुलता मिश्रा, निशा सिन्हा, मिस फरहत जहां और शिशिर पांजा हैं। प्राचार्य ने शिक्षकों से कहा कि यात्रा के दौरान तथा खेल प्रदर्शन के समय बच्चों का विशेष ध्यान रखें। उनके खाने-पीने और ठहरने आदि की व्यवस्था में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हमारे बच्चे क्लस्टर और स्टेट लेवल की तरह ही राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करेंगे। वे डीएवी रजरप्पा तथा इस क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। प्राचार्य ने स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डी मुखोपाध्याय और मनीष कुमार सिंह की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन दोनों की कड़ी मेहनत, मार्गदर्शन और अनुभव का परिणाम है कि डीएवी रजरप्पा के बच्चे बड़ी संख्या में नेशनल लेवल पर खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे हैं।

## एक साल से स्कूल से नदारद है मास्टरजी डीएसई ने कहा होगी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय संग्रामपुर के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) मो. नजमे आलम मेडिकल अवकाश के नाम पर एक साल से नदारद चल रहे हैं। एक साल से स्कूल में आना-जाना नहीं है। अक्टूबर 2023 में मेडिकल अवकाश की अवधि खत्म होने के बाद भी योगदान नहीं लिया। इधर तीन महीने से बिना किसी सूचना के ही गायब चल रहे हैं। इस वजह से पूर्व से ही शिक्षकों की कमी झेल रही उक्त विद्यालय में पठन-पाठन के संचालन में परेशानी बढ़ गई है। एक तरफ स्कूल में शिक्षकों की कमी, दूसरी ओर शिक्षक के गायब रहने से बच्चों के भविष्य पर असर पड़ सकता है। यह मामला गांव में चर्चा का विषय भी बना हुआ है। इस मामले की चर्चा इसलिए भी हो रही है कि शिक्षक मो. नजमे आलम स्कूल तो नहीं आ रहे हैं, लेकिन अक्सर उन्हें निजी काम में जरूर देखे जा रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि शिक्षक मो. नजमे आलम जमीन मापी यानी अमीन का भी काम करते हैं। यही नहीं मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में भी अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। इसलिए अक्सर उनका प्रखंड या अंचल कार्यालय में आना-जाना होता है। हालांकि यह जांच का विषय है। लेकिन जिस तरह शिक्षक मो. नजमे आलम लगातार स्कूल से गायब चल रहे हैं, इसमें कहीं ना कहीं मनमानी, लापरवाही और गड़बड़ी की बू आ रही है। एक तरह से स्कूल प्रबंधन और शिक्षा विभाग को भी चुनौती दे रहे हैं। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि 3 जनवरी 2024 यानी बुधवार को ही उन्हें प्रखंड कार्यालय परिसर में देखा गया। शिक्षक मो. नजमे आलम प्रखंड कार्यालय के एमआईएस रूम में भी नजर आए। इस दौरान जानकारी लेने पर कहा कि वे मेडिकल अवकाश (अवैतनिक) पर है। इधर जानकारी मिली कि उनके द्वारा गत साल 1 मई से 30 अक्टूबर 2023 तक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को मेडिकल अवकाश पर रहने की लिखित मांग की गई थी। इसके बाद से ही एक साल से स्कूल नहीं आ रहे हैं। हालांकि उन्हें अवकाश की स्वीकृति मिली या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-20-यार्ड, दिनांक: 02.01.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-20-यार्ड, दिनांक: 02.01.2024 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे दिनांक 24.01.2024 को अपराह्न 4.00 बजे या उसके बाद खोला जाना निर्धारित है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** सीई की ड्राइंग संख्या वाईडी/एसवाई/25930/09 (चरण II कार्य) के अनुसार लाइन संख्या 7 के परे नयी अतिरिक्त लूप लाइन सहित रांची यार्ड के रूपांतरण के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 13,18,560.92। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 26,400। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 24.01.2024 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: https://www.ireps.gov.in।** निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। (PR-990)


## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने को लेकर राम भक्तों को मिला आमंत्रण

**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** अयोध्या से आए पुनीत अक्षत, आमंत्रण पत्र तथा अयोध्या मंदिर की तस्वीर का वितरण करने का कार्य राम भक्तों के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के घर-घर किया गया। साथ ही आगामी 22 जनवरी को रामलला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट देखने तथा शाम को घर-घर दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने की अपील की गई। रामभक्तों ने शिवमंदिर परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर से प्रारंभ होकर हाटपाड़ा, भगत सिंह चौक, प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर, बाजारपाड़ा, तिवारीपाड़ा, दत्तापाड़ा, बंगाली ग्वालपाड़ा सहित अन्य जगहों पर पुनीत अक्षत, आमंत्रण पत्र तथा अयोध्या मंदिर की तस्वीर का वितरण किया। इस अवसर पर विहिप के जिला प्रचारक अशोक कुमार, विहिप के जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा, आदि थे ।


**रॉंची समाहरणालय,रॉंची**
**(समाज कल्याण शाखा)**
**(जिला बाल संरक्षण इकाई)**

**गुमशुदा बालक की सूचना**
**(बाल कल्याण समिति, रॉंची के आदेशानुसार)**



- नाम– गुड़िया (काल्पनिक नाम)
- लिंग– बालिका
- पिता का नाम– अज्ञात
- माता का नाम– अज्ञात
- पता– अज्ञात
- उम्र – 15 वर्ष (लगभग)
- रंग – सांवला

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, रॉंची के आदेशानुसार प्रेमाश्रय (बालिका गृह) रॉंची में एक बालिका आवासित है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालिका के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 120 दिनों (चार माह) तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालिका को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, रॉंची द्वारा कानुनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर–

1. बाल कल्याण समिति, रॉंची
   रॉंची समाहरणालय, रॉंची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, रॉंची।
   रॉंची समाहरणालय, रॉंची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–111
   सम्पर्क नम्बर–6513505516

**जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रॉंची।** **जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रॉंची।**

**PR 315014 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)#D**


## प्रधान शिक्षक-शिक्षिकाओं की मासिक गुरू गोष्ठी आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महेशपुर :** प्रखंड के गढ़बाड़ी स्थित संसाधन केंद्र के सभागार में बुधवार को बीईओ-1 तरुण कुमार घांटी की अध्यक्षता में शैक्षिक अंचल एक के विद्यालयों के प्रधान शिक्षक-शिक्षिकाओं की मासिक गुरू गोष्ठी आयोजित की गई। मासिक गुरु गोष्ठी में मुख्य रुप से मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित रिपोर्ट, प्रयास कार्यक्रम, प्रोजेक्ट रेल, पोस्ट ऑफिस तथा बैंक में बच्चों के खाता खोलने की समीक्षा कर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। गुरू गोष्ठी में ई-कल्याण अपलोड का कार्य पूरा करने, शिक्षक व छात्रोपस्थिति, स्मार्ट क्लास संचालन की स्थिति, 50 प्रतिशत से कम उपस्थिति की समीक्षा की गई। पीएफएमएस में भुगतान, उपयोगिता, शेष विद्यालयों की सूची, सामाजिक अंकेक्षण, स्कूल हेल्थ प्रोग्राम, मध्याह्न भोजन योजना की राशि, चावल, अंडा, रागी लड्डू, बोरा, एसएमएस, निर्वाचन हेतु नाम का प्रेषण, बूथ लेवल पर उपलब्ध रहने वाली न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं, प्री फील्ड प्रपत्र, पास आउट फार्म की स्थिति, आईएफए की गोली, पीटीएम, स्टूडेंट मेंडडटरी फिल्ड, वर्ग अष्टम का फार्म फिल अप की स्थिति, प्रमंडल स्तरीय निबंध, चित्र कला, भाषण, क्विज, पेंटिंग, युवा संसद कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर बीईओ-1 तरुण कुमार घांटी के अलावे बीपीओ श्याम ठाकुर, होपना हांसदा, बीआरपी अब्दुस समाद, सीआरपी सादेकुल आलम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर के एमपीडबल्यू किस्टो कुमार सिंह सहित शैक्षिक अंचल एक के विद्यालयों के प्रधान शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रॉंची पश्चिम, रॉंची।**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित "Inviting Expression of Interest for Selection of Methodology for improvement of bad quality of Raw Water in vicinity of Intake Well site of Getalsud dam for drinking purpose" (RFP No. –01/CDO/Selection of Methodology/2023-24) जिसका **PR. No.-312268 & 312268 Drinking Water and Sanitation (23-24)#D** है, में अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

| विवरणी | पूर्व का तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| Date of Presentation by bidders of this work at CDO, D.W.& S.D., Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002 | 29.12.2023 at 3. 00 PM onward | 18.01.2024 at 3. 00 PM onward |
| Last date & time of online submission | 05.01.2024 at 2.00 PM | 29.01.2024 at 2.00 PM |
| Opening date of technical bid | 05.01.2024 at 5.00 PM | 29.01.2024 at 5.00 PM |

शेष यथावत रहेगा।

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रॉंची पश्चिम, रॉंची।

PR 315041 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

## जिला विधिक सेवा पदाधिकारी की बैठक संपन्न, लोगों को किया गया जागरुकता



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के तत्वावधान में बेंगाबाद पीएलवी टीम ने बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत मोतिलेदा पंचायत में बुधवार को डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया ओर लोगों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित जानकारी दिया ,साथ ही डालसा द्वारा दी जाने वाली निशुल्क सुविधाओं की भी जानकारी दी,तथा मूलभूत कानूनी जानकारी दिए ,जागरूकता अभियान के दौरान बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के मोतिलेदा पंचायत के केन्दुआगड्ढा गांव में बेंगाबाद पीएलवी टीम ने एक गरीब परिवार के घर पहुँचा तो दो बुजुर्ग दंपति जिनका इस दुनिया मे कोई भी संतान नही है कभी यहां कभी वहाँ मांगकर अपना गुजर बसर कर रहे हैं इस परिवार में दोनों में से किसी का आधार कार्ड और न ही वोटर कार्ड है ओर न ही किसी प्रकार की सरकारी सुविधा मिलती है उन्होंने अपना आपबीती सुनाया ओर कहा कि हमलोगों को ठंड से बचने के लिए कम्बल की आवश्यकता है अगर कम्बल मिल जाता तो हमदोनों पति पत्नी ठंड से बचते,इसकी जानकारी तुरंत बेंगाबाद पीएलवी टीम ने डालसा के सचिव को दूरभाष के माध्यम से दिया और डालसा सचिव गिरिडीह द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए त्वरित आदेश पारित कर पीएलवी टीम संतोष कुमार पाठक ओर जयप्रकाश वर्मा के माध्यम से दोनों पति पत्नी को कम्बल मुहैया करा दिया गया। बुजुर्ग दंपति को कम्बल मिलने के बाद दोनों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार और बेंगाबाद पीएलवी टीम का आभार जताया।

## एएसजी आई हॉस्पीटल के द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अभियान कोल एन्ड कोक एलएलपी के सौजन्य से एएसजी आई हॉस्पीटल के द्वारा निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 120 मरीजों का निशुल्क नेत्र जांच हुआ। इस दौरान 30 मोतियबिन्द के मरीज पाए गये जिनका ऑपरेशन एएसजी आई हॉस्पीटल मे बिल्कुल मुफ्त मे होगा। शिविर मे डॉ संजय कुमार रजक के कुशल देख रेख मे मरीजों का इलाज हुआ। साथ ही निश्शुल्क चस्मा और दवा भी वितरण किया गया। मौके पर स्वरूप कुमार दास, खेरून निशा, खालिद अंसारी, सुभाष चंद्र महतो, दीपक मंडल एवं एएसजी आई हॉस्पिटल के डॉ. संजय कुमार रजक, मार्केटिंग हेड सागर, अभिषेक, ताहा अंसारी आदि मौजूद थे।

## कांड्रा पंचायत में किया गया कंबल का वितरण



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कांड्रा पंचायत में बढ़ती शितलहरी के साथ कपकपाती ठण्ड को देखते हुए निर्धन गरीबों के लिए राज्य सरकार के द्वारा उपलब्ध कराये गये कम्बल को ग्राम पंचायत कांड्रा के मुखिया रिंकु देवी ने समारोह आयोजित कर वितरण किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधी सत्रुधन महतो, धनेश्वर महतो, मुखिया रिंकु देवी, पंसस सुभाष चन्द्र महतो, उप मुखिया अलगुन निशा,वार्ड सदस्य बलराम महतो, राजेन्द्र महतो, संजय हरि, रिता देवी, भुलन मिश्रा,अनवर शैख, सदर जालु खान, मनोवर हुसैन, चुनाराम महतो,झालु देवी, अर्जुन महतो, विनोद महतो,आदी मौजूद थे।

## भगवती श्री श्री मां शारदा देवी की 171 वीं जयंती संपन्न



**धनबादा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बैंक मोड़ स्थित रामकृष्ण विवेकानंद सोसाइटी में श्री श्री भगवती माँ शारदा देवी की 171 वीं जन्म दिवस 'पावन जयंती' धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। सभी सदस्यों ने हर्षोल्लास एवं भक्ति के साथ ईस उत्सव का आनंद उठाया। सर्वप्रथम सुबह 9ः00 बजे से कामारपुकुर से आए हुए पुरोहितगण ने श्री श्री मां शारदा देवी की विशेष पूजा अर्चना की। उसके पश्चात हवन चंडी पाठ पुष्पांजलि इत्यादि संपन्न हुआ। 11ः00 बजे एक संस्कृतिक कार्यक्रम समिति के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसका नेतृत्व डॉ. सुजाता चटर्जी ने किया। उसके पश्चात प्रसाद भोग का वितरण उपस्थित सभी भक्तजन, सदस्यों एवं अतिथियों के बीच किया गया। इस कार्यक्रम में शारदा संघ के सदस्यगण एवं विवेकानंद आश्रम के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अंत में रामकृष्ण विवेकानंद सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल चटर्जी एवं सचिव अधिवक्ता सुजीत चंद्र मल्लिक ने संस्था के सभी सदस्यों को कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।

### अमर शहीद के 33वें शहादत दिवस : उपायुक्त सहित तमाम पदाधिकारियों ने शहीद रणधीर वर्मा को दी श्रद्धांजलि

# शहीद रणधीर वर्मा ने देश सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के जांबाज एसपी अशोक चक्र शहीद रणधीर वर्मा के 33 वें शहादत दिवस पर रणधीर वर्मा चौक, बैंक मोड़ थाना तथा बैंक ऑफ इंडिया हीरापुर ब्रांच में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, शहीद रणधीर वर्मा की पत्नी व पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर रीता वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने शहीद रणधीर वर्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करने से पूर्व पुलिस बल ने उन्हें सशस्त्र सलामी दी। मातमी धुन बजाया और 2 मिनट का मौन रखा गया।



इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आज हम धनबाद के जांबाज पुलिस अधीक्षक की शहादत को याद करते हैं। उन्होंने वीरता से देश सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उसके प्रति समस्त धनबादवासी एवं जिला प्रशासन उनके चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के जांबाज अधिकारी और धनबाद के पुलिस अधीक्षक शहीद रणधीर वर्मा ने धनबाद में बैंक लूटने आए खालिस्तानी आतंकवादियों से जूझते हुए वीरगति को प्राप्त किया था। महामहिम राष्ट्रपति ने उन्हें शौर्य, बहादुरी और बलिदान के लिए वीरता का सर्वोच्च पदक अशोक चक्र से सम्मानित किया था। महामहिम उपराष्ट्रपति ने उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया था। कार्यक्रम में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, शहीद रणधीर वर्मा की पत्नी व पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर रीता वर्मा, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 1 अमर कुमार पांडेय, पुलिस उपाधीक्षक अरविन्द कुमार बिन्हा, पुलिस उपाधीक्षक यातायात राजेश कुमार, रणधीर वर्मा मेमोरियल सोसायटी के अध्यक्ष किशोर कुमार, आयोजन समिति के संयोजक भृगुनाथ भगत सहित बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# सड़क दुर्घटना में बाईक सवार युवक की मौत



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार की दोपहर लगभग दो बजे सरिया राजधनवार मुख्य मार्ग में एक सडक दुर्घटना में बाईक सवार युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गयी । घटना को ले प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बाईक सवार थाना क्षेत्र के कैलाटाँड पंचायत अंतर्गत अम्बाडीह गाँव निवासी देवनारायण पाण्डेय(26) अपने लूना बाईक से सरिया से राजधनवार की ओर जा रहा था । इसी विपरीत दिशा से आ रही ट्रक संख्या सीजी 04 पीएच 4511 से सीधी टक्कर हो गया । घटना इतना दर्दनाक था कि ट्रक का पहिया मृतक के शरीर को कुचलते हुए आगे बढ गया जिसके कारण शव की स्थिति क्षत विक्षत हो गया । मृतक देवनारायण पाण्डेय पुजा-पाठ का काम करते थे । घटना की सूचना पर बगोदर बिधायक विनोद कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुँचे और घटना को दुखद बताया तथा सरकारी नियम अनुसार मुआवजे की राशि भी दिलवाने का आश्वासन दिया । वहीं मौके पर पहुँची सरिया पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ट्रक को अपने कब्जे में लेकर शव को अंत्यपरीक्षण हेतु बगोदर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया गया ।

## टुंडी : अलाव की व्यवस्था नहीं होने से गरीबों को हो रही परेशानी



दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र

**टुंडी :** टुंडी में इन दिनों लगातार ठंड का प्रकोप जारी है पर जिला प्रशासन की और से कोई ठोस व्यवस्थाएं सुनिश्चित नहीं हो पाने के कारण छोटे तबके लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि टुंडी जैसे पिछड़े इलाकों जो कि चारों ओर से पहाड़ों से घिरा हुआ है साथ ही चहुंओर पानी ही पानी है ऐसे में ठंड का? होना स्वाभाविक है। फिर भी इस भीषण ठंड में खासकर टुंडी जैसे अभावग्रस्त क्षेत्रों में गुज़र बसर करने वाले गरीबों की सुधि न प्रशासन और न ही कोई जनप्रतिनिधि ही ले रहा है।इस परिस्थिति में गरीबों के समक्ष किंकर्तव्यविमूढ़ जैसा नौबत आ गई है ।

पंचायतों द्वारा शिविर लगाया जाता था पर इस बर्ष ऐसी कोई व्यवस्था नहीं किया गया।थक हारकर गरीब घरों में दुबके हुए हैं और टकटकी लगाए किसी मसीहा के इंतजार कर रहे हैं।

# जीबी बैठक में शहादत दिवस को सफल करने का लिया संकल्प

## सरिया प्रखंड से हजारों हजार की तादाद में लोगों को गोलबंद करने का निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया(गिरिडीह) :** सरिया हाई स्कूल स्टेडियम में भाकपा माले का सरिया प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक 16 जनवरी शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह के 19वीं शहादत दिवस की तैयारी को लेकर बुधवार को सम्पन्न हुई।बैठक में मुख्य रूप से बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह मौजूद रहे।बैठक की अध्यक्षता पुर्व जीप सदस्य मनोज पांडेय व संचालन धानेश्वर पासवान कर रहे थे। शुरुआत में दिवंगत साथियों की याद में एक मिनट का मौन रखा गया।बैठक में बारी-बारी से सरिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों लोकल कमिटियों के कार्यकर्ताओं ने शहादत दिवस की तैयारी को लेकर अपनी अपनी रिपोर्टिंग रखी।बैठक को संबोधित करते हुए बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय मे जिस तरह से पुरे देश में भाजपा की सरकार फासीवादी ताकतों को थोपने में लगी है मानो अब देश में वो लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर राजशाही व्यवस्था स्थापित करना चाहती है।पुरे देश मे आम-आवाम के मुद्दे गायब हो गए हैं कहीं धर्म,कहीं जाती,कहीं मंदिर-मस्जिद तो कहीं नफरत का बाजार गर्म है।महंगाई चरम सीमा पर है।शिक्षा,रोजगार के मामले ध्वस्त हो गए हैं।ऐसे वक्त में जब चारो तरफ भाजपा की सरकार तानाशाह रुख अख्तियार किये हुए और कॉरपोरेट परस्ती के अधीनस्थ है तब महेंद्र सिंह जी की क्रांतिकारी विरासत ही है जो इस तानाशाही भाजपा सरकार से टकराने का हिम्मत रखती है।शहीद महेन्द्र सिंह महज नेता नही बल्कि वो इलाके के जननायक थे।प्रत्येक साल की तरह इस साल भी 16 जनवरी को उनको याद करते हुए बगोदर बस पड़ाव में संकल्प सभा आयोजित की जाएगी



उपस्थित कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सभी गांवों में ग्राम सभा करते हुए इसे व्यापक अभियान के बतौर लेकर जाना है और 16 जनवरी शहादत दिवस को ऐतिहासिक गोलबंदी के रूप में बदल देना है और संकल्प लेना है कि आने वाले वक्त में बगोदर विधानसभा की धरती देश की तानाशाह कॉरपोरेट परस्त भाजपा मोदी की सरकार को जवाब देने के लिए तैयार है। मौके पर प्रखंड सचिव भोला मंडल, जीप सदस्य लालमणि यादव, आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय, सुदामा राम, गोविंद महतो, केदार मंडल, रेणु रवानी, महानन्द सिंह, जिम्मी चौरसिया, कामेश्वर यादव, अमन पांडेय, बलदेव महतो, अमृत शर्मा, रामविलास पासवान, प्रमोद मंडल, रामलाल दास, सहित सरिया के विभिन्न पंचायतों के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महाप्रबंधक ने अधिकारियों संग उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज मुख्यालय, हाजीपुर में रेल परिचालन में संरक्षा एवं यात्री सुरक्षा पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गई । बैठक में महाप्रबंधक ने सभी मंडलों के अधिकारियों के साथ-साथ रेल परिचालन से सीधा रूप से जुड़े 670 रेलकर्मियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद स्थापित कर रेल परिचालन में संरक्षा और यात्री सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए संरक्षित रेल परिचालन सुनिष्चित करने का निर्देष दिया । महाप्रबंधक ने ट्रेनों एवं स्टेषनों पर



यात्री सुरक्षा के लिए चैकस रहने का निर्देष दिया । उन्होंने संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मालगाड़ियों की औसत गति में और वृद्धि के लिए सभी मंडलों को कार्ययोजना बनाने तथा माल लदान में तेजी लाने का निर्देष दिया । ठंड के मौसम में घने कोहरे के कारण रेल परिचालन में कठिनाई होती है । उन्होनें सभी मंडलों को कोहरे के दौरान रेलवे ट्रैकों के रख-रखाव, इलेक्ट्रिक ओवर हेड वायर, सिगनलिंग सिस्टम आदि की चैबीसों घंटे निगरानी और बेहतर रख-रखाव करने को कहा ताकि संरक्षित रेल परिचालन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं हो।

आज की बैठक में मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे । सभी मंडल रेल प्रबंधक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े ।

# सड़क दुर्घटना में मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के मधवाडीह निवासी किराना दुकान संचालक टिंकू यादव(28) की सड़क दुर्घटना में मंगलवार रात मौत हो गई।

सूत्रों के अनुसार मृतक मधवाडीह मोड़ में किराना दुकान का संचालन करते थे। वह मंगलवार रात दुकान बंद कर बाइक से घर जाने के लिए निकला; लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर उसके बड़े भाई मनोज यादव ने उसके मोबाइल में लगभग दस बजे फोन किया।

फोन पर टिंकू ने पार्टी मनाकर कुछ देर में घर जाने की बात कही मोबाइल से बात होने के कुछ ही देर बाद उसके चाचा सुंदर यादव मजदूरी कर गिरिडीह से वापस आने घर लौट रहा था। उसने घर जाने वाली पीसीसी सड़क पर एक बाइक के नीचे युवक को दुर्घटनाग्रस्त देख परिजनों को जानकारी दी।

परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि बाइक के नीचे टिंकू यादव दबा हुआ है।

आनन-फानन में उसे गिरिडीह के एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर जानकारी मिलने के बाद बेंगाबाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दी है।

# श्यामल चक्रवर्ती की शहादत दिवस पर हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में आईआईटी आईएसएम के पहला गेट पर शहीद श्यामल चक्रवर्ती का 33वां शहादत दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम शहीद श्यामल चक्रवर्ती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उसके बाद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पुर्व विधायक आनंद महतो ने की एवं संचालन मायुमो के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने किया। धनबाद सांसद पीएन सिंह, पूर्व सांसद प्रोफेसर रीता वर्मा, विधायक राज सिन्हा, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, विजय झा, मिल्टन पार्थ सारथी आदि ने भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन का गर्गा डेम में सामूहिक वनभोज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन एवं बोकारो डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन ने सामूहिक रूप से गर्गा डैम बोकारो में 120 सदस्यों के साथ वन भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा की दोनों संगठन ने मिलकर वन भोज का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्द रूप से मनाया गया। दोनों संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि भविष्य में फोटोग्राफर भाइयों के हित में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा एवं सभी फोटोग्राफर भाइयों को कैसे अपने व्यवसाय में वृद्धि करनी है उस विषय में भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में को सफल बनाने में बोकारो जिला फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष जयंत जायसवाल, सचिव उमेश



कुमार एवं कोषाध्यक्ष गुफरान अंसारी, झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के अध्यक्ष गब्बर एवं सचिव उपेंद्र कुमार, सचिव मनीष शाह, अनूप साहू, रंजीत जायसवाल, अनिल गुप्ता, गुड्डु गुप्ता, अभिजीत दा, रत्नेश कुमार, मनोज राठौर, सुभाष रजक, प्रकाश कुमार, साजिद खान, सुबोध महाराज, संजय कुमार, दीपू कुमार, सूरज कुमार एवं अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा।

# छः सूत्री मांगों को लेकर गिरिडीह कॉलेज में किया तालाबंदी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने बुधवार को अपनी छः सूत्री मांगो को लेकर गिरिडीह कॉलेज में तालाबंदी की. इस दौरान परिषद के सदस्यों ने अपनी मांगों के अलावे स्नातक सेमेस्टर दो के परीक्षा परिणाम मे सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. परिषद के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर जमकर नारेबाजी की गई और अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया गया. परिषद के प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रमुख आशीष सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन होने के नाते देश भर के सभी महाविद्यालय परिसर में छात्र हित के लिए हमेशा से आवाज उठाते आ रही है. नए शिक्षा नीति लागू होने पर किस विषय को किस सेमेस्टर में पढ़ना है उसकी जानकारी छात्र छात्राओं को नहीं है. उन्होंने कहा कि कॉलेज में नियमित क्लास नहीं होती है. साथ कॉलेज में हर विषय के प्रोफेसर नहीं है. पुस्तकालय में सभी विषयों की किताबें मौजूद नहीं है. उसके बाद जब छात्र छात्राएं अपनी मेहनत से परीक्षा लिखते तो उसे 2-4 नम्बरों के कारण फेल कर दिया जाता है. जो उचित नहीं है.परिषद के नगर मंत्री उज्जवल तिवारी ने कहा कि परिषद की जो छः सूत्री मांगे हैं उनमें स्नातक सेमेस्टर दो के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम मे सुधार, स्नातक और स्नाकोत्तर पूर्व की भांति नामांकन की सुविधा, ष्टश्वञ्ज के कारण छात्र छात्राओं पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ को हटाना, शिक्षको की कमी पूर्ण करना, पुस्तकालय में पुस्तक उपलब्ध करवाना, समय अपर परीक्षा लेना और परीक्षा परिणाम ससमय प्रकाशित करना शामिल हैं. कहा कि अगर छात्र हित के इन मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया गया तो आंदोलन जारी रहेगा।

# 5 से 12 जनवरी तक प्रमंडल एवं राज्य स्तर पर मनाया जाएगा राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** स्वामी विवेकानंद की जयंती, 12 जनवरी 2024 राष्ट्रीय युवा दिवस, के अवसर पर 5 जनवरी से 12 जनवरी 2024 तक प्रमंडल स्तर एवं राज्य स्तर पर राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह मनाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, अंतर्गत खेलकूद




एवं युवा कार्य निदेशालय ने 5 जनवरी से 12 जनवरी 2024 तक प्रमंडल स्तर एवं राज्य स्तर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान 5 एवं 6 जनवरी को नया भारत पर युवा संसद कार्यक्रम, सर्विस टू मैनकाइंड इस सर्विस टू नेशन पर भाषण प्रतियोगिता, स्वामी विवेकानंद के आदर्श भारत को मूर्त रूप देने में युवा वर्ग का योगदान एवं भागीदारी पर निबंध लेखन, स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन एवं आदर्श पर क्विज प्रतियोगिता तथा सशक्त भारत विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रमंडल स्तर पर किया जाएगा। वहीं 11 जनवरी 2024 को उपरोक्त सभी विषयों पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया गया

➲ झारखंड आंदोलनकारियों की मांगों पर सहानुभूति नहीं दिखाई सरकार : अश्विनी कुजूर

➲ मरांग गोमके की सुविकसित राज्य का निर्माण के सपने अब भी अधूरे : कयूम खान

➲ आंदोलनकारियों एवं शहीदों के सपनों के अनुसार योजनाएं बनाए सरकार : प्रो.विनोद भगत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के तत्वावधान में बुधवार को लोहरदगा प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम कार्यकारी अध्यक्ष श्री किन्डो द्वारा मुख्य अतिथि समेत सभी आंदोलनकारियों का स्वागत किया गया। अमर पुरोधा जयपाल सिंह मुंडा एवं क्रांतिज्योति सावित्री बाई ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन की गई। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा केन्द्रीय समिति के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जन्म से लेकर झारखंड राज्य की नींव रखने तक की पूरी जीवन दर्शन रखते हुए कहा कि अपने मान-सम्मान पहचान नियोजन पेंशन के मामले को लेकर पिछले कई वर्षों से 11 सूत्री मांगों की लड़ाई लड़ी जा रही है, पर सरकार की ओर से सहानुभूति नहीं दिखाई गई। लगातार आंदोलित झारखंड आंदोलनकारियों का सब्र का बांध अब टूट चुका है। अपने सर्वस्व न्यौछावर करने वाले आंदोलनकारी काल के गाल में समाते जा रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में झारखंड आंदोलनकारियों के समक्ष करो या मरो के अलावे दूसरा कोई विकल्प नहीं रह जाता है। इस स्थिति में सरकार के उदासीन, संवेदनहिन रवैये के खिलाफ अब झारखंड आंदोलनकारी सरकार से सीधी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। प्रधान महासचिव कयूम खान ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड निर्माण का नींव मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने रखी, वहीं से झारखंड अलग राज्य आंदोलन की शुरुआत हुई। श्री खान ने कहा कि जयपाल सिंह के शोषणमुक्त झारखंड के सपने अधूरे हैं। अलग राज्य निर्माण के उपरांत झारखंड में विभिन्न सरकारों ने बड़ी-बड़ी योजनाओं के लाभ पर लूट मच गयी। जिले के सीनियर आंदोलनकारियों में एक जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत ने क्रांतिज्योति सावित्री बाई ज्योतिबा फुले और मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस शोषण विहीन झारखंडी समाज एवं सुविकसित राज्य का निर्माण करना था, जो अभी अधूरे हैं। उन्होंने भाषा संस्कृति लागू करने के साथ-साथ जल जंगल जमीन की सुरक्षा एवं वन उत्पाद, कृषि उत्पाद आधारित उद्योगों की स्थापना करने की वकालत की। कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों एवं शहीदों के सपनों के अनुसार राज्य सरकार योजना बनाकर झारखंडी समाज का सुविकसित किया जाए। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा के प्रवक्ता अनिल कुमार भगत ने संचालन करते हुए जयपाल सिंह मुंडा और सावित्री ज्योतिबा फुले की कुर्बानियों को बताया। संबोधित करने वालों में सीता उरांव, चैतू मुंडा, विलियम कुजूर, जिला सचिव विशेषण, बालोममी बाखला, सालेन टोप्पो, तारामनी मिंज, रूस्तम खान, भरत गोप, एनामुल अंसारी, चैतू मुंडा आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विहिप द्वारा एसपी हरीश बिन जमां को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अक्षत निमंत्रण पत्र दिया गया



**लोहरदगा :** श्री रघुवर जी के अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है। इसी के साथ 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक सभी राम भक्तों के घर तक अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचना है। विश्व हिंदू परिषद के अगवाई में।इसी के निमित्त आज लोहरदगा जिला पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा को अयोध्या से आए अक्षत और निमंत्रण पत्र दिया गया। मौके पर जिला अभियान प्रमुख सचिन कुमार साहू, जिला कार्यालय प्रमुख सत्यम अग्रवाल, बजरंग दल विद्यार्थी प्रमुख दीक्षांत आर्य एवं दीपक कुमार, हसमुख रंजन उपस्थित थे।

### अंजुमन इस्लामिया बच्चो के अच्छी तालीम पर ध्यान दे : मौलाना शमीम रिजवी

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के कल्हेपाट ग्राम में अंजुमन इस्लामिया का एक अहम बैठक आहूत किया गया। बैठक में मुख्य रुप से जमा मस्जिद लोहरदगा के इमाम मौलाना शमीम रिजवी ने कहा की हमारा तंजीम आपसी सहयोग से चलता है अंजुमन बच्चो के भविष्य के लिए शिक्षा पर जोर दें और समाज को आपसी भाई चारा के साथ आगे बढ़ाए। हाजी अफसर कुरैशी ने कहा अंजुमन का संचालन को लेकर गांव में जूरी कमेटि का गठन किया गया है जिसके उपस्थिति में आय व्यय दिखाया जायेगा। 15 फरवरी को एडोक कमिटी और जूरी कमिटी अंजुमन के साथ बैठक करके आगे के रूप रेखा की तैयारी करेंगे। बैठक की शुरुवात कलाम ए पाक की तेलावत से मौलाना रियाजुद्दीन ने किया।

## सेवई में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

# गांव के अंतिम व्यक्ति का होगा विकास मोदी की गारंटी : श्रद्धानंद बेसरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड के सेवई पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यक्रम प्रभारी श्रद्धानंद बेसरा एवं दीप नारायण दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जित कर दिया मौके पर श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों को सशक्त बनाने की यात्रा है यह भारत के गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पीएम आवास योजना मुद्रा योजना जनधन योजना डाक बीमा योजना पीएम किसान योजना विश्वकर्म योजना उज्वला योजना गरीब कल्याण योजना आयुष्मान भारत योजना समेत दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही है इन योजनाओं का लाभ उठाकर कोई भी गरीब व्यक्ति अपने जीवन स्तर को उन्नत बन सकता है मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को वीडियो के द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाने एवं भारत को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए जहां पर लोगों ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से रूबरू हुए और योजनाओं से लाभान्वित हुई कार्यक्रम में लोगों ने एलईडी वन के जरिए केंद्र सरकार की उपलब्धियां की लघु फिल्मों को देखा इस फिल्मों के जरिए लोगों को सरकार के तमाम उपलब्धियां और योजनाओं की जानकारी दी गई।

# ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर तक पहुंचाया गया पूजित अक्षत कलश नियंत्रण पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत हेसवे ग्राम में पूजित अक्षत कलश घर घर पंहुचाया गया। वही पूजित अक्षत कलश के माध्यम से अयोध्या में श्री राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व में शामिल होने के लिए अक्षत व निमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। उसी दौरान बुधवार को विस्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर अक्षत, पम्पलेट और भगवान राम का निर्मित मंदिर का फोटो वितरण किया गया। इसी क्रम हेसवे के अलावे अन्य गाँवों में निमंत्रण दिया गया। वही रामजीत यादव ने बताया कि 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। जिसके लिये प्रखण्ड क्षेत्र में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर अक्षत और निमंत्रण पत्रक देकर लोगों से मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने का आग्रह किया जा रहा है। जिसे लोग प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बन सकें। मौके पर रामजीत यादव, जयप्रकाश गोस्वामी, प्रीति कुमारी, रोहित दास गोस्वामी, नारायण लोहरा, विश्वनाथ मिस्त्री, जगसेनी कुमारी, राजेश मुंडा, सोनू दास गोस्वामी, रमेश मिस्त्री सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष कलावती देवी के नेतृत्व में सावित्रीबाई फुले जी की मनाई गई जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भाजपा जिला महिला मोर्चा लोहरदगा के द्वारा संजय गांधी पथ टंगरा टोली में मनाया गया जिसमें सावित्रीबाई फूले जी का जयंती अध्यक्ष कलावती देवी के नेतृत्व में मनाई गई। मौके पर भारती सिन्हा सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी से पहले खासतौर पर 19 वीं शताब्दी में भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति समाज में बेहद खराब थी। उन्हें शिक्षा से दूर रखा जाता था पति के मौत पर उन्हें सती होना पड़ता था। महिलाओं के साथ काफी भेदभाव होता था। विधवाओं का जीवन जीना बहुत मुश्किल था। निम्न वर्गों का शोषण होता था,उनके साथ छुआछूत का व्यवहार होता था। ऐसे माहौल में दलित परिवार में सावित्रीबाई फुले ने नासिक समाज से लड़कर खुद शिक्षा हासिल की बल्कि लड़कियों को पढ़ा लिखा कर शिक्षित बनाया आज हमारे देश की यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाए हैं और कई ऐसी योजनाएं हैं जो सिर्फ और सिर्फ महिलाओं के नाम है और लाभान्वित हो रही है सही मायने में कहा जाए हमारे देश में आने को संघर्ष का सपना अभी पूरा हो रहा है।

# सावित्री बाई फुले के जन्मदिवस पर किनकेल पंचायत मे किया गया बालिका उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** प्रखंड के किनकेल पंचायत में मुखिया के नेतृत्व में सावित्री बाई फुले के जन्मदिवस पर बालिका उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्री बाई फुले के प्रतिमा पर माल्यार्पन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात समुदाय के बच्चों द्वारा बालिका शिक्षा पर नाटक का मंचन कर शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इसके बाद संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया गया। इसके उपरांत मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व शिक्षक नागेश्वर प्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा की शिक्षा के माध्यम से ही समाज में परिवर्तन लाना संभव है। पंचायत की मुखिया बसंती लकडा ने अपने संबोधन में कहा की मेरे द्वारा पंचायत के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करने में सहयोग रहेगा। इसके बाद पीरामल फाउंडेशन की प्रोग्राम मैनेजर दीपशिखा कुमारी ने सावित्री बाई फुले योजना के बारे मे जानकारी साझा की गई। इस दौरान शिक्षा के साथ बालिकाओं के स्वास्थ्य पर भी चर्चा की गई। इसके बाद गाँधी फेलो संचिता सरद गडकरे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। पूरे कार्यक्रम का संचालन पंचायत की नागरिक पशुपालन विभाग मे कार्य कर रही प्रतिमा मिंज ने किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मुखिया बसंती लकडा, पूर्व शिक्षक नागेश्वर प्रसाद, प्रतिष्ठित व्यक्ति शिव शंकर जी, आंगनवाड़ी सेविका, पीरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम मैनेजर दीपशिखा कुमारी, स्क्विनोद कुमार, प्रोग्राम लीडर अमित चतुर्वेदी, सीडी टीम से संजय कुमार गाँधी फेलो तनुश्री सरकार, संचिता सरद गडकरे और 50 से ज्यादा ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बरही ग्राम में रविवार को ढोल नगाड़ा बाजा के साथ पूजित अक्षत चावल निमंत्रण वितरण किया जायेगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम के जय मां अम्बे दुर्गा पूजा समिति द्वारा समाजसेवी महावीर प्रसाद की अध्यक्षता में बाजार टांड़ बरही डीपा मे बैठक कस आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से श्री कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी उपस्थित थे। अयोध्या से आया हुआ अक्षत चावल निमंत्रण पत्र वितरण पर चर्चा करते हुए अक्षत निमंत्रण पत्र वितरण का रूप रेखा तैयार किया गया। वही समाजसेवी महावीर प्रसाद ने बताया कि आगामी रविवार को ढोल नगाड़ा बाजा के साथ गाँव और क्षेत्र का भ्रमण कर अयोध्या से आया पूजित अक्षत चावल निमंत्रण का वितरण कर 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने के लिये सभी से आग्रह किया जायेगा। जिसे अपने क्षेत्र के लोग प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेकर साक्षी बनेंगे। साथ ही कहा कि इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन किया जायेगा। साथ ही गांव के अन्य लोगो द्वारा अक्षत निमंत्रण पत्र वितरण के लिये अपना विचार रखा गया। मौके पर नरेश महतो, रजनीकांत महतो, अशोक महतो, उदित महतो, सुनील उराँव, सीताराम महतो, रामलाल महतो, नितेश कुमार, सुनील ठाकुर, अरविंद साहू, प्रवेश महतो, अमर महतो के अलावे अन्य समाजसेवी और एवम अन्य सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

# अंचल से सेवानिवृत रामलाल राम आजसू में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंचल कार्यालय के प्रधान लिपिक रामलाल राम अपनी सेवानिवृत्ति के बाद आजसू पार्टी में शामिल हो गए। आजसू पार्टी लोहरदगा जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि और पूर्व जिला प्रवक्ता दिलीप कुमार साहू ने उनके गले में पार्टी का मफलर डालकर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। रामलाल राम जी को आजसू में शामिल कराने में पार्टी की जिला महिला अध्यक्ष अनीता साहू ने प्रमुख भूमिका निभाईऔर मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। पार्टी की सहर्ष सदस्यता लेते हुए रामलाल राम ने कहा कि मैं अपने सेवा कल से ही आजसू पार्टी के नेतृत्व,नीति और सिद्धांत से काफी प्रभावित रहा हूं। लोहरदगा के पूर्व लोकप्रिय विधायक और झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी से मेरा अच्छा संबंध था। वे हर दिल अजीज तो थे ही क्षेत्र की जनता के साथ उनका अपनापन वाला व्यवहार मुझे हमेशा उनकी ओर आकर्षित करता था। रामलाल राम ने कहा कि पहले से ही यह तय कर लिया था कि सरकारी सेवा से निवृत्ति के बाद मैं भी आजसू पार्टी के साथ जुड़कर क्षेत्र की गरीब जनता की सेवा करने में अपनी भूमिका निभाऊंगा। जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि, पूर्व प्रवक्ता दिलीप कुमार साहू और जिला महिला अध्यक्ष अनीता साहू ने कहा कि रामलाल राम जी जैसे बुद्धिजीवियों का आजसू पार्टी में आना पार्टी के लिए शुभ संकेत है। आने वाले समय में निश्चित रूप से ऐसे बुद्धिजीवियों का पार्टी से जुड़ाव और सुझाव पार्टी के लिए फायदेमंद होगा और पार्टी विजयी झंडा लहराने में कामयाब होगी।

# नाबालिक लड़की को शादी के नियत से भगाने पर आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की को शादी का झांसा देकर भगाने का आरोप लगाते हुए लड़की के परिजनों ने सेन्हा थाना में लिखित शिकायत करते हुए न्याय का गुहार लगया है। विदित हो कि नाबालिक लड़की बीते दिसम्बर माह में शनिवार को अपने घर से स्कूल के लिए निकली थी जो देर शाम तक घर नही लौटी जिस पर परिजन चिंतित हो काफी छानबीन किये उसी दौरान पता चला कि बीफाई उराँव के पुत्र बबलू उराँव नाबालिक लड़की के साथ जाते देखा गया है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार को बताते हुए सकुशल बरामद एवं नियम संगत कारवाई करने का परिजनों ने गुहार लगया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में बबलू उराँव पिता बीफाई उराँव सेन्हा थाना क्षेत्र निवासी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि सेन्हा थाना कांड संख्या 01/24 दर्ज किया गया है।

# चार अधिवक्ताओं को दी जाएगी मध्यस्थ का प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के चार अधिवक्ताओं का चयन झालसा रांची द्वारा आयोजित 40 घंटा के गहन मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हुआ है। इन अधिवक्ताओं का प्रशिक्षण 12 जनवरी से 16 जनवरी,2024 तक विश्वा कांके रोड,रांची में होगा। बताया गया कि झालसा रांची के द्वारा गहन मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 10 मई 2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा को निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके निमित 5 जुलाई को अधिवक्ताओं का इंटरव्यू लिया गया था। चयनित अधिवक्ताओं का पैनल झालसा रांची को आगे की कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई थी जिसमें जिले के चार अधिवक्ता लाल दीपक कुमार, लाल धर्मेंद्र देव, सुरीला देवी और मोमिना खातून का चयन प्रशिक्षण के लिए हुआ। इन अधिवक्ताओं का चयन 10 वर्षो की कार्य अनुभव एवं डालसा मे बेहतर योगदान देने के आधार पर हुआ है। वहीं बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा श्री राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देश पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने चयनित अधिवक्ताओं के साथ बैठक की।

# पूरे संसार में परमपिता परमेश्वर का घर गिरजाघर असीम शांति का प्रतीक : रवेल लकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले के बोलबा प्रखंड के संत योहन गिरजाघर लेताबेड़ा में बुधवार को गिरजा घर आशीष संस्कार कार्यक्रम किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक विक्सल कोनगाडी को आमंत्रित किया गया था परंतु झारखंड कांग्रेस प्रभारी जी ए मीर जी के विशेष बैठक तथा सी एम हाउस में आहुत विधायक दल की बैठक में शामिल होने की वजह से उपस्थित नहीं हो पाए। विधायक के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत ढ़ोल नगाड़ों एवं नाच गान करते हुए स्वागत गीत के साथ किया गया। तत्पश्चात चर्च का आशीष संस्कार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अनुष्ठान पैरिश प्रीस्ट फादर राफ़एल केरकेट्टा के द्वारा किया गया। मौके पर फादर अगुस्टिन डुंगडुंग, फादर शांतिएल समद, फादर कुलदीप कंडुलना, फादर सुमन, फादर ब्रिसीयूस तथा फादर नुआस बिलुंग उपस्थित होकर संस्कार की सभी कार्यो को पूर्ण किया।विभिन्न मंडलियों के द्वारा कार्यक्रम में प्रभु येशु की महिमा गीत की प्रस्तुति की गई। वही मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि अभी हम सभी प्रभु यीसु का घर गिरजाघर का संस्कार उत्सव की तरह मना रहे हैं और नया साल का पर्व भी मना रहे हैं। सभी लोगों को नए गिरजाघर संस्कार की बधाई और नववर्ष की शुभकामनाएं। आज हम सभी लोग यहां पर संत योहन गिरजाघर के संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए है। संत योहन के बारे में बताते हुए रावेल लकड़ा ने कहा कि संत योहन प्रभु येशु के प्रिय शिष्य थे।संत योहन प्रभु के अनेक बातों के साखछि रहे।जिस प्रकार संत योहन प्रभु के वचनों को अपने जीवन में आत्मसात किया उसी प्रकार हम सभी को भी प्रभु के दिये वचनों को अपने जीवन में आत्मसात करना है जिससे कि हमारा जीवन सफल और सुंदर बने। हम सब जानते है कि प्रभु येशु का आगमन हमारे उद्धार के लिए हुआ है और हम सभी को एक दुसरे से प्रेम, शांति और एक दुसरे के सहयोग करने की भावना को बढ़ाने के लिये हुआ है।

# उदय कुमार गुप्ता ने अपनी मां की पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच भोजन व कंबल का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चापि निवासी प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी उदय कुमार गुप्ता के द्वारा अपनी माता जी के पांचवी पुण्यतिथि भक्ति भाव से विधिवत मनाई। इस अवसर पर बुधवार को बड़की चाँपि में अपनी माता स्वर्गीय मानती देवी के पुण्य स्मृति में उदय कुमार गुप्ता के द्वारा बड़की चाँपि पंचायत के बंदुआ, दुबांग, जरियो, छोटकी चाँपि, होटवार, बड़की चाँपि, कुंडगड़ा, चुन्द सहित आस पास के कई गांवों के वृद्धजनों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच 1000 से अधिक कंबल एवं पैकेट में भोजन दी गई ।इस मौके पर पुरोहित अनूप देव पौराणिक के द्वारा विधिवत स्वर्गीय मानती देवी के प्रतिमा पर रामकिशोर गुप्ता अदित्य कुमार गुप्ता, उदय कुमार गुप्ता, जयंती देवी, गीता देवी, संगीता देवी, आरती देवी, मुकेश साहू, संजू साहू, विवेक कुमार गुप्ता, परी कुमारी अरबिंद कुमार, अमन कुमार गुप्ता, अनमोल कुमार गुप्ता, प्रभाकर कुमार, चिकुर कुमारी, बिनोद साहू, दिव्यांश कुमार एवं उनके परिवार जनों के द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित करवाई गई। इस मौके पर उपस्थित लोगो ने पुण्य आत्मा के याद में एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर समाजसेवी सह प्रसिद्ध व्यवसायी उदय कुमार गुप्ता ने कहा कि मेरी मां बहुत ही मृदुभाषी, व्यवहार कुशल एवं मिलनसार थे।

# मनोकामना सिद्ध भोलेनाथ मंदिर मे मक्कर संक्रांति को मेला आयोजन को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 03 जनवरी बुधवार को प्रखंड के खरता अखड़ा में ग्राम प्रधान जयमंगल मुंडा की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर आगामी 14 जनवरी को खरता-हनहट दक्षिणि कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में सुबह में पूजा अर्चना के बाद दिन भर मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय हर्षोल्लास के साथ लिया गया। साथ ही आने वाले भक्तों व दर्शकों के लिए भंडारा सहित अन्य कई तरह के आयोजन को लेकर चर्चा व सहमति बनी। बैठक में मुख्य रूप से मौजूद सांसद प्रतिनिधि सह मेला समिति के प्रारंभिक सहयोगी सह समिति के सचिव लखन उरांव ने कहा कि सैकड़ो वर्षो से मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ स्थान में पूजा अर्चना व अपनी मनोकामना पूर्ती के लिए पूजा अर्चना व मेला का आयोजन होता रहा है, किन्तु 32 वर्षो से मेला का आयोजन बंद था जिसके बाद पंचायती चुनाव के साथ ही 2010 में जिला स्तरीय बैठक के बाद पुनः मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सुरु हुआ जो निरंतर चल रहा है जिसमें पूरे गांव सहित अगल बगल के ग्रामीणों का सहयोग मिलता रहा है। और इस बार भी धूमधाम के साथ मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें सुबह में पूजा अर्चना के बाद मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा व भंडारा का भी व्यवस्था किया जाएगा। मेला में स्थानिए जनप्रतिनिधियों के अलावे प्रखंड, जिला व राज्य स्तर के कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी व गण्यमान लोगों के अलावे भक्त व दर्शक मौजूद होंगे। बैठक में उपस्थित दर्जनों ग्रामीणों ने मेला को भव्य व शांति पूर्वक आयोजित करने के लिए अपना अपना विचार रखा। बैठक में बजरंगी यादव, बरतु साहू, मंटू तिवारी, बीरबल महली, सोमनाथ महली, सुरेश साहू, बन्धु उरांव, जगेश्वर टाना भगत, बासुदेव टाना भगत, फगुवा टाना भगत

## चलते चलते एक नजर

### नमामि गंगे के सदस्यों ने किया श्रमदान



**वाराणसी:** गंगा पार रेती में नया साल मनाने के बाद लोगों ने रेती में ही खाद्य सामग्रियों के पैकेट व अन्य कूड़ा करकट छोड़ दिए। बुधवार को नमामि गंगे के कार्यकर्ताओं ने गंगा पार रेती में जाकर स्वच्छता की अलख जगाते हुए बिखरे कचरे की सफाई की। बारिश और कोहरे के बीच कार्यकर्ताओं ने कूड़े को एकत्रित किया ताकि कूड़ा गंगा में बहने न पाए।कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान के बाद मां गंगा की आरती उतारी। इस दौरान नमामि गंगे के काशी क्षेत्र संयोजक राजेश शुक्ला ने जन जागरण करते हुए कहा कि गंगा रोजाना करोड़ों को रोजगार प्रदान करती हैं। गंगा पूरे भारत की 28 फीसद जल संसाधनों की पूर्ति करती हैं। गंगा का बेसिन क्षेत्र भारत की 56फीसदी कृषि योग्य भूमि को उर्वरक बनाता है। लोगों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि हम गंगा पार सपरिवार पिकनिक मनाने आते हैं, मौज मस्ती करते हैं, खाद्य सामग्री ग्रहण करते हैं लेकिन बचे हुए कूड़ों को वहीं छोड़ कर चले जाते हैं। गंगा पार गंदगी का अंबार लग जाता है। पॉलिथीन व अन्य सामग्रियां धीरे-धीरे गंगा में मिल जाती हैं। हमें गंगा में कूड़ा करकट जाने से रोकना होगा। स्वच्छता अभियान में गिनीज बुक रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाली कथक नृत्यांगना सोनी चौरसिया ने भी भागीदारी की।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को लिखा पत्र

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को पत्र लिखा है। उन्होंने राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति से राज्यपाल को अवगत कराया है। पत्र में लिखा है कि हाल ही में झारखंड विधानसभा के एक सदस्य सरफराज अहमद का गांडेय से इस्तीफा देना और स्पीकर द्वारा इसे स्वीकार करना, राज्य के लिए संवैधानिक संकट का कारण बनेगा। मरांडी ने विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों का हवाला देते हुए लिखा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस्तीफा दे सकते हैं और एक गैर-विधायक को झामुमो विधायक दल के नेता के रूप में चुना जाएगा। वह गठबंधन का नेता होगा और राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश करेगा। बाबूलाल ने कहा है कि यह दावा पूरी तरह से असंवैधानिक और गैरकानूनी दावा होगा। इस प्रकार का प्रस्ताव यदि कोई है, तो यह झारखंड राज्य में संवैधानिक संकट लाने के अलावा और कुछ नहीं है।

# हाई कोर्ट ने साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में अनुसंधानकर्ता को लगाई फटकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले में अनुसंधानकर्ता को कड़ी फटकार लगायी। कोर्ट ने कहा कि जब विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला, रांची से बरामद बच्चे की डीएनए रिपोर्ट 12 दिसंबर को प्राप्त हो चुकी थी, जिसमें इस बात की पुष्टि हो गई थी कि पुलिस द्वारा बरामद किये गये बच्चे का डीएनए पिता से मैच नहीं किया है यानी वह बायोलॉजिकल पुत्र नहीं है, तो फिर लापता दोनों बच्चों को खोजने की कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। कोर्ट ने अगली सुनवाई में भी अनुसंधानकर्ता को फिर से सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जस्टिस एसएन प्रसाद की कोर्ट ने बुधवार को अनुसंधानकर्ता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि तीन सप्ताह में लापता बच्चों को ढूंढा जाये अन्यथा साहिबगंज एसपी को कोर्ट के समक्ष का सशरीर उपस्थित होना होगा। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्युष लाला एवं अधिवक्ता दीपक साहू ने पक्ष रखा। विधि विज्ञान निदेशालय, रांची के




डिप्टी डायरेक्टर बृज कुमार ठाकुर ने हाई कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कोर्ट ने 8 नवंबर, 2023 को विधि विज्ञान निदेशालय से बरामद बच्चे एवं उसके पिता की डीएनए रिपोर्ट मांगी थी। डीएनए रिपोर्ट में बरामद बच्चे और उसके पिता का डीएनए मैच नहीं हुआ है, जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि वह बरामद लड़का पिता का बायोलॉजिकल पुत्र नहीं है। खंडपीठ ने पूर्व की सुनवाई में दो गुमशुदा बच्चों में से पुलिस द्वारा बरामद किये गये एक बच्चे के डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट डायरेक्टर फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री, रांची से मांगी थी।

### मनरेगा पर सफेद झूठ बोल रही हैं साध्वी निरंजन ज्योति : महुआ

कोलकाता : संसद सदस्यता से बर्खास्त तृणमूल कांग्रेस नेत्री महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के इस दावे को सिरे से गलत बताया कि केंद्र सरकार मनरेगा के तहत पश्चिम बंगाल को देय धनराशि का लगातार भुगतान कर रही है। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने बुधवार को दावा किया कि केंद्र सरकार गत नौ साल से मनरेगा के तहत पश्चिम बंगाल को देय धनराशि का लगातार भुगतान कर रही है लेकिन राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की रुचि जनता के कल्याण में नहीं है। महुआ मोइत्रा ने कहा कि साध्वी निरंजन ज्योति सफेद झूठ बोल रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से पश्चिम बंगाल की बकाया धनराशि यथाशीघ्र जारी करने की मांग की।

## उप विकास आयुक्त ने दिया एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो को नियुक्ति पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भारत सरकार के मिशन डायरेक्टर एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट एन्ड ब्लॉक प्रोग्राम नीति आयोग के अंतर्गत गढ़वा जिले के आकांक्षी प्रखंड मंझिआंव के लिए एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो का चयन प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए एकल पद पर कुंदन कुमार मेहता, पिता-प्रह्लाद मेहता, का चयन किया गया है। प्राप्त सूचना के अनुसार उन्होंने चयन प्रक्रिया के तहत सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किया है। कुंदन कुमार का चयन गढ़वा जिले के आकांक्षी प्रखंड मंझिआंव के लिए होने पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो कुंदन कुमार प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ मिलकर विभिन्न इंडीकेटर्स, जिनमे प्रखंड के प्रगति कार्य पीछे है, उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। साथ ही नीति आयोग की विभिन्न एक्टिविटीज के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए कार्य करेंगे एवं मंझिआंव प्रखंड को एक मॉडल प्रखंड बनाने में सहयोग करेंगे। यह पद एक वर्ष के लिए मान्य है, जो पूर्णतः अस्थाई है। जिनका कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर तत्काल हटाया जा सकता है।

## विदेश मंत्री जयशंकर आज से दो दिवसीय नेपाल दौरे पर

**एजेंसी**

**काठमांडू :** भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के उद्देश्य से 04 एवं 05 जनवरी को नेपाल के दौरे पर आएंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच तीन नए ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन किया जाएगा। नेपाल के विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की बैठक में सहभागी होने के लिए भारतीय विदेश मंत्री 04 जनवरी को काठमांडू पहुंचेंगे। इस बैठक के बाद दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौता किया जाएगा। इसके तहत भारत अगले 10 सालों में 10 हजार मेगावाट बिजली की खरीद करेगा। इसके अलावा सभी द्विपक्षीय मुद्दों पर भी



दोनों विदेश मंत्रियों की बैठक में चर्चा होगी। चार जनवरी को ही भारतीय विदेश मंत्री नवनिर्मित 132 केवीए के तीन प्रसारण लाइन का उद्घाटन करेंगे। इनमें बिहार से लगी रक्सौल-परवानीपुर, कुशहा-कटैया और उत्तर प्रदेश के नौतनवा-मैनहवां ट्रांसमिशन लाइन शामिल हैं। यह ट्रांसमिशन लाइन भारत के सहयोग से निर्मित हुआ है। इसी तरह भारत सरकार के सहयोग से काठमांडू स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय में निर्मित केंद्रीय पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया जाएगा।

# ज्ञान निकेतन, आरकेपीएस, बालिका विद्यालय व शांति निवास ने जीते मैच

*** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता बालिका वर्ग**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गोबिंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग लीग मैच में बुधवार को ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम जीपीएस सेंट्रल स्कूल को 10 विकेट से, आरके पब्लिक स्कूल ने ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल रेहला को आठ विकेट से, शांति निवास हाई स्कूल ने आरकेपीएस को नौ विकेट से, बालिका उच्च विद्यालय ने रामा साहू हाई स्कूल को दस विकेट से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। पहले मैच में जेपीएस सेंट्रल स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए



32 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन ने बिना विकेट खोए जीत दर्ज कर ली। दुसरे मैच में ज्ञान भारती बेलचपा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट खोकर कर 43 रन ही बना सकी।

जवाबी पारी खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल ने दो विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। तीसरे मैच में रामा साहू उच्च विद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में आठ विकेट खोकर 51 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी बालिका उच्च विद्यालय की टीम बिना विकेट खोए जीत दर्ज कर लिया। चौथे मैच में शांति निवास की टीम ने टॉस जीतकर आरके पब्लिक स्कूल को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। टीम 33 रन ही बना पाई। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम ने अनन्या के 18 रनो की बदौलत एक विकेट खोकर जीत दर्ज कर लिया। पांचवे मैच में ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा की टीम ने एक विकेट खोकर 69 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी बालिका उच्च विद्यालय की टीम 51 रनो पर ही सिमट गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन बेलचंपा के सुहानी सिंह, सिमरन, आरके पब्लिक स्कूल के कशिश कुमारी, बालिका उच्च विद्यालय के लक्ष्मी कुमारी और शांति निवास के अनन्या को समाजसेवी आनंद दुबे, प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना, धनंजय सिंह आदि के द्वारा दिया गया। इस मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद दिनेश कुमार, अभिषेक द्विवेदी, अभय कुमार, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, रणजीत तिवारी मनीष, धीरज, प्रिंस खान प्रिंस दुबे आदि उपस्थित थे।

### कोहरे से ट्रेन यात्रा नहीं होगी प्रभावित, लोको पॉयलट होंगे फॉग डिवाइस से लैस

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने कोहरे के दौरान सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए 19,742 जीपीएस आधारित पोर्टेबल फॉग पास डिवाइस उपलब्ध कराए हैं। फॉग पास एक जीपीएस आधारित नेविगेशन डिवाइस है, जो लोको पायलट को घने कोहरे की स्थिति में ट्रेन चलाने में मदद करता है। रेल मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मध्य रेलवे में 560, पूर्वी रेलवे में 1103, पूर्व मध्य रेलवे में 1891, पूर्वी तटीय रेलवे में 375, उत्तर रेलवे में 4491, उत्तर मध्य रेलवे में 1289, पूर्वोत्तर रेलवे में 1762, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में 1101, उत्तर पश्चिम रेलवे में 992, दक्षिण मध्य रेलवे में 1120, दक्षिण पूर्व रेलवे में 2955, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 997, दक्षिण पश्चिम रेलवे में 60 और पश्चिम मध्य रेलवे में 1046 फॉग पास डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं।

## यूजीसी ने विवि को लिखा पत्र, कहा- छात्रों को नशीली दवाओं के सेवन के खिलाफ शपथ दिलाएं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और संस्थानों के प्राचार्यों को पत्र लिखकर अपने छात्रों को नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ शपथ दिलाने को कहा है।

यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने पत्र में लिखा है कि यह स्पष्ट है कि छात्र और युवा विशेष रूप से मादक पदार्थों के उपयोग के खतरे के प्रति संवेदनशील हैं, इस प्रकार वे इस अभियान के लिए प्राथमिक हितधारक बन गए हैं।

एचईआई अपने संकाय, एनएसएस स्वयंसेवकों और छात्र क्लबों आदि के माध्यम से मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम पर नियमित हस्तक्षेप और गतिविधियों के माध्यम से परिसर और अन्य संभावित आसपास के स्थानों को संवेदनशील बनाने के लिए संस्थागत स्तर पर कार्रवाई कर सकते हैं।

आठवीं पुण्यतिथि

न जायते म्रियते वा कदाचि, नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो, न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।



स्व0 कौशल किशोर सिंह
जन्म : 28 जून1947 । स्वर्गवास : 4 जनवरी 2016
पंचभूत में विलीन हुए, त्याग दिया यह नश्वर शरीर।
यादें ही हैं अब शेष मन में, नमन करें हम धारण धरें धीर।।
आज ही के दिन आठ वर्ष पूर्व आप हम सबों से सदा के लिए विदा हो गए। जीवन के हर पल हम आपकी कमी महसूस करते हैं। हम सभी अश्रुपूरित नयनों से आपको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

विनीत : विकाश सिंह
के0 के0 बिल्डर्स प्रा0 लि0
के0 के0 आवास प्रा0 लि0
27, न्यु काली माटी रोड
साकची, जमशेदपुर

श्रद्धावनत् :
उर्मिला सिंह (पत्नी), रश्मि सिंह (पुत्र वधु)
आर्या वत्स (पौत्र), अग्रिमा वत्स (पौत्री)
उषा सिंह एवं चन्द्र रश्मि रंजन
निशा सिंह एवं संतोष कुमार
अनिता सिंह एवं आर. के. कुँवर
रेखा सिंह एवं अविनाश कुमार
श्वेता सिंह एवं शत्रुघ्न सिन्हा
अंकिता सिंह एवं कौशल शुभांक
एवं समस्त सिंह परिवार सह कर्मचारीगण

# भ्रष्टाचार के माहिर खिलाड़ी हैं सीएम अरविंद केजरीवाल : भाजपा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय के समन के बावजूद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हाजिर नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी उन पर हमलावर है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कट्टर बेईमान अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के माहिर खिलाड़ी हैं। वे जो कभी कहते थे कि भारत से भ्रष्टाचार मिटाना है, अब इतने भ्रष्ट व्यक्ति बन गए हैं कि सोचने लगे हैं कि वे अब कानून से ऊपर है। अरविंद केजरीवाल घबराए हुए हैं और कह रहे हैं लागा चुनरी में दाग छुपाऊं कैसे, क्या है भ्रष्टाचार ईडी के पास जाऊं कैसे।गौरव भाटिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अच्छी तरह से जानते हैं कि वे भ्रष्टाचार में जेल जाएंगे। इसलिए समन से भाग रहे हैं लेकिन कोई भी देश के कानून से ऊपर नहीं हैं। उन्हें देश के कानून पर विश्वास नहीं है। वे भ्रष्टाचार के माहिर खिलाड़ी हैं। नौटंकी है फुल जबावदेही है गुल। फिलहाल, जिसने भी भ्रष्टाचार किया है वो जेल जाएगा। उन्होंने कहा कि आज साढ़े दस महीने हो गए दिल्ली के उपमुख्यमंत्री को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत नहीं दी। तीन महीने हो गए संजय सिंह को कोर्ट ने जमानत नहीं दी। यह दोनों तो कठपुतली हैं, इन्हें अरविंद केजरीवाल चला रहे हैं। किंगपिन है केजरीवाल। उन्होंने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन भ्रष्टाचार का पर्याय है। हेमंत सोरेन हों या अरविंद केजरीवाल दोनों भ्रष्टाचार करने में नहीं घबराते हैं लेकिन जांच एजेसियों के पास जाने से घबराते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 5 राज्यों में चुनाव हैं, इसलिए वे ईडी के सामने पेश नहीं हो सकते । क्योंकि वे एक स्टार प्रचारक हैं जबकि डेटा कहता है कि आम आदमी पार्टी को मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नोटा से भी कम वोट मिले हैं।

### शिशु पंजीकरण के कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों एवं पदाधिकारियों पर गिरेगी गाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** समग्र शिक्षा के तहत आउट ऑफ स्कूल एवं ड्रॉप आउट बच्चों के लिए शिशु पंजीकरण अद्यतन कार्यों की समीक्षा के लिए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी के निर्देशानुसार राज्य के 24 जिलों के लिए राज्यस्तरीय टीम का गठन किया गया है। हर जिले में सात जनवरी, तक भ्रमण कर अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों को शिशु पंजीकरण कार्यों की समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इस समीक्षा के दौरान पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों) के क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक ने अनुश्रवण दलों में शामिल पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा है कि ऐसे शिक्षक, शिक्षा पदाधिकारी या विद्यालय के अधिकारी जो शिशु पंजीकरण कार्यों में लापरवाही बरत रहे है, उन्हें चिन्हित कर विभागीय कार्रवाई के लिए अनुशंसा करे। समीक्षा के दौरान यदि स्कूलों के द्वारा दिए गए आंकड़ों में किसी तरह की गड़बड़ी पायी जाती है, तो इसकी सूचना तत्काल उपलब्ध कराये। उन्होंने प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के कामकाज की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया। साथ ही अनुश्रवण पदाधिकारियों को जिलों के भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए पीवीटीजी बहुल गांवों के निरीक्षण का निर्देश भी दिया गया है।

**शिशु पंजीकरण गैर शैक्षणिक नहीं, कोर शैक्षणिक कार्य है:** अनुश्रवण दलों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक ने कहा कि ऐसे कई विद्यालय है, जिनके शिक्षक अपने पोषक क्षेत्रों में घर घर जाकर शिशु पंजीकरण के कार्यों को गैर शैक्षणिक कार्य मानकर नहीं करते। यह गलत है। शिशु पंजीकरण गैर शैक्षणिक नहीं, बल्कि मुख्य शैक्षणिक कार्य है। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए ऐसे स्कूलों के शिक्षकों को चिन्हित कर कार्रवाई की अनुशंसा का निर्देश दिया है।